RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 31
नई दिल्ली, शनिवार, 3 दिसम्बर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com




ब्रावो चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी कोच बने
स्पोर्ट्स-12

# पूर्व डीजीपी समेत चार लोगों की अग्रिम जमानत का आदेश रद्द

## इसरो जासूसीः सुप्रीम कोर्ट ने मामले को उच्च न्यायालय को वापस भेजा

**पायनियर ससमाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 1994 के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जासूसी मामले में वैज्ञानिक नंबी नारायणन को कथित रूप से फंसाने के एक मामले में एक पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित चार व्यक्तियों को अग्रिम जमानत प्रदान करने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने मामले को उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया और उसे इस मुद्दे पर चार सप्ताह के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, ए सभी अपीलें स्वीकार की जाती हैं। उच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत प्रदान करने वाला आदेश रद्द किया जाता है। सभी मामलों को उच्च न्यायालय को वापस भेजा जाता है ताकि वह उनके गुणदोष के आधार पर नए सिरे से फैसला कर सके। इस अदालत ने किसी भी पक्ष के लिए गुणदोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पीठ ने कहा, अंततः उच्च न्यायालय को आदेश पारित करना है। हम उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि वह अग्रिम जमानत याचिकाओं पर जल्द, अच्छा हो कि इस आदेश की तारीख से चार सप्ताह के भीतर फैसला करे। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को जमानत याचिकाओं को आज से एक सप्ताह के भीतर संबंधित पीठ के समक्ष अधिसूचित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, तब तक एक अंतरिम व्यवस्था के तहत और अधिकारों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, यह निर्देश दिया जाता है कि पांच सप्ताह की अवधि के लिए और उच्च न्यायालय द्वारा जमानत अर्जियों पर अंतिम फैसला किए जाने तक प्रतिवादियों को गिरफ्तार नहीं किया जाए, जो कि जांच में सहयोग के अधीन होगा। यह फैसला गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर बी श्रीकुमार, केरल के दो पूर्व पुलिस अधिकारियों एस विजयन और टी. एस. दुर्गा दत्त और एक सेवानिवृत्त खुफिया अधिकारी पी एस जयप्रकाश को जमानत देने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर आया। श्रीकुमार उस समय गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) के उप निदेशक थे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में दायर सीबीआई की याचिका पर पिछले साल नवंबर में नोटिस जारी किया था। जांच एजेंसी ने कहा था कि उसकी जांच में यह बात सामने आई कि कुछ वैज्ञानिकों को इस मामले में प्रताड़ित किया गया और फंसाया गया, जिसकी वजह से क्रायोजेनिक इंजन का विकास प्रभावित हुआ तथा भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम लगभग एक या दो दशक पीछे चला गया। सीबीआई ने पहले आरोप लगाया था कि इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि आरोपी उस टीम का हिस्सा थे, जिसका मकसद क्रायोजेनिक इंजन के निर्माण के लिए इसरो के प्रयासों को बाधित करना था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 13 अगस्त को इन चार आरोपियों को अग्रिम जमानत देते हुए कहा था, क्रायोजेनिक इंजन के विकास के संबंध में इसरो की गतिविधियों को बाधित करने के इरादे से, इसरो के वैज्ञानिकों को झूठा फंसाने की साजिश रचने के लिए प्रेरित करने के संबंध में याचिकाकर्ताओं के किसी विदेशी शक्ति से प्रभावित होने के बारे में अंश मात्र भी सबूत नहीं है।

# निगम के लिए प्रचार थमा, मतदान कल

## एकीकरण के बाद हो रहा पहला चुनाव, मतगगणना 7 दिसंबर को होगी

### ● अंतिम दिन आप भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों ने झोंकी पूरी ताकत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ल



**दिल्ली** के सबसे हाई-प्रोफाइल नगर निग (एमसीडी) चुनाव के लिए प्रचार शुक्रवार शाम को थम गया। तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों आप, भाजपा और कांग्रेस ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए अंतिम दिन अपने दिग्गज मैदान में उतार दिए। मैदान में कुल 1,461 उम्मीदवार हैं। मतदान चार दिसंबर और मतगणना सात दिसंबर को होगी। तीनों निगमों के विलय के बाद यह पहला चुनाव है और दिल्ली में वार्डों को फिर से 272 से घटाकर 250 कर दिया गया है।

स्थानीय निकाय का यह चुनाव पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्व%छता, अतिक्रमण और सड़कों की मरम्मत जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। प्रचार के आखिरी दिन भाजपा करीब 210 कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं तक पहुंची। पार्टी के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी समेत उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों व उपमुख्यमंत्रियों ने भी वोट मांगे। योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, केशव प्रसाद मौर्य आदि ने राजधानी के कई क्षेत्रों में रोड शो, जनसभाएं और पदयात्राएं की।

चौथी बार निगम की सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा ने कुल 1024 सुनियोजित कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें वरिष्ठ नेताओं के 241 विजय संकल्प रोड शो, 574 जनसभाएं और 209 जनसंपर्क अभियान सभाएं शामिल हैं। सभी वार्डों में लगभग 2000 बैठकें भी आयोजित की गईं। दूसरी ओर, आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और उनके डिप्टी मनीष सिसोदिया ने 400 से अधिक व्यापारियों के साथ पिछले वर्षों में उनके सामने आईं समस्याओं पर चर्चा की। सिसोदिया ने दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम के यग प्रशिक्षकों से भी बातचीत की।

नगर निगम चुनाव की तारीख तय होने के बाद से आप ने राजधानी के विभिन्न इलाकों में लगभग 1000 जनसभाएं आयोजित कीं। उनके आक्रामक अभियान के लिए केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल का पार्षद जैसा आकर्षक नारा गढ़ा गया था। इसके अलावा पार्टी के स्टार प्रचारक सांसद राघव चड्ढा, गोपाल राय, आतिशी, हरभजन सिंह आदि ने भी अनेक सभाएं, बैठकें आयोजित कर वोट मागे।

कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व सांसद अजय कुमार, कृष्णा तीरथ, उदित राज, रमेश कुमार और सुभाष चोपड़ा सहित सभी स्टार प्रचारकों के साथ अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। कांग्रेस शहर में शीला दीक्षित सरकार द्वारा किए गए विकास की पीठ पर सवार है और लोगों को शहर को स्व%छ बनाने, हर घर में आरओ उपलब्ध कराने और करीब नागरिकों को डे बोर्डिंग स्कूल की सुविधा देने का वादा कर रही है। भाजपा के स्टार प्रचारकों पर टिप्पणी करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भगवा पार्टी को हारने का इतना डर है कि उन्होंने इतने बड़े-बड़े नेताओं को मेरे जैसे आम आदमी पर हमला करने के लिए बुलाया है। आप ने दावा किया है कि वे लगगभग 230 सीटें जीतेंगे, जबकि भगवा पार्टी 180 से अधिक सीटें हासिल करने का दावा कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि वह इस बार एमसीडी में बहुमत के साथ अपना मेयर बनाएगी।

चुनाव अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के बड़े कार्यबल ने दिल्ली भर में फैले 13638 मतदान केंद्रों पर चुनाव कराने के लिए आवश्यक तैयारी कर ली है। राजधानी के 68 आदर्श मतदान केंद्र और 68 गुलाबी मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। चुनाव आयुक्त विजय देव ने कहा कि सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# चलती ट्रेन में खिड़की का शीशा तोड़कर लोहे की छड़ यात्री की गर्दन में घुसी, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** अलीगढ़ा/नई दिल्ली

**अलीगढ़** से करीब 35 किलोमीटर पहले शुक्रवार को दनवर सोमना इलाके में नई दिल्ली से पुरी जा रही नीलांचल एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे की खिड़की को तोड़कर एक लोहे की छड़ एक यात्री की गर्दन में घुस गई जिससे उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उनके अनुसार, यह पता नहीं चल पाया है कि चलती ट्रेन में लोहे की छड़ खिड़की तोड़कर कैसे डिब्बे के अंदर घुस गई। बताया जाता है कि घटना के समय पटरियों पर कुछ काम चल रहा था। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने पीटीआई-भाषा को बताया, दिल्ली से चली नीलांचल एक्सप्रेस (12876) ट्रेन शुक्रवार की सुबह करीब पौने नौ बजे दनवर सोमना इलाके से गुजर रही थी, तभी एक लोहे की छड़ खिड़की का शीशा तोड़कर सामान्य डिब्बे में खिड़की के पास बैठे हरिकेश कुमार दुबे (34) की गर्दन में जा घुसी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ट्रेन के स्टाफ ने तुरंत इसकी सूचना करीब 35 किलोमीटर दूर अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के अधिकारियों को दी। उन्होंने बताया कि ट्रेन के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर रेल कर्मचारी दुबे को उतारकर तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके अनुसार मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना पर रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच जीआरपी और सीआरपीएफ को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि दुबे सुल्तानपुर का रहने वाला था और घटना की बाबत उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात की भी जांच की जा रही हैं कि चलती ट्रेन में लोहे की छड़ खिड़की तोड़कर कैसे डिब्बे के अंदर घुस गई। नई दिल्ली में रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना सुबह करीब पौने नौ बजे हुई।

# अमेरिका ने भी युद्ध अभ्यास पर चीनी विरोध को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** ने शुक्रवार को भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर चीनी विरोध को खारिज करते हुए भारत जैसे ही विचार व्यक्त किए। उत्तराखंड में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चल रहे इस अभ्यास पर चीनी आपत्ति को खारिज करते हुए अमेरिका ने कहा कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। एक दिन पहले भारत ने भी चीनी विरोध को कड़े शब्दों में खारिज कर दिया था।नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की नवनियुक्त प्रभारी, राजदूत एलिजाबेथ जोंस ने कहा कि वाशिंगटन का हित नई दिल्ली के प्रयासों में सहयाोग करने में है, ताकि भारत अधिक सक्षम देश बन सके। जोंस ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत-अमेरिका संबंध अमेरिका के लिए सर्वाधिक अहम संबंधों में से एक हैं और वाशिंगटन दोनों पक्षों के बीच रक्षा तकनीक और जलवायु परिवर्तन समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राकृतिक साझेदारी की संभावनाएं देखता है।

# लोकतंत्र पर हमें क्या करना है बताने की जरूरत नहीं: भारत

**पायनियर समाचार सेवा, एजेंसी।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

**भारत** द्वारा दिसंबर महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के एक दिन बाद संयुक्त राष्ट्र में देश की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने कहा कि हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि लोकतंत्र को लेकर उसे क्या करना है। एक महीने के दौरान भारत आतंकवाद के मुकाबले सहित अन्य विषयों पर कार्यक्रमों की मेजबानी करें卐।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहली महिला स्थाई प्रतिनिधि कंबोज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठें卐। उन्होंने सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष के तौर पर पहले दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मासिक कार्यक्रमों के संबंध में पत्रकारों को संबोधित किया।

भारत में लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि लोकतंत्र पर क्या करना है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत शायद दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें 2500 साल पहले से थीं, हम हमेशा से लोकतंत्र थे। हाल के दिनों में हमारे यहां लोकतंत्र के सभी स्तंभ- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और चौथा स्तंभ, प्रेस बरकरार हैं। साथ ही एक बहुत जीवंत सोशल मीडिया भी है। इसलिए भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

कंबोज ने कहा कि हर पांच साल पर हम दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद करते हैं। हर कोई अपनी इ%छा के अनुसार बोलने के लिए स्वतंत्र है और हमारा देश इसी तरह काम करता है। देश तेजी से सुधार कर रहा है, परिवर्तन कर रहा है। आ卐 बढ़ने की 卐ति बहुत प्रभावशाली रही है। मुझे यह कहने की जरूरत नहीं है और आपको केवल मेरी बात पर यकीन नहीं करना है। अन्य लो卐 यह बात कह रहे हैं।

# कैप्टन, जाखड़ व शेरगिल को भाजपा ने दी बड़ी जिम्मेदारी

### ● संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 14 को महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे जयशंकर गुतारेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ल



**भारतीय** जनता पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए दिगज नेताओं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ एवं पार्टी के प्रवक्ता रहे जयवीर शेरगिल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कैप्टन और जाखड़ को जहां भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है, वहीं शेरगिल को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

भाजपा की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष रहे मदन कौशिक, पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई के पूर्व अध्यक्ष विष्णुदेव साय और भाजपा की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन कालिया को राष्ट्रीय कार्यसमिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।पंजाब के ही राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी और अमनजोत कौर रामूवालिया को भी राष्ट्रीय कार्यसमिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इन संगठनात्मक नियुक्तियों में पंजाब पर खासा जोर दिया गया है। ज्ञात हो कि कैप्टन अमरिंदर सिंह इसी साल सितंबर महीने में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने अपनी नवगठित पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) का भाजपा में विलय भी कर दिया था।भाजपा ने पीएलसी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा की अगुवाई वाले शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन में पंजाब विधानसभा का पिछला चुनाव लड़ा था। हालांकि, पीएलसी का एक भी उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर पाया था और खुद सिंह को भी अपने गढ़ पटियाला शहर से शिकस्त मिली थी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य हैं।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,868 | ↓ | 416 | |
| निफ्टी | 18,696 | ↑ | 116 | |
| सोना | 54,195 | ↑ | 473 | /10g |
| चांदी | 66,064 | ↑ | 1216 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई ने किया आत्मसमर्पण

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इरफान सोलंकी और उनके छोटे भाई ने एक महिला के घर में तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में शुक्रवार सुबह को यहां पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में अदालत ने दोनों भाइयों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इरफान सोलंकी, उनके छोटे भाई रिजवान सोलंकी तथा उनके कई समर्थकों के खिलाफ आठ नवंबर को जमीन पर कब्जे के विवाद में नजीर फातिमा के घर में तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। तब से पुलिस उन्हें तलाश रही थी।

# एम्स पर साइबर हमला बड़ा षड्यंत्र

## किसी देश के संलिप्त होने से भी इनकार नहीं, जांच में जुटी एजेंसियां : राजीव चंद्रशेखर

### ● देश के सबसे बड़े अस्पताल में सेवाएं अभी भी बाधित, मरीजों की लंबी कतारें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** के शीर्ष अस्पतालों में शुमार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पर हुआ साइबर हमला सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक षड्यंत्र है। इसमें किसी देश की सरकार भी संलिप्त हो सकती है। यह बात केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कही। एम्स में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से सर्वर डाउन है। लगभग सभी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इससे मरीजों के साथ-साथ डॉक्टरों और अन्य स्टाफ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर काउंटर पर लंबी-लंबी लाइनें हैं। व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने इलेक्टॉनिक निकतेन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। मैंने इस बारे में ज्यादा पड़ताल नहीं की है, लेकिन भारतीय कम्प्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रैंसमवेयर हमले काफी अत्याधुनिक तरीके से किए जा रहे हैं। इसके पीछे स्टेट एक्टर (किसी देश की सरकार) या बड़े संगठित गिरोह भी हो सकते हैं। इसे सामान्य घटना नहीं समझा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर यह एक षड्यंत्र है। इसके पीछे जरूर कोई ताकत है।

बीते एक सप्ताह से एम्स का सर्वर प्रभावित है। इस वजह से वहां बाह्य रोगी, भर्ती रागी और प्रयोगशाला सहित सभी सेवाओं को कागजी रूप से प्रदान किया जा रहा है। रैंसमवेयर हमले के कारण कंप्यूटर तक पहुंच बाधित हो जाती है।डिजिटल इकोसिस्टम में निजी डेटा के दुरुपयोग को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार प्रस्तावित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक-2022 के जरिए इस पर लगाम कसने की तैयारी कर रही है।उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित कानून को लेकर सभी हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। डेटा उल्लंघन से जुड़े मामलों में आरोप साबित होने पर दोषियों पर 500 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जुर्माने की राशि के बारे में फैसला प्रस्तावित डेटा संरक्षण बोर्ड करगगा।

यह पूछे जाने पर कि डेटा की निजता के उल्लंघन के मामलों में क्या यह जुर्माना सरकारी एजेंसियों पर लागू हागा, चंद्रशेखर ने कहा कि निजी डेटा का दुरुपयोग आज के दिन डिजिटल इकोसिस्टम में सबसे बड़ा खतरा है। इसमें बड़ी प्रौद्योगिकी और निजी कंपनियां शामिल हैं। लोग डेटा लेते हैं और उसे बेचकर गड़बड़ी करने की भी कोशिश करते हैं। यदि सरकार के पास डेटा है, सरकार भी ना卐रिकों की निजता का उल्लंघन नहीं कर सकेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि सरकार आगामी बजट सत्र में संसद में यह विधेयक लेकर आए।

# अश्लील चैट के जरिए अमेरिकी प्रोफेसर से वसूले 48,000 डॉलर

### दिल्ली का रहने वाला व्यक्ति गिरफ्तार, उसकी महिला मित्र फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित अश्लील वीडियो चैट सार्वजनिक करने की धमकी देकर अमेरिका के कैलिफॉर्निया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर से 48,000 अमेरिकी डॉलर ऐंठ लिए। इस संबंध में राजधानी दिल्ली के असोला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से मिली जानकारी के आधार पर दिल्ली के असोला के निवासी को पकड़ा, जबकि फेसबुक चैट पर अश्लील वीडियो भेजकर प्रोफेसर को फंसाने की आरोपी उसकी महिला मित्र की तलाश की जारी है।उन्होंने कहा कि फेसबुक पर चैटिंग के दौरान लड़की की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर से दोस्ती हो गई। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद राहुल कुमार की कथित साथी उस लड़की ने साजिश के तहत प्रोफेसर से बातचीत यौन अश्लीलता की ओर मोड़ दी। इसके बाद उसने 10 सितंबर 2021 को प्रोफेसर से अपना अश्लील वीडियो बनाकर भेजने के लिए कहा।उन्होंने कहा कि जब लड़की को अश्लील वीडियो मिल गया तो उसने प्रोफेसर से कहा कि उसके पुरुष मित्र ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया है। इसके बाद लड़की और उसका पुरुष मित्र प्रोफेसर को धमकी देने लगे कि वे उसका वीडियो विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कुछ जाने-माने अमेरिकी पत्रकारों को भेज देंगे। अधिकारियों ने कहा कि वे एक साल से अधिक समय तक धमकियां देते रहे। इस दौरान राहुल के पेपल ऐप अकाउंट में कई बार पैसे भेजेगए।

# डाटा सेंटर व मेडिकल डिवाइस पार्क को मिली मंजूरी निवेश से पौने दो लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

## ● यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 75वीं बोर्ड बैठक संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 75वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर पार्क बनाने का फैसला लिया गया है। यह डाटा सेंटर पार्क 100 एकड़ में बनाया जाएगा। इसमें 25 हजार करोड रुपए का निवेश होगा।

इस डाटा सेंटर पार्क में दस–दस एकड़ के दस प्लॉट होंगे। डाटा सेंटर पार्क की स्कीम यमुना अथॉरिटी जल्दी निकलेंगी। बोर्ड बैठक में मेडिकल डिवाइस पार्क की सेकंड स्कीम निकालने का फैसला लिया गया है। पहले निकाली गई मैडिकल डिवाइस पार्क में 37 प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। सेक्टर.28 में बनाए जा रहे मैडिकल डिवाइस पार्क में दूसरी स्कीम निकाली जाएगी।

इस स्कीम में 20 प्लॉट कैंसर और रेडियो लॉजिस्ट यूनिट के लिए रिर्जव किए गए है। जबकि 60 प्लॉट मैडिकल जांच से संबंधित उपकरण बनाने के लिए रिर्जव किए गए।

इस तरह दूसरे चरण की मेडिकल डिवाइस पार्क स्कीम में 100 और 2100 वर्ग मीटर साइज के 99 प्लॉट होंगे। इनमें 100 वर्ग मीटर के 59, रेडियोलॉजी, इमेज मेडिकल के लिए 29ए इंप्लॉट के लिए 15ए विटरो डाइगनोस्टिक के लिए 15 प्लॉट शामिल होंगे। इसी तरह 2100 वर्ग मीटर के 40, 30, 5 और 5 प्लॉट शामिल किए गए है।

सेक्टर–29 में एमएसएमई, हैडीक्रफट, अपैरल कलस्टर स्कीम के लिए प्लॉट तय किए गए हैं। वहीं, सेक्टर.33 में टॉय पार्क विकसीत किया जा रहा है।

एमएसएमई में 4000 हजार वर्ग मीटर के 463 प्लॉट, हैडीक्राफट के लिए 122 प्लॉट, अपैरल पार्क में 118 प्लॉट, टॉय पार्क में 132 प्लॅट, मैडिकल डिवाइस पार्क में 37 प्लॉट आवंटित किए जा चुके है। इनमें एक लाख 74 हजार 506 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।

## नोएडा में प्रदेश की पहली स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी लागू

**नोएडा।** नोएडा में आज से प्रदेश की पहली स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी को लागू कर दिया है। नई व्यवस्था में बिल्डरों को आंशिक या पूर्ण कंप्लीशन सर्टिफिकेट सीसी लेने के लिए स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना होगा। जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही नोएडा प्राधिकरण आगे की कार्यवाही करेगा। नोएडा प्राधिकरण में जीएम प्लानिंग इश्तियाक अहमद ने बताया कि बिल्डरों को भूखंड का आंशिक व पूर्ण कंप्लीशन लेने से पहले प्राधिकरण कार्यालय पर मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस रिपोर्ट के साथ.साथ स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट भी देनी होगी। इसे अब लागू कर दिया गया है। इसका असर नोएडा में 63 निर्माणाधीन परियोजनाओं पर दिखेगा। कंप्लीशन लेने के लिए बिल्डरों को यह ऑडिट करना अनिवार्य होगा। इससे प्राधिकरण को पता चल जाएगा कि बिल्डर की ओर से जो स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी निर्माण उसी आधार पर कराया गया है या अंतर है। गुणवत्ता का आकलन भी रिपोर्ट के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान सीबीआरआई, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एनआइटी दिल्ली, खंडकपुर, नागपुर, मुंबई, बैगलूरू, आइआइटी दिल्ली व रुड़की की रिपोर्ट आएगी।

# किसी अपात्र को नहीं मिलेगा भूखंडः ऋतु माहेश्वरी



बैठक में सीईओ ऋतु माहेश्वरी

**नोएडा। ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने स्पष्ट किया है कि छह फीसदी आबादी भूखंड किसी अपात्र को नहीं दिया जाना चाहिए। अगर ऐसा कोई प्रकरण सामने आया तो संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीईओ ऋतु माहेश्वरी बृहस्पतिवार को भूलेख व छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग की समीक्षा कर रहीं थीं। सीईओ ने कहा कि आबादी की बैकलीज करने के लिए जिन प्रकरणों में अग्रिम कार्रवाई के शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रकरणों में बैकलीज किया जाए।

सीईओ ने भूलेख व छह फीसदी आबादी विभाग से पात्र किसानों के प्लॉट शीघ्र दिए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए भूलेख, छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग, प्रोजेक्ट व नियोजन सभी तालमेल बनाकर काम करें।



# बिना एसटीपी बनाए नहीं मिलेगा ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट

**नोएडा।** प्राधिकरण ने नए आदेश मं कहा है कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में बिना एसटीपी बनाए बिल्डर को ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। ये इतना आसान नहीं होगा। मसलन एसटीपी बनाने के लिए बिल्डर रिपोर्ट प्राधिकरण में जमा करेगा। यहां बनाया गया एनवायरन्मेंटल सेल इस एसटीपी का फिजिकल और टेक्निकल दोनों तरह से निरीक्षण करेंगे। रिपोर्ट सही होने के बाद क्लीयरेंस दी जाएगी। इस एन्वायर्नमेंट सेल में 3 पर्यावरण सदस्य और दो सुपर वाइजर होंगे। ये नोएडा में इंटीग्रेटेड वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट का निरीक्षण और ऑडिट करेंगे। इसमें वेस्ट वाटर, फ्रेश वाटर, ग्राउंड वाटर और एसटीपी से ट्रीटेड वाटर मैनेजमेंट से संबंधित सभी पर्यावरण मंजूरी ईसी की जांच शामिल होगी।

# एक्शन में नई पुलिस आयुक्त, सब इंस्पेक्टर को किया सस्पेंड

## ● गुमशुदगी की रिपोर्ट पर नहीं की थी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा





पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा दलित प्रेरणा स्थल के पास 2000 छीनने की घटना के पीड़ित व्यक्ति से वार्तालाप कर घटना की जानकारी ली गई। साथ ही शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस वालों को निर्देश दिए।

गौतमबुद्ध नगर में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने आते ही कड़ा रुख इख्तियार किया है। उन्होंने गुरुवार की देर शाम थाना सेक्टर–39 क्षेत्र की सेक्टर–37 पुलिस चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर मोहर सिंह को सस्पेंड किया है। सब इंस्पेक्टर पर लापरवाही बरतने के आरोप में यह एक्शन हुआ है। मोहर सिंह के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिए गए है। दो दिन पहले चौकी क्षेत्र से एक गुमशुदगी का मामला सामने आया था। गुमशुदा व्यक्ति के परिवार की ओर से सब इंस्पेक्टर को शिकायत दी गई थी।

दो दिन बीतने के बावजूद सब इंस्पेक्टर मोहर सिंह ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया। दूसरी और परिवार परेशान घूम रहा था। यह मामला पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह तक पहुंच गया।

उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और मोहर सिंह को सस्पेंड कर दिया है। एसआई के खिलाफ पुलिस उपायुक्त को जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने पर सब इंस्पेक्टर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस कमिश्नर ने हिदायत दी है कि शिकायतों पर ससंजीदगी से संज्ञान ले। जो चौकी इंचार्ज, थाना इंचार्ज या दूसरे पुलिस अफसर आम आदमी की शिकायतों पर गंभीरता से काम नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना सेक्टर–39 में तैनात सब इंस्पेक्टर मोहर सिंह पर कार्रवाई करने के बाद पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की छवि खराब करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। लापरवाही बरतने वालों और शिथिल कार्य प्रणाली वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त से सख्त एक्शन होगा।

## फर्जी डिग्री से प्रिंसिपल बनने पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सर्वहितकारी जूनियर हाईस्कूल में बीएड की फर्जी डिग्री लगाकर प्रधानाचार्य बनने के मामले में कविनगर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को एक केस दर्ज की है। पुलिस ने इसमें पूर्व प्रिंसिपल और स्कूल को आरोपी बनाते हुए जांच शुरू कर दी है।

रानी देवी निवासी सेक्टर.2 चिरंजीव विहार ने 16 मई 2016 को सूचना मांगी थी कि सर्वहितकारी जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत प्रधानाचार्य सुनील कुमार की सेवाएं कब और किस आधार पर समाप्त की गई थीं, कार्यालय ने इसका जवाब दिया कि बीएड की डिग्री फर्जी पाए जाने पर 16 अप्रैल 2018 को सुनील कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं और 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन की धनराशि वसूली जा रही है। रानी देवी ने 5 जुलाई 2019 को और मांगी।

# तोड़ी परंपरा- दूल्हे से पहले दुल्हन की घुड़चढ़ी

## ● घोड़ी पर बैठी तो खूब नाचे घरवाले

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



घोड़ी पर बैठी खुशी।

गाजियाबाद की बेटी खुशी ने एक पुरानी परंपरा तोड़ी है। आज खुशी की बारात आनी है। इससे पहले वो घोड़ी पर चढ़ी है और बाकायदा घुड़चढ़ी निकाली गई है। बेटी को घोड़ी पर बैठा देख हर कोई चौंक गया। घरवाले और रिश्तेदार खूब नाचे। उन्होंने इस नई परंपरा का स्वागत किया।

सेक्टर.3 राजेंद्रनगर निवासी खुशी मेरठ से बीटेक कर रही हैं। उसकी शादी गाजियाबाद के भोपुरा निवासी शिवम से तय हुई है। शिवम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड में कार्यरत हैं। शिवम शुक्रवार शाम को बारात लेकर राजेंद्रनगर पहुंचेंगे। खुशी शर्मा ने बताया, करीब 10 साल पहले उसके मामा की शादी हुई थी। तब मामी नागपुर में घुड़चढ़ी पर बैठी थीं। 10 साल पहले ये बात एकदम नई थी। उन्हें ये परंपरा अच्छी लगी। खुशी ने भी मन में ठान लिया था कि जब शादी होगी तो वो भी घोड़ी पर बैठेंगी। अब जब रिश्ता तय हुआ तो मन की बात खुशी ने पिता प्रमेंद्र शर्मा को बताई। पिता ने अन्य परिजनों और रिश्तेदारों से चर्चा की। बेटी की खुशी को पूरा करने के लिए पिता ने रजामंदी दे दी।

गुरुवार शाम खुशी घोड़ी पर बैठी और घुड़चढ़ी की परंपरा पूरी की। राजेंद्रनगर में घर से पार्क तक घुड़चढ़ी निकाली गई। इसमें घरवाले खूब नाचे। नोट भी लुटाए। हर कोई इसे देखकर हैरत में रह गया।

खुशी ने कहा कि मैं, इस परंपरा को तोड़ना चाहती थीं कि दूल्हा ही घुड़चढ़ी करता है।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कारपोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 19700043241 गुरुग्राम–सोहना रोड शाखा) सुरेश पदम (कर्जदार) ममता पदम (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 63,89,990/– (रूपए तिरेसठ लाख नवासी हजार नौ सौ नब्बे मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर एस–2102, 21वां तल, टावर–एस पैन ओएसिस जीएच–01, सेक्टर–70, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 13100001071 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) शंकर लाल (कर्जदार) सरोज देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 63,66,321/– (रूपए तिरेसठ लाख छियासठ हजार तीन सौ इक्कीस मात्र) एनपीए (04–07–2019) | फ्लैट नंबर सी10–3, भू तल, टावर नंबर सी10, प्रतीक ग्रैंड सिटी, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201009 |
| (एलसी नंबर : 25500000232 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) विकास कुमार श्रीवास्तव (कर्जदार) प्रीति श्रीवास्तव (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 60,29,630/– (रूपए साठ लाख उनतीस हजार छह सौ तीस मात्र) एनपीए (06–03–2018) | फ्लैट नंबर डी–1708, 17वां तल, ब्लॉक डी, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19800041318 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) नितिन कुमार श्रीवास्तव (कर्जदार) नेहा श्रीवास्तव (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 56,55,807/– (रूपए छप्पन लाख पचपन हजार आठ सौ सात मात्र) एनपीए (06–03–2019) | फ्लैट नंबर बी–1508, 15वां तल, ब्लॉक बी, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 01400003167 नई दिल्ली शाखा) परविंदर सिंह (कर्जदार) रुपिंदर कौर (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 56,32,860/– (रूपए छप्पन लाख बत्तीस हजार आठ सौ साठ मात्र) एनपीए (03–02–2020) | यूनिट नंबर 3110, 30वां तल, अपेक्स टावर सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर–93 ए, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 19600041924 दिल्ली सफदरजंग शाखा) अनंत लाल श्रीवास्तव (कर्जदार) दीपशिखा श्रीवास्तव (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 55,31,036/– (रूपए पचपन लाख इकतीस हजार छत्तीस मात्र) एनपीए (04–08–2019) | फ्लैट नंबर 1407, 14वां तल, ब्लॉक सी, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201310 |
| (एलसी नंबर : 25500000220 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) अमित जैन (कर्जदार) नीता जैन (सह–कर्जदार 1) सन्मति कोटेक प्रा. लि. (सह कर्जदार 2) | 04–11–2022/रू. 50,98,869/– (रूपए पचास लाख अट्ठानवे हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (05–04–2019) | फ्लैट नंबर डी–1806, 18वां तल, ब्लॉक डी, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 09200000363 रोहिणी शाखा) पुनीता (कर्जदार) सौरभ शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 36,45,965/– (रूपए छत्तीस लाख पैंतालीस हजार नौ सौ पैंसठ मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 203, एफएच19, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 13300000415 कनॉट प्लेस शाखा) नवीन कुमार (कर्जदार) खुशबू कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 50,29,363/– (रूपए पचास लाख उनतीस हजार तीन सौ तिरेसठ मात्र) एनपीए (05–04–2019) | फ्लैट नंबर 1803, 18वां तल, ब्लॉक डी, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 07700001983 गाजियाबाद शाखा) योगेन्द्र सिंह (कर्जदार) मीरा कुशवाह (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 50,16,010/– (रूपए पचास लाख सोलह हजार दस मात्र) एनपीए (03–11–2018) | फ्लैट नंबर जे–1204, टावर जे, 12वां तल, ब्लॉक 04, टाइप ए, [illegible] सेक्टर–10, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201302 |
| (एलसी नंबर : 20000042204 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) मोहम्मद आमीन (कर्जदार) सायरा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 48,86,355/– (रूपए अड़तालीस लाख छियासी हजार तीन सौ पचपन मात्र) एनपीए (31–08–2021) | फ्लैट नंबर 0207, टावर सीवी 8, द्वितीय तल, सुपरटेक केप टाउन, प्लॉट नंबर जीएच 01/ए, सेक्टर–74, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 01400002985 नई दिल्ली शाखा) मृत्युंजय घोष (कर्जदार) सौरव घोष (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 47,09,849/– (रूपए सैंतालीस लाख नौ हजार आठ सौ उनचास मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 101, एफएच19, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 19600041843 दिल्ली सफदरजंग शाखा) सिद्ध घई (कर्जदार) शिल्पी घई (सह कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 45,90,748/– (रूपए पैंतालीस लाख नब्बे हजार सात सौ अड़तालीस मात्र) एनपीए (03–09–2017) | फ्लैट नंबर 1001, 10वां तल, टावर ए2 जेकेजी पाम कोर्ट, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 09200000354 रोहिणी शाखा) हिमानी आनंद (कर्जदार) कुबेर आनंद (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 45,81,934/– (रूपए पैंतालीस लाख इक्यासी हजार नौ सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 204, एफएच19, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 20000041874 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) विनोद कुमार (कर्जदार) कुसुम कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 45,11,411/– (रूपए पैंतालीस लाख ग्यारह हजार चार सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (04–08–2019) | एच–1102, 11वां तल, केडीपी ग्रैंड सवाना, एनएच–58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (एलसी नंबर : 13300000096 कनॉट प्लेस शाखा) राहुल ममतानी (कर्जदार) लवली आहूजा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 45,07,666/– (रूपए पैंतालीस लाख सात हजार छह सौ छियासठ मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, एफएच19, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 27900000533 ग्रेटर नोएडा शाखा) संजय राउत (कर्जदार) प्रशंसा राउत (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 42,46,174/– (रूपए बयालीस लाख छियालीस हजार एक सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (04–10–2018) | फ्लैट नंबर ए–1806, एलीजेंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, टेक जोन–4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 25600000142 कड़कड़डूमा शाखा) गौरव त्यागी (कर्जदार) किरणदीप कौर (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 42,15,442/– (रूपए बयालीस लाख पंद्रह हजार चार सौ बयालीस मात्र) एनपीए (06–03–2018) | यूनिट नंबर 2007, टावर बी, बुलंद एलीवेट्स, प्लॉट नंबर जीएच 3 ए, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19600041932 दिल्ली सफदरजंग शाखा) राजेन्द्र ढींगरा (कर्जदार) अंजलि ढींगरा (सह कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 41,18,622/– (रूपए इकतालीस लाख अठारह हजार छह सौ बाईस मात्र) एनपीए (04–07–2019) | फ्लैट नंबर डी1903, 19वां तल, केबीएनडब्ल्यूओएस, प्लॉट नंबर 5 बी, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19700043453 गुरुग्राम–सोहना रोड शाखा) जाकिर अहमद (कर्जदार) सलमा सुल्तान (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 39,74,736/– (रूपए उन्तालीस लाख चौहत्तर हजार सात सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (10–12–2021) | फ्लैट नंबर आरजेडी–86/2, द्वितीय तल, ब्लॉक बी, खसरा नंबर 64/13/1 का भाग, राज नगर–1, पालम कालोनी, ग्राम पालम, नई दिल्ली–110045 |
| (एलसी नंबर : 01400002964 नई दिल्ली शाखा) मुकुल आनंद (कर्जदार) प्रीति श्रीवास्तव (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 37,71,100/– (रूपए सैंतीस लाख इकहत्तर हजार एक सौ मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 101, एफएच18, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 11900000935 नोएडा शाखा) प्रकाश भट्ट (कर्जदार) प्रीति शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 37,12,865/– (रूपए सैंतीस लाख बारह हजार आठ सौ पैंसठ मात्र) एनपीए (04–10–2017) | अपार्टमेंट नंबर 703, 7वां तल, ब्लॉक सी, बुलंद एलीवेट्स, प्लॉट नंबर जीएच 3 ए, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 13300000064 कनॉट प्लेस शाखा) जितिन अरोड़ा (कर्जदार) सिमरजीत कौर (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 36,46,144/– (रूपए छत्तीस लाख छियालीस हजार एक सौ चौवालीस मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 101,एफएच04, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 25500000631 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) संजय शर्मा (कर्जदार) अर्चना शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 35,41,098/– (रूपए पैंतीस लाख इकतालीस हजार अठ्ठानवे मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर जे–207, द्वितीय तल, जूटिर टावर दि ऐलियन कोर्ट, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर : 20000041929 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) जगदीश पंत (कर्जदार) भावना पंत (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 34,96,333/– (रूपए चौंतीस लाख छियानवे हजार तीन सौ तेतीस मात्र) एनपीए (04–10–2019) | यूनिट नंबर 2101, 21वां तल, टावर जी, मंगल्या ओफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 13300000045 कनॉट प्लेस शाखा) अभिषेक शर्मा (कर्जदार) पूजा शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 34,55,349/– (रूपए चौंतीस लाख पचपन हजार तीन सौ उन्चास मात्र) एनपीए (04–12–2019) | फ्लैट नंबर 102, एफएच16, जीटीएम फोरेस्ट ऐंड हिल्स ग्राम मोहकमपुर खुर्द, देहरादून, उत्तरांचल – 248001 |
| (एलसी नंबर : 19700043886 गुरुग्राम–सोहना रोड शाखा) बेबी कुमारी पंडित (कर्जदार) रंजीत कुमार पंडित (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 20,33,719/– (रूपए बीस लाख तेतीस हजार सात सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (03–11–2019) | फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, टावर 3, लक्ष्मी अपार्टमेंट, सेक्टर–99ए, गुरुग्राम, हरियाणा– 122001 |
| (एलसी नंबर : 198पीटीएम30164 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) योगेन्द्र लोवाब (कर्जदार) | 04–11–2022/रू. 20,22,060/– (रूपए बीस लाख बाईस हजार साठ मात्र) एनपीए (30–09–2021) | फ्लैट नंबर 1102, 11वां तल, ब्लॉक डी, केडीपी सवाना, एनएच–58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201009 |
| (एलसी नंबर : 13100000633 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) सतबीर (कर्जदार) कुसुम (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 19,55,988/– (रूपए उन्नीस लाख पचपन हजार नौ सौ अठासी मात्र) एनपीए (31–07–2021) | फ्लैट नंबर 606, छठा तल, टावर बी, प्लॉट नंबर जीएच 09ए, ट्रोनिका सिटी अपार्टमेंट, सेक्टर–चाई 5, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19700043491 गुरूग्राम–सोहना रोड शाखा) मोहन सिंह (कर्जदार) प्रमोद कुमार (सह–कर्जदार 1) तेजवीर सिंह (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022/रू. 19,20,630/– (रूपए उन्नीस लाख बीस हजार छह सौ तीस मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर सन–2–0203 मिगसन अल्टीमो प्लॉट नंबर जीएच–03, सेक्टर–ओमीक्रोन–3, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 24900001557 दिल्ली जनकपुरी शाखा) मुकेश (कर्जदार) समरजीत तिवारी (सह–कर्जदार 1) विमला तिवारी (सह–कर्जदार 2) | 04–11–2022/रू. 19,15,439/– (रूपए उन्नीस लाख पंद्रह हजार चार सौ उन्तालीस मात्र) एनपीए (01–08–2022) | पी नंबर 66, यूजीएफ बैक साइड (आरएचएस), केएच नंबर 229, ग्राम बिंदापुर, ब्लॉक सी, अनूप नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी38558 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) सुकन्या सोलंकी (कर्जदार) | 04–11–2022/रू. 18,46,295/– (रूपए अठारह लाख छियालीस हजार दो सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (04–08–2017) | एच/फ्लैट नंबर सीएम4/1704, 17वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–01/ए, केप टाउन, सेक्टर–74, ग्राम गे, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 07700001099 गाजियाबाद शाखा) विपिन अग्रवाल (कर्जदार) सुरभि अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 17,31,749/– (रूपए सत्रह लाख इकतीस हजार सात सौ उन्चास मात्र) एनपीए (04–07–2014) | फ्लैट नंबर एस–205, द्वितीय तल, केएच नंबर 217/1, कंडोली, परगना पववादून, विकास नगर, अवंतिका फोरेस्ट हिल व्यू अपा. देहरादून, उत्तरांचल–248141 |
| (एलसी नंबर : 13100000488 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) अनुज शर्मा (कर्जदार) रेखा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 16,98,991/– (रूपए सोलह लाख अठ्ठानवे हजार नौ सौ इक्यानवे मात्र) एनपीए (03–11–2018) | फ्लैट नंबर बी–404, टावर बी, केडीपी एमजीआई घरौंदा, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 |
| (एलसी नंबर : 13000002054 गुरुग्राम शाखा) जतिन कुमार शर्मा (कर्जदार) रजत कुमार (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 16,82,018/– (रूपए सोलह लाख बयासी हजार अठारह मात्र) एनपीए (01–08–2022) | फ्लैट नंबर 508, 5वां तल, टावर–4, लक्ष्मी अपार्टमेंट सेक्टर–99ए, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 |
| (एलसी नंबर : 12900000299 फरीदाबाद शाखा) अरशद महमूद आलम (कर्जदार) फरहाना खान (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 15,87,790/– (रूपए पंद्रह लाख सतासी हजार सात सौ नब्बे मात्र) एनपीए (12–11–2021) | फ्लैट नंबर बी–1404, 14वां तल, टावर बी, कासा ग्रैंड, प्लॉट नंबर 7 ए, सेक्टर चाई–5, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19600043604 दिल्ली सफदरजंग शाखा) विपिन कुमार गौड़ (कर्जदार) पूनम रानी (सह कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 15,75,150/– (रूपए पंद्रह लाख पचहत्तर हजार एक सौ पचास मात्र) एनपीए (28–02–2021) | यूनिट नंबर 201, द्वितीय तल, टावर जी, स्टूडियो अपार्टमेंट ग्रैंड्योर बीपी स्पेसेज, सेक्टर–56, भिवाडी अलवर राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी31270 नोएडा – सेक्टर 2 शाखा) अशोक कुमार शर्मा (कर्जदार) | 04–11–2022/रू. 14,25,857/– (रूपए चौदह लाख पच्चीस हजार आठ सौ सत्तावन मात्र) एनपीए (01–08–2022) | सी–2/1002, लोटस पोंड इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 26600000617 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) सुनील कुमार (कर्जदार) नीतू शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 13,71,873/– (रूपए तेरह लाख इकहत्तर हजार आठ सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (09–01–2022) | फ्लैट नंबर 427, तृतीय तल, पाकेट–6, नासिरपुर फेज–1, कैटेगिरी बी, द्वारका, नई दिल्ली–110045 |
| (एलसी नंबर : 11900000656 नोएडा शाखा) विशाल कुमार सिंह (कर्जदार) अंकिता सिंह (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 13,47,958/– (रूपए तेरह लाख सैंतालीस हजार नौ सौ अठ्ठावन मात्र) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर 1711, 17वांतल टावर ए–2, ईको विलेज–1, प्लॉट नंबर 08, सेक्टर–1, नोएडा एक्सटेंशन, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 13100000291 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) वीरपाल (कर्जदार) कमलेश देवी (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 13,05,157/– (रूपए तेरह लाख पांच हजार एक सौ सत्तावन मात्र) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर बी–104, प्रथम तल टावर बी, प्लॉट नंबर जीएच–003बी, केनबॉल 3जी, सेक्टर–77, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201207 |
| (एलसी नंबर : 198पीटीएम32284 दिल्ली–पीतमपुरा शाखा) अर्चना अरोड़ा (कर्जदार) | 04–11–2022/रू. 13,03,464/– (रूपए तेरह लाख तीन हजार चार सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (01–07–2022) | एच/फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, प्लॉट नंबर टावर ई, एमवीएल इंडीहोम्स, सेक्टर–, भिवाडी राजस्थान–301019 |
| (एलसी नंबर : 25500001205 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) अनूप शुक्ला (कर्जदार) जिज्ञासा (सह–कर्जदार 1) | 04–11–2022/रू. 12,50,161/– (रूपए बारह लाख पचास हजार एक सौ इकसठ मात्र) एनपीए (01–08–2022) | फ्लैट नंबर 3, प्रथम तल एलआईजी फ्लैट ब्लॉक ए, प्लॉट नंबर ए–23, एसएलएफ वेद विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102, भारत |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 03–12–2022
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# संक्षिप्त समाचार



गाजियबाद पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद पुलिस लाइन स्थित पुलिस हॉस्पिटल में यातायात पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

### महिला के खाते से साइबर ठगों ने निकाली रकम

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली महिला के खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने 151000 रुपये निकाल लिये। थाना एक्सप्रेसवे के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली रोमिका बीज पत्नी दीपक बीज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एचडीएफसी बैंक के उनके क्रेडिट कार्ड से अज्ञात साइबर ठगो ने पैसे निकाल लिया है। पीड़िता के अनुसार उन्होंने ओटीपी नहीं दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बैंक के अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने उन्हें अपना ओटीपी नही दिया था।

### चौथे दिन भी जारी रही विद्युत कर्मियों की हड़ताल

**गाजियाबाद।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले चल रही विद्युतकर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार राजनगर मुख्यालय में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। संयोजक शेर सिंह त्यागी ने कहा कि बड़ी.बड़ी कम्पनियों को धन लुटाकर लाभ कमाया जा रहा है। विभाग में नियमों को ताक पर रखकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सहसंयोजक अरशद अली ने कहा कि बेहतर उपभोक्ता सेवा के नाम पर मनमाने तरीके से दिन.रात वीसी कर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में राज सिंह, विजय शर्मा, सतवीर सिंह, शिवम त्यागी, महेश समानिया, पीके शर्मा, दिलनवाज, कृष्ण सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे के बाद कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर.58 क्षेत्र में चौकी के पास कार और ऑटो में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही कार के बोनट में आग लग गई। जिससे शॉट सर्किट हुआ और कार धू.धू कर जल गई। वहीं ऑटो पलट गया। मौके से कार चालक जलती कार छोड़कर फरार हो गया। घटना सुबह करीब सात बजे की है। घटना में घायल ऑटो चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही ऑटो में बैठी एक सवारी सतेंद्र पांडे 06को सेक्टर.24 ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतेंद्र मदरसन कंपनी में काम करता है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### नोएडा की नई लाइफ लाइन बनी एक्वा मेट्रो

**नोएडा।** नोएडा– ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे के बाद अब नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एनएमआरसी की एक्वा लाइन मेट्रो शहर वासियों के लिए नई लाइफ लाइन बन गई है। 30 नवंबर को एक्वा मेट्रो में सर्वाधिक 52696 मुसाफिरों सफर कर नया रिकार्ड बनाया है। सर्वाधिक मुसाफिरों के सफर का यह रिकार्ड तीन महीने में छठी बार तोड़ा है। प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि कोरोना काल में 227 दिन एक्वा लाइन मेट्रो रूट का संचालन बंद रहा था, फिर से संचालन शुरू होने के बाद लगातार मुसाफिरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेक्टर.51 से नॉलेज पार्क–5 तक मेट्रो विस्तार के लिए भी जल्द केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अंतिम दिन गली-गली रहा चुनावी शोर, आज करेंगे घर-घर जनसंपर्क







1. आप प्रत्याशी के लिए प्रचार करते दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया
2. रोड शो के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, साथ में फिल्म स्टार नगमा
3. प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

## एमसीडी से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए एक मौका दें : केजरीवाल




**● मुख्यमंत्री ने व्यापारियों के साथ किया संवाद**

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले शुक्रवार को मतदाताओं से भ्रष्टाचार से ग्रस्त एमसीडी को साफ करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को एक मौका देने की अपील की। व्यापारियों की टाउन हॉल जैसी बैठक को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि दिल्ली सरकार और एमसीडी में एक ही पार्टी का नियंत्रण हो।

केजरीवाल ने कहा, बदलाव की जरूरत है। परिवर्तन आवश्यक है। बदलाव के लिए सबसे बड़ा कारण अहंकार है। अगर कोई बदलाव नहीं होता है, तो अहंकार पैदा होता है, ठीक वैसा ही जैसा गुजरात में भाजपा के साथ हुआ है। वे 15 साल से एमसीडी पर राज कर रहे हैं और बदलाव की जरूरत है।

आप संयोजक ने कहा, इतने सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ कि दिल्ली सरकार और एमसीडी में एक ही पार्टी हो। आइए इस बार एक दल की सरकार बनाने का प्रयास करें। मुझे भी आराम होगा। वह विधायक और पार्षद दोनों को बुलाऊंगा और पूछेंगे कि काम क्यों नहीं हुआ। वहीं एमसीडी चुनाव प्रचार के आखरी दिन आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी और सभी 250 वॉर्ड में किया रोड शो। वहीं उम्मीदवारों ने 500 से ज्यादा इलाकों में पदयात्रा कर की वोट की अपील। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पटपड़गंज में रोड शो में कहा कि एमसीडी में 15 सालों के भाजपा के शासन में हर गली में कचरे के ढेर लग गए। भाजपा ने कूड़े के पहाड़ों खत्म करने के बजाय इन्हें और बढाया। आसमान छूते ये कूड़े के पहाड़ भाजपा की नाकामी का सबूत देते है।




## एक तिहाई बहुमत के साथ बनेगा कांग्रेस का मेयर : डा. अजोय

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डा. अजोय कुमार ने दावा किया कि इस नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत है।

एक तिहाई बहुमत के साथ मेयर भी कांग्रेस का ही बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और जन विरोधी नीतियों के कारण मतदाता उनका बहिष्कार कर रही है। कांग्रेस ने मतदान से दो दिन पहले भाजपा का सहयोगी केजरीवाल, दलित-अल्पसंख्यक विरोधी एक पोस्टर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल चुप क्यों भी जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि केजरीवाल समाज को बांटने वाले परिसीमन, रविदास मंदिर बनाने को लेकर चुप, दलितों पर हो रहे अत्याचारों, महरौली में चर्च तोड़े जाने, जामिया-जेएनयू को बदनाम करने वालों, जहांगीरपुरी बुलडोजर की घटना, दिल्ली दंगों की जवाबदेही, लोकतंत्र को बुलडोजर तंत्र से कुचलने पर चुप्पी साधा रखी है। इतना ही नहीं बिलकिस बानों के बलात्कारियों की रिहाई पर भी कुछ नहीं बोल रहे।

डा अजोय कुमार ने कहा आम केजरीवाल ने दिल्ली में जिस तरह से दलितों, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यकों, महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, वह उनकी सिद्धांत विहीन राजनीति का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा का वादा करके सीसीटीवी लगाने और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर लगाम लगाने का दावा किया था, लेकिन अरविंद केजरीवाल के शासन में औसतन दो बालिकाओं के साथ प्रतिदिन बलात्कार हो रहे हैं।

## दंगाइयों और भ्रष्टाचारियों को मिला केजरीवाल का संरक्षण : अनुराग

**● वोटर भाजपा को जिता कर आप को देंगे मुंहतोड़ जवाब**

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग ठाकुर ने एमसीडी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन ईस्ट पटेल नगर, नारायणा, गुरु हरकिशन नगर, मंगोलपुरी और रंजीत नगर में मेगा रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनसभाओं एवं पदयात्राओं के माध्यम से मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाई और भाजपा प्रत्याशियों भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की।

अनुराग ठाकुर ने कहा केजरीवाल राजनीति बदलने की बात कहते हुए सत्ता में आये थे। इनके लिए राजनीति बदलने के मायने खुल कर दंगाइयों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना था। दिल्ली से लेकर पंजाब तक दंगाइयों, भ्रष्टाचारियों, अपराधियों को अरविंद केजरीवाल का संरक्षण है। ये वही लोग हैं जिन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के भारत दौरे पर दिल्ली को दंगे की आग में झोंकने का काम किया था। आप पार्टी के नेताओं के घरों से पेट्रोल बम और पत्थर बरामद हुए थे और केजरीवाल इन दंगाइयों को बचा रहे थे, क्लीन चिट दे रहे थे। इनके स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे, केजरीवाल ने उनका भी खुल कर साथ दिया मगर देश ने देखा इनके दंगाई और भ्रष्ट नेता आज तक जेल से बाहर नहीं आ पाए।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने निलोठी, केशोपुर और झड़ौदा वार्डों में रोड शो कर कहा कि केजरीवाल सरकार ने केंद्र की विकास एवं समाजिक योजनाओं के लाभ से दिल्ली वालों को वंचित रखा है। अब केंद्र सरकार बहुत तेजी से जहां झुग्गी वहां मकान स्कीम के अंतर्गत गरीबों को अच्छे मकान देने के लिए काम कर रही है। आदेश गुप्ता ने पटेल नगर, बिजवासन एवं शास्त्री नगर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में बड़े रोड शो किए और कहा कि जितना जन समर्थन भाजपा को नगर निगम के चुनावों में मिल रहा है, उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि भाजपा अप्रत्यासित बहुमत के साथ फिर निगम में सरकार बनाने जा रहे हैं।

### यूपी की तरह एमसीडी चुनाव में भी स्नेह दें



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने रोहतास नगर, हर्ष विहार और जौहरीपुरी में किए रोड शो के दौरान कहा कि जनता खासकर यहां रह रहे उत्तर प्रदेश से आए लोगों से वह कहना चाहते है कि जिस तरह से उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा पर अपना स्नेह दिखाया है, उसी तरह दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी बरसाएं और बदले में वह पूरबिया लोगों को दिल्ली की विकास की गारंटी देते हैं।

## योग कक्षाओं पर फिर विवाद, सीएम ने भरी हुंकार

**● योग शिक्षकों को बांटे चेक, कहा- पैसे की चिंता न करें, बहुत डोनर हैं**


**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

राजधानी में 17 हजार लोगों को योगा करवा रहे हैं लक्ष्य 20 से 25 लाख लोगों को योगा करवाना है। कांस्टीट्यूशन क्लब में योगाशाला के टीचरों के सैलरी वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरिंवद केजरीवाल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब उपराज्यपाल ने योगा क्लासेज पर रोक लगाई तो दुख हुआ, लेकिन ठान लिया था कि योगा तो बंद नहीं होने देंगे। चाहे सरकार से पैसा आए या न आए। सभी योगा ट्रेनर्स को आज दिल्ली के लोगों ने ही वेतन दिया है। दिल्ली के किसी काम को वह रूकने नहीं देंगे। वह यह वोट के लिए नहीं कर रहे हैं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए कर रहे है। योगा टीचर्स और नए क्लासेज शुरू करें, पैसे की चिंता न करें। मेरे पास बहुत डोनर हैं, और डोनर आ जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब एलजी ने योग बंद किया, तो लोगों को बहुत दुख हुआ कि बाकी सारी राजनीति तो चलती रहती है, लेकिन योग बंद नहीं होना चाहिए। बहुत लोगों को पोस्ट कोविड कॉम्पलिकेशन भी है। फेफड़ों में संक्रमण है। जिसमें योगा टीचर उनकी बीमारी को दूर करने में मदद करते हैं। ऐसे में योगा बंद करना बहुत गलत था। योगशाला प्रोग्राम के प्रशिक्षकों की सैलरी की जिम्मेदारी लेने के लिए दिल्ली समेत देशभर से काफी दानदाता आगे आए हैं। इस कार्यक्रम में दानदाताओं को भी बुलाया गया था ताकि वो अपने हाथों से योगा टीचर्स को सैलरी का चेक दे सकें।

मालूम हो कि दिल्ली सरकार हर सुबह अलग-अलग इलाकों में करीब 590 जगहों पर प्रशिक्षकों को भेजकर लोगों को मुफ्त में योग करा रही थी। जिससे 17 हजार से ज्यादा लोग लाभांवित हो रहे थे। इसमें काफी संख्या में लोग पोस्ट कोविड कॉम्प्लीकेशंस से प्रभावित थे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि योग न कभी रूका है और रूकना भी नहीं चाहिए। उन्हें खुशी है कि पिछले एक महीने से योग क्लासेज रूकने नहीं दी है।

### भाजपा का सीएम पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप



आशीष सूद

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केजरीवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया और राज्य चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

दिल्ली दिल्ली भाजपा की चुनाव अभियान समिति के संयोजक आशीष सूद ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने कंस्ट्यूशन क्लब में 33 लाख रुपये की राशि बांटकर अपराधिक कृत्य किया है। चुनाव आयोग से कानून के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है।

आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विदेशी एनजीओ से आए हुए पैसे से बिना किसी अनुमति के चेक बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जानकारी जब चुनाव आयोग को दी गई तो आयोग ने इसे तुरंत प्रभाव से रोकने का निर्देश जारी किये पर फिर भी केजरीवाल ने उस कार्यक्रम को नहीं रोका।

### उपराज्यपाल ने नहीं डीपीएसआरयू ने बंद की योगशाला योजना

**नई दिल्ली।** एलजी सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की योगशाला योजना को उसके मौजूदा स्वरूप में बंद करने का निर्णय पूरी तरह से स्वायत्त दिल्ली भेषज विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (डीपीएसआरयू) के शासी मंडल (बीओजी) द्वारा लिया गया था।

उपराज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों के मुताबिक आप नेताओं द्वारा दिए गए बयान पूरी तरह से गलत हैं। योगशाला कार्यक्रम को उसके मौजूदा स्वरूप में बंद करने का निर्णय पूरी तरह से स्वायत्त डीपीएसआरयू के शासी मंडल द्वारा लिया गया था और उपमुख्यमंत्री ने पत्र लिख कर शासी मंडल को इस तरह का कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था।

उपमुख्यमंत्री को उम्मीद की थी कि कार्यक्रम को जारी रखने का गैरकानूनी निर्णय लेगा ताकि वह स्वयं और आप सरकार गलत कामों के आरोपों से मुक्त रह सके। इसके बाद विवाद शुरू हो गया।

## रविवार तड़के चार बजे से शुरू होंगी मेट्रो सेवाएं

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव के लिए होने वाले मतदान के दिन चार दिसंबर को मेट्रो की सभी लाइन पर ट्रेन सेवाएं तड़के चार बजे से शुरू होंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एमसीडी के सभी 250 वार्ड पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू होगा और शाम साढ़े पांच बजे समाप्त होगा।

डीएमआरसी ने एक बयान में कहा, चार दिसंबर को दिल्ली नगर निगम चुनाव के दिन दिल्ली मेट्रो की सभी लाइन पर ट्रेन सेवाएं तड़के चार बजे से शुरू होंगी। बयान में कहा गया है, सुबह छह बजे तक सभी लाइन पर 30-30 मिनट के अंतराल पर ट्रेन चलेंगी। सुबह छह बजे के बाद रविवार की सामान्य समय सारिणी के अनुसार ट्रेन चलेंगी।

**4 और 7 दिसंबर को तीन बजे से डीटीसी**

नई दिल्ली। एमसीडी चुनाव के मद्देनजर मतदान और मतगणना के दिन दिल्ली परिवहन निगम की बसें तड़के तीन बजे से 35 रुटों पर दौड़ेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए डीटीसी ने फोन नंबर 011-41400400 और 1800118181

### तिलक नगर में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में 35 वर्षीय महिला की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान रेखा रानी के रूप में हुई है।

रेखा पिछले 15 साल से गणेश नगर इलाके में एक किराए के घर में अपनी बेटी के साथ रह रही थी। पुलिस ने बताया कि तिलक नगर थाने को दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर सूचना मिली। इसके बाद एक टीम घर पहुंची तो पाया कि दरवाजे पर ताला लगा है। पुलिस ने जब दरवाज़ा खोला तो उन्हें रेखा का शव मिला।

### दिव्यांग सक्षम ऐप से घर बैठे भी दे सकेंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग दिव्यांगों को चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सक्षम ऐप विकसित किया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि प्रशासनिक और नई तकनीकी के माध्यम से दिव्यांग मतदाता को नामांकन से पोल डे की सुविधाओं को सक्षम करने और सुविधाजनक बनाने के लिए ईसीआई ने सक्षम ऐप तैयार कराया है। ईसीआई द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। ऐप को गुगल प्लेस स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ईसीआई मतदान केंद्रों पर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई उपायों को लागू कर रहा है, जिससे दिव्यांग बिना किसी परेशानी के मतदान कर सकें। इसमें भूतल पर मतदान केंद्रों, रैंप, व्हीलचेयर, स्वयंसेवकों, ब्रेल और बैलट पेपर के साथ ईवीएम, ब्रेल एपिक, साइन लैंग्वेज दुभाषियों और पिक अप ड्रॉप सुविधा जैसे प्रावधानों के लिए अधिसूचित चेकलिस्ट को मतदान केंद्रों में उपलब्ध कराया।

## प्रशासन ने जेएनयू परिसर में सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**● छात्र और शिक्षक बोले, मामले की हो निष्पक्ष जांच**

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने परिसर के अंदर दीवारों पर ब्राह्मण, बनिया विरोधी नारे लिखे मिलने के एक दिन बाद सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिए है। जेएनयू प्रशासन ने एक परामर्श जारी कर कहा कि सभी स्कूल और केंद्रों में केवल एक ही प्रवेश और निकास बिंदु होगा।

इससे पहले, छात्रों ने स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज- द्वितीय की इमारत की जिन दीवारों पर ब्राह्मण और बनिया समुदायों के खिलाफ नारे लिखे गए थे, उन्हें तोड़े जाने का दावा किया। वहीं कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों से सतर्क रहने की अपील की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। वहीं दूसरी तरफ शिक्षक व छात्र संगठनों ने मामले की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया।

जेएनयू शिक्षक संघ ने एक बयान में कहा कि इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनकर दुख हुआ। बयान में कहा गया है, जेएनयूटीए इस अत्यंत निंदनीय कृत्य की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह विविधता की भावना और सभी विचारों को जगह देने के जेएनयू के मूल लोकाचार का उल्लंघन करता है।

## आफताब ने पॉलीग्राफ’ और नार्को टेस्ट में दोहराई एक ही बात

### पूनावाला से पूछताछ का सत्र पूरा, डीएनए रिपोर्ट अगले सप्ताह तक आने की उम्मीद

**श्रद्धा हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने अपनी पॉलीग्राफ व नार्को जांच और पुलिस पूछताछ के दौरान समान जवाब दिए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 14 दिन की पुलिस हिरासत के दौरान पूनावाला का बयान उसकी पॉलीग्राफ व नार्को जांच के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब के समान है।

उसने दोनों जांच के दौरान पूरा सहयोग किया। पूछताछ के दौरान पुलिस द्वारा पूछे गए सवालों के उसने समान जवाब दिए। पॉलीग्राफ और नार्को जांच के दौरान उसके बयान में कोई बदलाव नहीं आया। उसने अपनी लिव-इन-पार्टनर की हत्या की बात स्वीकार की है और यह भी कबूल किया कि दिल्ली के जंगल वाले इलाकों में विभिन्न स्थानों पर उसके शव के टुकड़े फेंके थे। हालांकि, पुलिस को अभी तक वालकर की खोपड़ी नहीं मिली है और वह अभी भी शव के अन्य हिस्सों और खोपड़ी की तलाश कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि उन्हें अब यकीन हो गया है कि पूनावाला ने पूछताछ के दौरान और बाद में पॉलीग्राफ व नार्को विश्लेषण के दौरान जो कबूल किया, वह समान है। इसलिए, जांच में किसी तरह का नया मोड़ आने की गुंजाइश नहीं है।

सूत्रों ने कहा कि वालकर की डीएनए रिपोर्ट अगले सप्ताह तक आने की उम्मीद है। अब तक 13 से अधिक हड्डियां बरामद की जा चुकी हैं। डॉक्टर वालकर की मौत का पता लगाने और पुष्टि करने के लिए केवल विशिष्ट हड्डियों की मात्रा और गुणवत्ता का मिलान करेंगे।

गौरतबल है कि 28 वर्षीय पूनावाला पर लिव इन रिलेशन में रह रही वालकर की हत्या करने, उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें तीन सप्ताह तक दक्षिणी दिल्ली के महरौली स्थित आवास में 300 लीटर के फ्रिज में रखने एवं शव के हिस्सों को कई दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में ठिकाने लगाने का आरोप है।

नार्को जांच में सोडियम पेंटोथल, स्कोपोलामाइन और सोडियम एमिटल जैसी दवा दी जाती है, जो व्यक्ति को एनेस्थीसिया के असर के विभिन्न चरणों तक लेकर जाती है। सम्मोहन (हिप्नोटिक) चरण में व्यक्ति पूरी तरह से होश हवास में नहीं रहता और उसके ऐसी जानकारियां देने की अधिक संभावना रहती है, जो वह आमतौर पर होश में रहते हुए नहीं बताता है। जांच एजेंसियां इस जांच का इस्तेमाल तब करती हैं, जब अन्य सबूतों से मामले की साफ तस्वीर नहीं मिल पाती है।

### डिजिटल फुटप्रिंट्स और सबूतों का इंतजार

सूत्रों ने कहा, हमारे पास यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या की। हालांकि, हम अभी भी डिजिटल फुटप्रिंट्स और सबूतों का इंतजार कर रहे हैं, जो जांच के मद्देनजर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने मामले में और सबूत जुटाए हैं क्योंकि जांच अभी भी जारी है। बहरहाल, पुलिस ने और ब्योरा नहीं दिया क्योंकि इससे उनकी जांच प्रभावित हो सकती है।

# मील का पत्थर साबित होंगी कैनविन की नई सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए थैंक यू कैनविन : डॉ. विरेंद्र

## गुरुग्राम में कैनविन ने शुरू की आईसीयू एम्बुलेंस व ब्लड ऐप

**कैनविन** फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल की माता स्वर्गीय श्रीमती अंगूरी देवी जी की चौथी पुण्यतिथि पर जनहित में दो नई सेवाएं आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप की विधिवत शुरुआत की गई। कैनविन की चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं को कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने सराहा। स्वामी जी ने अपने मोबाइल पर ब्लड ऐप डाउनलोड करके शुरुआत की।

न्यू कालोनी स्थित गीता भवन मंदिर प्रांगण में आईसीयू एम्बुलेंस और ब्लड ऐप की शुरुआत के लिए समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में माता अंगूरी देवी जी को नमन करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, पारिवारिक विषयों पर बेबाक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षी होना बुरी बात नहीं है। अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। भले ही कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल सेवा कर रहे हों, लेकिन वे चाहते हैं कि राजनीति में आगे बढ़कर वे सेवा का दायरा और बड़ा करें। उन्होंने अपने मोबाइल में ब्लड ऐप डाउनलोड करते हुए कहा कि यह नई सेवाएं गुरुग्राम के लोगों की सेहत सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगी।

### सीएमओ बोले, बेहतर सेवाओं के लिए थैंक यू कैनविन

**सिविल** सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने कहा-थैंक यू कैनविन। दिल से धन्यवाद। तीन साल से स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए। आगे भी आप स्वास्थ्य के लिए काम शुरू करो, हम आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि हम कुछ सेवाएं और चाहते हैं। नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस तो बहुत हैं, लेकिन शव वाहन नहीं है। एक शव वाहन भी विभाग को ड्राइवर के साथ उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों की मदद हो सके। सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत को वॉलंट्री तौर पर कैनविन अपने कार्य में शामिल करे। अपने अस्पताल को भविष्य में इस योजना से जोड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना की शुरुआत कुरुक्षेत्र गीता जयंती में हो चुकी है।


गुरुग्राम में कैनविन फाउंडेशन की नई सेवा आईसीयू एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

### जोड़ने का काम कर रहे डीपी, नवीन गोयल

**आरएसएस** महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर ने कैनविन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज को जोड़ने का काम डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में कई समस्याएं हैं, उनके निराकरण के लिए हम सबको मिलकर काम करना चाहिए। पर्यावरण, स्वच्छता, परिवारों की मजबूती जरूरी है। गीता भवन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र खुल्लर ने भी कैनविन के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि गीता भवन में भी कैनविन का पॉलिक्लीनिक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर गुरुग्राम की सेहत सुधारने को जो कार्य कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से किया जा रहा है, उसमें हम सबका भी योगदान होना चाहिए। हर जरूरतमंद हो सकता है कैनविन तक ना पहुंच पाएं, इसलिए हम जरूरतमंद लोगों को कैनविन के दरवाजे तक लाकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाएं। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन ने पहले स्वच्छता का अभियान शुरू किया तो पार्टी ने नवीन गोयल को स्वच्छता, पर्यावरण से संबंधित विभाग प्रमुख का दायित्व दिया। अपनी इस जिम्मेदारी को वे बेहतरी से निभा रहे हैं। उनके द्वारा कैनविन के माध्यम से जो सेहत सुधार की मुहिम चलाई हुई है, उसके पीछे उनके परिवार द्वारा दिए गए संस्कार हैं।

गुरुग्राम में हेल्थ कार्ड बनाने में भी मदद करें। वे चाहते हैं कि कैनविन फाउंडेशन पहली ऐसी संस्था बने जो हेल्थ कार्ड बनाने की पहल करें। गोयल बंधुओं ने सीएमओ डा. विरेंद्र यादव की लोगों के हित के लिए शव वाहन और हेल्थ कार्ड बनाने के लिए तुरंत हामी भरी। हेल्थ कार्ड तो कल से ही बनाने शुरू हो जाएंगे और शव वाहन आगामी फरवरी माह में देने की बात कही। डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने जानकारी दी कि गुरुग्राम में नाम मात्र खर्च में स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए अगले तीन महीने में एक अस्पताल की भी शुरुआत की जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया



**सोहना।** किसी भी मंजिल को प्राप्त करने के लिए लगन की आवश्यकता होती है। विद्यार्थी अपने जोश और हौसले से बुलन्दियों को प्राप्त कर लेते हैं। ये बात जिला शिक्षा अधिकारी इंदु बोकन ने एक सम्मान समारोह में कही। दो दिसंबर को भोंडसी स्थित आरबीएसएम विद्यालय के प्रांगण में चल रही तीन दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का प्रदर्शन देखने आईं डीईओ इंदु बोकन, सुनील यादव, (सीबीएसई) ऑब्जर्वर टीपी शर्मा का आरबीएसएम विद्यालय के निर्देशक भागीरथ राघव, निर्देशक विमला राघव, प्रधानाचार्य, मंजू जांगिड़, ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। जिसमें आरबीएसएम के छात्र-छात्राओं ने डीईओ इंदु बोकन के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इंदु बोकन ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को और हाल में ही हुई तीन दिवसीय सीबीएसई खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता आरबीएसएम के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई क्लस्टर खो - खो टूर्नामेंट , अंडर-19 में हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट आर्यन पब्लिक स्कूल पानीपत में आयोजित किया गया। जिसमें आरबीएसएम स्कूल के खो-खो टीम के कोच पंकज कुमार, मनैजर पीकी खटाना टीम के साथ थे। कोमल, खुशी, अंजली, तान्या, अंशिका, मेघा, अंशिका गुप्ता, कनक।

### सुल्तानपुर रेल यात्री संघ ने किया अमित गोयल का स्वागत



**गुरुग्राम।** अमित गोयल को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनाए जाने पर दैनिक रेल यात्री संघ फरूखनगर-सुल्तानपुर क्षेत्र वासियों की ओर से शुक्रवार को उनका अभिनंदन-स्वागत किया गया। मूलरूप से फरूखनगर के रहने वाले अमित गोयल का स्वागत करने वहां के व्यापार मंडल, किसान, बुद्धिजीवी गुरुग्राम पहुंचे। इस दौरान कुछ समस्याएं भी उनके समक्ष रखी गई, जिनको संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का अमित गोयल ने आश्वासन दिया। सभी ने अमित गोयल का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि फरूखनगर रेलवे स्टेशन के ऑल कार्गो बनने से यह स्टेशन रेलवे के लिए बड़ी आमदनी वाला स्टेशन तो बन गया है, लेकिन इस क्षेत्र को जो 100 वर्षों से भी अधिक समय से रेल यात्री गाड़ियों की सुविधा मिली थी, उसको लगभग समाप्त कर दिया गया है। जिस कारण लोगों में रोष है। दैनिक रेल यात्री संघ फरूखनगर के संस्थापक बीएस सारवान, मुख्य संरक्षक राव मान सिंह, प्रधान एस. हरभजन सिंह ने फरूखनगर क्षेत्र की कुछ मांगें भी रेलवे सलाहकार समिति सदस्य अमित गोयल से सांझा की। इसमें बताया गया कि डीईएमयू यात्री गाड़ी 04030/04901 च गाड़ी संख्या 04041/04042 को रविवार को भी चलाया जाए। यह 9 साल पुरानी मांग है।

# कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया निरीक्षण

**गुरुग्राम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के हरियाणा में स्वागत और यात्रा के प्रवेश के लिए शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभाव व सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मार्ग का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में यात्रा के प्रवेश स्थल हरियाणा-राजस्थान बार्डर से लेकर हरियाणा-दिल्ली बार्डर तक हरियाणा के क्षेत्र में यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा। उन्होंने बताया 21 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में फिरोजपुर झिरका से प्रवेश करेगी और गांव आकेड़ा में रुकेगी। अगले दिन 22 दिसंबर को सोहना के लाखुवास में ठहराव व सोहना (गुरुग्राम) में बड़ी जनसभा होगी। 23 दिसंबर को फरीदाबाद के बड़खल चौक पर विशाल जनसभा का आयोजन होगा।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इस यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन ने सत्तारुढ़ भाजपा की नींद उड़ा दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में इस यात्रा के प्रति भारी उत्साह है। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे सभी भारत यात्रियों का हरियाणा में आने पर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस संबंध में चंडीगढ़ में 7 तारीख को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े तमाम प्रबंधन को अंतिम रूप दे दिया जायेगा। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय कर दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस यात्रा को सफल बनाने के लिये कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

# नागरिक खुद बताएं आपका शहर कितना जीवंत है: सिगला

## ईज ऑफ लिविंग-2022 के तहत किया जा रहा है सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नागरिक** सरकार को बताएं कि आपका शहर कितना जीवंत है। शहर की जीवनशैली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रहन-सहन, स्वच्छता आदि के बारे में आप क्या सोचते हैं। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत गुरुग्राम सहित देश के 264 शहरों का सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत नागरिकों को यह मौका दिया गया है कि वे अपने शहर की जानकारी सांझा करें। यह बात गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कही।


गुरुग्राम में सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे को लेकर जागरूक करते विधायक सुधीर सिंगला और अन्य।

उन्होंने कहा कि सभी नागरिक सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में भागीदारी करके अपने शहर के बारे में सरकार को अवगत करवाएं। यह सर्वे ऑनलाईन माध्यम से किया जा रहा है। भागीदारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करके या ऑनलाईन लिंक पर क्लिक करके कुछ सवालों के उत्तर देने हैं। गुरूग्राम का यूएलबी कोड 800429 है, जिसके द्वारा अपने शहर की जीवनशैली से सरकार को अवगत करवाकर देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करनी है। ऐसा करके हम अपने शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ईज ऑफ लिविंग-2022 के तहत गुरुग्राम के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी नगर निगम गुरुग्राम के चीफटाऊन प्लानर सतीश पाराशर अपनी टीम के साथ विधायक कार्यालय सहित गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में गए। उन्होंने नागरिकों को सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे के बारे में जानकारी दी तथा भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इसके अलावा डीपीएस कॉलेज, डीपीएसजी सुशांत लोक, रेयान इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-31 में पहुंचकर शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को सिटीजन प्रसेप्शन सर्वे में भागीदारी करने का आह्वान किया। टीम में प्लानिंग असिस्टेंट रोहित जोशी व प्रोग्राम कोर्डिनेटर कुलदीप सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

# कृषि के क्षेत्र में नई-नई तकनीकियों को अपनाएं किसान : एसएस तोमर


शुक्रवार को खंड के गांव अभयपुर में जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी द्वारा लगाए गए कृषि मेला को संबोंधित करते यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. एसएस तोमर।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**कृषि** के क्षेत्र में नई-नई तकनीकियां आ रही हैं। जिनके उपयोग करने से किसान अपनी फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं। कृषि के क्षेत्र में राज्य व केन्द्र की सरकारें किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं ला रही हैं। ये बात जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के कृषि विभाग विंग के डीन डॉक्टर एसएस तोमर ने कही।

जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के माध्यम से शुक्रवार को खंड के गांव अभयपुर में एक दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से लेकर किसान और किसान मोर्चा सैल के सदस्यों ने भाग लिया। यूनिवर्सिटी की तरफ से मंच संचालन डॉ. रविन्द्र नाथ ने किया। यूनिवर्सिटी से डॉक्टर जीपी मीना कृषि विभाग के अध्यक्ष, डॉ. ज्योति अहलावत, पूर्व सरपंच धनपत यादव, पूर्व सूबेदार मेजर राजबीर सिंह आदि लोग मौजूद थे। कृषि की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को बारिकी से फसल पैदावार का ज्ञान दिया। यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. एसएस तोमर ने कहा कि वर्तमान में राज्य तथा केन्द्र की सरकार का कृषि पैदावार बढ़ोतरी के साथ-साथ किसानों को कृषि पैदावार से अधिक से अधिक लाभ होने पर ध्यान दे रही है। किसान की भलाई के लिए नई-नई तकनीकियां लेकर आ रही है। जिसे किसान कम पानी उपयोग वाली अधिक पैदा देने वाली फसलों से लाभ ले सके। वर्तमान में किसान को कृषि की पैदावार से लाभ तो हो रहा है, लेकिन इतना लाभ नहीं मिल रहा। किसान निर्भीकता से अच्छी तकनीकी अपनाते हुए अधिक लाभ वाली फसलें पैदा करें।

## बार एसोसिएशन चुनाव में भरे 11 नामाकंन जांच सोमवार को

**सोहना।** बार एसोसिएशन चुनाव में शुक्रवार को 10 नामांकन भरे गए। अब तक कुल 11 नामांकन हुए हैं।

16 दिसंबर को होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव में कुल 11 नामांकन भरे गए हैं। गुरुवार को एक मात्र नामांकन भरा था। प्रधान पद के लिए दो, उपप्रधान के लिए दो, महासचिव के लिए दो और संगठन सचिव के लिए पांच नामांकन भरे गए हैं। अधिवक्ता लखमिन्दर खटाना ने बताया कि भरे गए नामांकनों की सोमवार को छटंनी होगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार-प्रसार में तेजी आ गई है। इस बार का चुनाव बहुत ही करीब का होने वाला है। क्योंकि प्रधान, उपप्रधान और महासचिव के पद पर दो-दो ही प्रत्याशी अभी तक मैदान में हैं। सोमवार को नामांकन छटनी के दौरान प्रधान, उपप्रधान और महासचिव के किसी एक पद पर एक ही नामांकन रह सकता है। यदि सभी नामांकन सही पाए जाते हैं। उसके बाद चुनाव में दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव कड़ा होने की संभावना है।

# गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम में हुआ गीता जयंती महोत्सव का आगाज

## कत्थक नृत्यांगना नयनिका घोष की प्रस्तुति से सजा गीता महोत्सव का मंच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरु** द्रोण की धरती गुरुग्राम में संस्कृति, अध्यात्म व कला के संगम के साथ शुक्रवार को गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस महोत्सव में आयोजित प्रदर्शनी के साथ साथ जिलावासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया।

कत्थक नृत्यांगना नयनिका घोष की प्रस्तुति ने जहां गीता महोत्सव की संध्या को अपनी कला से रोशन कर दिया, वही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादीपुर के विद्यार्थियों की धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुति ने लोगों के अंतर्मन में स्थान बनाया। यह महोत्सव जिला के सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल परिसर में 4 दिसंबर तक मनाया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए इसका विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने महोत्सव में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वहां लगाई गई स्टॉल के बारे में जानकारी प्राप्त की।


गुरुग्राम में गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ करती जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु।


गुरुग्राम में गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित करती मुख्य अतिथि।

प्रदर्शनी में कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की भी स्टॉल लगाई गई थी। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र- छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

शारदा इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ने गणेश वंदना की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादीपुर के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी लोकनृत्य-म्हारा हरा-भरा हरियाणा, दूध-दही का खाना सै, रीत पुरानी सै, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसी विद्यालय की छात्राओं द्वारा राधा-कृष्ण की रासलीला पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विश्व विख्यात कथक कलाकार नयनिका घोष द्वारा-जय जय राधे कृष्ण हरे पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बालपन में मां यशोदा तथा राधा-कृष्ण की रासलीला के भावों को चित्रित किया गया था। राजकीय विद्यालय कादीपुर के राहुल की हरियाणवी संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई।

कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान और धर्म एक साथ चलते हैं, जो हमें आपस में मिल जुल कर रहना सिखाते हैं। गीता में कर्म करने के साथ-साथ आचरण, ज्ञान व आस्था के उचित संतुलन की बात कही गई है। भारतीय परंपरा में इन सभी के संतुलन के साथ जीवन में निरंतर कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि गीता हमे जीवन जीने की कला सिखाती है।

# गुरुग्राम विवि के युवा महोत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम

## कला के माध्यम से देश को उन्नति प्रदान की जा सकती है : जोगिंदर सुखीजा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निरंकारी** मंडल के शिक्षा प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। जिसमें उनका सर्वांगीण विकास संभव है। कला के माध्यम से समाज में देश को उन्नति प्रदान की जा सकती है।

शुक्रवार को स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में युवा महोत्सव गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय तीसरे युवा महोत्सव का उद्घाटन निरंकारी मंडल दिल्ली के शिक्षा इंचार्ज जोगिंदर सुखीजा ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में युवा समाज के प्रति अच्छा संदेश सीखकर जाएंगे। जिससे समाज के साथ-साथ देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवा यदि नशे से दूर रहता है तो देश को विश्व की महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहते हुए समाज और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना होगा। युवा महोत्सव से युवाओं को सामूहिकता में रहते हुए जो जीत हासिल होगी। वह देश की मजबूती को फायदा पहुंचाने वाली होगी। युवा संगठन में रहना सीख जाएगा। उसे एकता के बल के महत्व का भी आभास होगा। इससे पहले कॉलेज विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया था। कॉलेज प्रशासन ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। यूनिवर्सिटी ओएसडी सुमन वशिष्ठ, ऑब्जर्वर डॉ. विजय, डॉक्टर नीलम वशिष्ठ, प्रिंसिपल एमएस खत्री, वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर प्रेरणा शर्मा, डॉक्टर डीपी सिंह आदि के अलावा शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में दीप प्रज्वलित करते हुए।





युवा महोत्सव के मार्च पास में भाग लेते विधार्थी।

समूचे कॉलेज परिसर को दुल्हन की तरह सजाया था। युवा महोत्सव में करीब 43 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें कव्वाली, कविता पाठ, ग्रुप डांस, मोनो एक्टिंग, ग्रुप सॉन्ग आदि शामिल है। ऐसी प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सिटी के 20 कॉलेजों के करीब 600 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। जो अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए कॉलेज में चार स्टेज स्थापित किए हैं। शुक्रवार को युवा महोत्सव की शुरुआत टीमों द्वारा मार्च पास्ट करके की गई थी।

**पहले दिन आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं :** युवा महोत्सव के पहले दिन करीब एक दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें प्रतियोगी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऐसी प्रतियोगिताओं में रंगोली, मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, प्रिंटिंग, वाद-विवाद, ग्रुप सॉन्ग, लाइट म्यूजिक, गजल और भजन आदि शामिल रहीं।

# एमेजॉन ने सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग की विधियों के प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटकों की श्रृंखला - मिशन ग्राहक लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

amazon.in

**आज** एमेजॉन इंडिया ने मिशन ग्राहक के लॉन्च की घोषणा की। यह अभियान कई चरणों में होगा, जिनमें नुक्कड़ नाटकों द्वारा उपभोक्ताओं के बीच जानकारी व शिक्षा बढ़ाई जाएगी। इन नाटकों द्वारा एमेजॉन का उद्देश्य जमीन पर ऑनलाईन शॉपर्स के बीच पहुंचकर बढ़ते ईकॉमर्स सेक्टर में ग्राहकों का विश्वास और रुचि स्थापित करना है।

पहले चरण में नुक्कड़ नाटक कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और दिल्ली के 100 से ज्यादा शहरों में आयोजित किए जाएंगे। एमेजॉन इंडिया में वाइस प्रेसिडेंट, पब्लिक पॉलिसी, चेतन कृष्णास्वामी ने कहा, एमेजॉन के लीडरशिप के सिद्धांतों में से एक ग्राहकों की ओर केंद्रित रहना है, और हमारे सभी प्रयास ग्राहकों को भरोसेमंद और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित हैं। तेजी से बढ़ते ईकॉमर्स के परिदृश्य में, इस अभियान द्वारा, हम ग्राहकों का विश्वास व रुचि को स्थापित करना चाहते हैं। हम अपने ग्राहकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न लोकल जोंस में अंतिम छोर तक जा रहे हैं, और हाथोंहाथ फीडबैक भी ले रहे हैं।

नुक्कड़ नाटकों द्वारा इस विस्तार में भारतीयता और नवीनता भी शामिल हो जाएगी। रोहित कुमार सिंह, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार ने अपने संदेश में कहा, देश में डिजिटल विस्तार और ईकॉमर्स की वृद्धि प्रगति और समृद्धि की ओर एक अच्छा संकेत है। भारत में ऑनलाईन शॉपर्स के बढ़ने के साथ यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि उनके अधिकारों की रक्षा हो, और उन्हें शॉपिंग का सुरक्षित व भरोसेमंद अनुभव प्राप्त हो। मुझे एमेजॉन के कंज्यूमर अवेयरनेस और एजुकेशन अभियान - मिशन ग्राहक के बारे में जानकर खुशी हुई। यह अभियान नुक्कड़ नाटकों द्वारा उपभोक्ताओं को शिक्षित और सशक्त बनाएगा। मुझे विश्वास है कि इनके द्वारा दर्शकों को इंटरैक्टिव अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में पता चलेगा। नुक्कड़ नाटक टियर 1 शहरों में शुरू होंगे, लेकिन उनका मुख्य फोकस टियर 2 और टियर 3 शहरों पर होगा, जहाँ ऑनलाइन शॉपिंग और भुगतान करने में लोग अभी भी झिझकते हैं। बाजारों में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इनमें से हर नाटक 8 से 12 मिनट का होगा, जिसके बाद दर्शकों का फीडबैक लिया जाएगा।

ये नाटक शिकायत निवारण, ऑनलाईन शॉपर्स के कर्तव्यों, सुरक्षित तरीके से ऑनलाईन भुगतान के तरीकों, प्रोडक्ट इन्फॉर्मेशन के पहलुओं आदि विषय प्रस्तुत करेंगे। यह देश में किसी भी ईकॉमर्स कंपनी द्वारा चलाया गया एक अद्वितीय अभियान है, और सबसे ज्यादा प्रभाव एवं विस्तार के लिए ये नाटक स्थानीय भाषाओं/बोलियों में आयोजित होंगे।

# बीके में जल्द लगेगी ओपीजी मशीन, तैयारियां शुरू

### ओपीजी एक बार में पूरे जबड़े कर करेंगी एक्स-रे, फिलहाल एक से तीन दांत का होता है एक्स-रे

**कविता** । फरीदाबाद



डेंटल डॉक्टर स्वेता दांतों की जांच करते हुए।



डेंटल के लिए तैयार किया जा रहा रूम और बदला गया ईसीजी रूम।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में आने वाले दंत रोगियों को अब बाहर से एक्स-रे करवाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि बीके अस्पताल के कमरा नम्बर 25 में जल्द ही ओपीजी मशीन लगाई जाएगी। जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। मशीन के लिए दीवारों की जांच की जा रही है, कि वह कितने इंच की है। वहीं जब इस विषय में डेंटल डॉक्टरों से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मशीन के लिए रूम तैयार किया जा रहा है। जिससे मरीजो के पूरे जबड़े का एक्स-रे एक ही बार में हो सकेगा।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में फिलहाल दांतों की बीमारियों से छुटकारा दिलाने के लिए दो कक्षों में ओपीडी चल रही है। इसके लिए अस्पताल में चार चिकित्सक तैनात हैं। जिसमें डेंटल डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. वंदना अरोड़ा, डॉ. धीरज, डॉ. स्वेता, डॉ. मीनू शामिल हैं। अस्पताल में एक एक्स-रे रूम भी है। लेकिन यहां केवल एक से तीन दांतों के एक्स-रे ही किए जा सकते हैं। मशीन में एक से तीन दांत आने के कारण पूरे जबड़े के लिए कई-कई एक्स-रे करवाये जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि बीके अस्पताल में आई ओपीजी मशीन शुरू करने के लिए तैयारियां हो रही है।

फिलहाल ओपीडी के ईसीजी रूम को कमरा नम्बर 24 में शिफ्ट करके उक्त कमरा नम्बर 25 में दीवारों के प्लास्टर को तोड़कर रेडिएशन के लिए जांच की जा रही है। साथ ही दरवाजे को भी तोड़कर चौड़ा करने का कार्य किया जाएगा। ताकि जल्द से जल्द इस मशीन को शुरू कर दिया जाए।

### ये है मशीन

अस्पताल में पहले से मौजूद डेंटल एक्स-रे मशीन से फिलहाल खराब हुए दांत और उसके आसपास का एक्स-रे ही होता है। जिससे स्थिति क्लीयर नहीं पाती। ऐसे में कई बार बाहर से भी मरीजों को एक्स-रे करवाना पड़ जाता है। लेकिन ओपीजी मशीन के लग जाने के बाद ऐसा नहीं हागा। क्योंकि इस मशीन से एक ही एक्स-रे में दांतों के विभिन्न प्रकार के रोगों को देखा जाता है। मशीन का इस्तेमाल जबड़ा, दांतों एवं साइनस का एक्स-रे भी किया जाता है। इस मशीन के शुरू होने से मरीजों को बाहर से एक्स-रे नहीं करवाने पड़ेंगे।

## बुलेट प्रतिरोधक जैकेट बनाने पर किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा मैसर्स एसएमपीपी प्रा.लि., पलवल को आईएस के अनुसार बुलेट प्रतिरोधक जैकेट के लिए और मैसर्स स्टार सेफ्टी हब, फरीदाबाद को आईएस के अनुसार ऊष्मा एवं ज्वाला के विरुद्ध सरंक्षण के लिए परिधान के लिए 30 नवंबर 2022 को सम्मानित किया। प्रमोद कुमार तिवारी, महानिदेशक, भामाब्यू, एचजेएस पसरीचा, डीडीजी प्रमाणन, राजीव शर्मा, डीडीजी मानकीकरण, विभा रानी, प्रमुख फरीदाबाद शाखा कार्यालय एवम उपरोक्त उद्योगों के प्रतिनिधियों ने शोभा बढ़ाई। महानिदेशक, भामाव्यू ने अखिल भारतीय प्रथम लाइसेंसधारियों का स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इन मानकों से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# मनुष्य को जीवन जीने की राह दिखाती है श्रीमद्भागवत गीता

### जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का धूमधाम से हुआ रंगारंग आगाज

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



सेक्टर-12 कंवेशन हॉल में गीता जंयती के अवसर लगे स्टाल पर खरीदारी करतीं महिलाएं।



कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह और अन्य।

**विधायक** नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रन्थ श्रीमद्भागवत गीता है। यह हर मनुष्य कठिन से कठिन परिस्थितियों में गीता ग्रन्थ जीवन जीने की राह दिखाती है। अगर हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर लें तो यह हमें बेहतरी की ओर लेकर जाती है। विधायक नरेंद्र गुप्ता शुक्रवार को सेक्टर-12 कंवेशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया। इसके बाद उन्होंने गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों व सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का उद्घाटन कर अवलोकन भी किया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी के आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भर में अन्तरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जिला स्तर पर मनाए जा रहे है।

अपने संबोधन में उन्होंने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के लिए जिला प्रशासन व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजन के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ विश्व का सबसे बड़ा आधुनिक मनुष्य जीवन शैली पर आधारित ग्रंथ है। गीता के विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार सराहनीय कदम उठा रही है। विश्व में श्रीमद्भागवत गीता का पहला संदेश भगवान गुरु श्रीकृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को गीता ग्रंथ के 18 अध्याय और 700 श्लोकों में मनुष्य के आधुनिकतम जीवन का पूरा वर्णन किया गया है। यह मानव जीवन को स्वच्छ बनाकर निष्काम भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

जिला स्तरीय अन्तरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अध्यक्षता कर रहे पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य के जीवन की समस्याओं के समाधान का निचोड़ है। श्रीमद्भागवत गीता ग्रन्थ में मनुष्य के आधुनिक जीवन में आने वाली हर समस्या के समाधान का रास्ता मिलता है।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को श्रीमद्भागवत ग्रन्थ के सार का पूरा ज्ञान हो और उस ज्ञान को अपने जीवन में ढाल कर समाज के लिए काम करें। उन्होंने दैनिक जीवन में काम आने वाले श्रीमद्भागवत गीता के विभिन्न संदेशों का वर्णन करते हुए कहा कि जब भी जीवन में तनाव हो उसी समय हमें गीता के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता हमें जीवन जीने की राह बताता है। हरियाणा रेड क्रॉस वाइस चेयरमैन सुषमा गुप्ता, नगर निगम के ज्वाइंट कमीशनर डॉ. शिखा, सीटीएम अमित मान, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित तमाम विभागों के जिला अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षण संस्थान संचालक के कार्यालय और घर पर ईडी की छापेमारी



### ईडी की टीम ने एक साथ एक ही समय पर शुरू किया सर्वे

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**शहर** में स्थित एक नामचीन शिक्षण संस्थान के कॉलेज, स्कूल, कॉरपोरेट कार्यालय और संचालकों के घर पर ईडी की टीम ने शुक्रवार सुबह एक साथ छापा मारा। फरीदाबाद के साथ संस्थान के गुरुग्राम स्थित कार्यालयों पर छापेमारी की गई। सुबह नौ बजे से शुरू हुई जांच पड़ताल समाचार लिखे जाने जारी है।

जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शुक्रवार को सूरजकुंड रोड स्थित कॉलेज, सेक्टर 14 स्थित स्कूल, एनएच पांच स्थित संस्थान के कॉरपोरेट कार्यालय और संचालकों के घर में एक साथ जा पहुंची। ईडी की टीमों में करीब 35 से 40 सदस्य मौजूद थे। संस्थान के संचालकों के शहर में स्थित अलग अलग ठिकानों पर सभी टीमें एक साथ पहुंची थी। टीमों ने संस्थानों को पूरी तरह अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति न तो अंदर से बाहर आने की इजाजत थी और न बाहर से अंदर जाने की इजाजत दी जा रही थी। जांच पड़ताल के दौरान इन सभी स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से स्थानीय पुलिस भी तैनात थी। बताया गया है कि फरीदाबाद के अलावा गुरुग्राम में स्थित संस्थान के कार्यालयों में ईडी की टीम द्वारा इसी तरह की जांच पड़ताल की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक सभी स्थानों पर ईडी की टीमों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर के दो खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल



अबीर।



सियोना।

**फरीदाबाद।** सोनीपत स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन-दो रोलर स्केटिंग का तीन दिवसीय टूर्नामेंट आयोजित किया गया। 29 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन फरीदाबाद के दो खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया है। जिसमें सेक्टर-88 स्थित आरपीएस सवाना सोसायटी के रहने वाले अबीर गोयल ने 300 मीटर रिंग रेस में गोल्ड और 500 मीटर में रिंग रेट से सिल्वर मैडल जीता है। अब वह नेशनल लेबल चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुआ है। सोसायटी निवासी सियोना सुमंबली ने 500 मीटर की क्वार्ड स्केटिंग में अंडर-8 में खेलकर एक सिल्वर मैडल हासिल किया है। जिसके कारण वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी भाग लेगी। अबीर गोयल दिल्ली स्कोलर इंटरनेशन स्कूल सेक्टर-88 का चौथी कक्षा का छात्र है। उसके पिता पराग गोयल और माता सीमा गोयल है। अबीर अंडर-10 ग्रुप में भाग ले रहा हैं, उसने जीत का श्रेय अपने कोच प्रदीप भाटी को दिया है। सियोना सुमंबली के पिता विपिन और मां मेघा कौल ने बताया कि वह दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर-81 ग्रेटर फरीदाबाद की छात्रा है।

### अलायंस क्लब ग्रीन ने वृद्ध आश्रम में लगाया शिविर

**फरीदाबाद।** अलायंस क्लब इंटरनेशनल ग्रीन डिस्ट्रिक्ट फरीदाबाद 150 के सभी सदस्य समय-समय पर वृद्ध आश्रम फरीदाबाद में वृद्धजनों की सेवा करते रहते हैं। कभी उनके लिए फलो कार्यक्रम रखना। सर्दी का मौसम आने से पूर्व ही वृद्ध आश्रम के सदस्यों के कम्बल एवं रजाई का प्रबंध करना तथा हर बार सभी सदस्यों को कहना कि जिस चीज की आवश्यकता हो हमें बताए तथा वो अपने आप को अकेला न समझे। एक प्रकार से अलायंस के सदस्यों ने उनकी सेवा ऐसे ही की जैसे बच्चे अपने मां-बाप की करते हैं। अलायंस क्लब के प्रधान अलाय धर्मेन्द्र गोयल, अलाय मनमोहन मंगला शामिल रहे।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री का किया स्वागत



महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के राजेन्द्र पांचाल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष हंसराज अहीर का बुके देकर स्वागत करते हुए

**फरीदाबाद।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री हंसराज अहीर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। उनकी इस नियुक्ति पर महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के पदाधिकारियों ने बुक्के देकर उनके कार्यालय में स्वागत किया। इस मौके पर महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के राजेन्द्र पांचाल, प्रवीन राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिलकर सहित गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित थे।


### नशा मुक्त अभियान में श्री महाकाली मंदिर ने दिया सहयोग

**फरीदाबाद।** जिले में नशा मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज सिद्ध पीठ श्री महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार उर्फ रक्कू ने मंदिर संस्था की ओर से अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि नशा समाज का नाश करने का काम करता है और जब सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2003 में ही धार्मिक संस्थानों एवं शिक्षण संस्थानों के आसपास 100 मीटर दायरे में नशे को पूर्ण रूप से बैन कर दिया गया है तो प्रशासनिक अधिकारी उन नियमों की पालना क्यों नहीं करवाते। महिला एवं बाल विकास परिषद के चेयरमैन डॉ. तरुण अरोड़ा एडवोकेट व हंस वाहिनी से मनसा पासवान एडवोकेट को पत्र सौंपकर मंदिर परिसर के आसपास दायरे में नशा बंद करने का निवेदन किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। एडवोकेट तरुण अरोड़ा एवं मनसा पासवान ने आश्वास्त किया कि आप सभी का सहयोग रहा तो फरीदाबाद को पूर्णत: नशा मुक्त बना दिया जाएगा।

### सरकार अग्निशमन को निकाय विभाग में शामिल करें: शास्त्री

**फरीदाबाद।** फायर सर्विस विभाग को अर्बन लोकल बॉडीज विभाग से लेकर रेवेन्यू एंड डिजास्टर मैनेजमेंट के अंडर करने से प्रदेश के अग्निशमन विभाग में 5 से 20 वर्षो से पे-रोल व आउटसोर्सिंग पर लगे 1539 फायरमैन, चालक व फायर ऑपरेटर की नौकरी पर लटकी छटनी की तलवार। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री महासचिव मांगेराम तिगरा व अग्निशमन विभाग के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंनद, महासचिव सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश भर के पे-रोल व आउटसोर्सिंग दमकल कर्मी अपनी मांगों व नौकरी को सुरक्षित करने के लिए लंबे समय से नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सडकों पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने इनकी मांगों का समाधान करने व सेवा सुरक्षा की गारंटी देने की बजाए अग्निशमन विभाग को लोकल बॉडीज विभाग से अलग कर कर्मचारी ताकत व एकता को तोड़ने का प्रयास किया है। इस कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व गुस्सा पनप रहा है, उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में नगरपालिका व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर 19 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2022 तक 11 दिन तक व्यापक एव मजबूत हड़ताल की थी हड़ताल के दबाव में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता की अध्यक्षता व मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव उमाशंकर की उपस्थिति में संघ व सरकार के बीच हरियाणा निवास सेक्टर-3 चंडीगढ़ में कुछ मांगों पर सहमति हुई थी जिसमें मुख्यता दमकल विभाग को वापस निकाय विभाग में शामिल करने व दमकल विभाग में वर्षों से लगे कर्मचारियों को 58 साल तक रोजगार की सुरक्षा गारंटी देने पर भी सहमति हुई थी, लेकिन लेकिन अब सरकार अपने वायदे से पीछे हटते हुए अग्निशमन विभाग को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विलय करके दमकल कर्मियों की नौकरी पर छंटनी की तलवार लटका दी है।

### खुदीराम बोस और सुचेता कृपलानी को नमन किया



**फरीदाबाद।** आजादी के शहजादे संस्था ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस और सुचेता कृपलानी को याद किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा ने कहा कि सुचेता कृपलानी एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ थी जो देश की आज़ादी के बाद उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री भी बनी। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि खुदीराम बोस ऐसे युवा स्वतंत्रता सेनानी थे जो भारत की स्वतंत्रता के लिये मात्र 18 वर्ष की आयु में फांसी पर चढ़कर मां भारती के लिये शहीद हुए। इतिहासकारों ने कहा कि वे अपने देश के लिये फांसी पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के ज्वलन्त तथा युवा क्रांतिकारी देशभक्त थे। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने बताया कि खुदीराम बोस कलकत्ता के मजिस्ट्रेट किंग्जफोर्ड को कलकत्ता- बंगाल विभाजन व क्रांतिकारियों पर अत्याचार के लिए मारने की योजना बनाई थी और इसके लिए उन्होंने किंग्जफोर्ड की बग्गी पर बम फेंका लेकिन वह उस बग्गी में नहीं थे और उस बम से दो यूरोपीय स्त्रियां मारी गई थीं। जिसके लिये उन्हें तीन दिसम्बर को फांसी पर चढ़ा दिया था। मौके पर सरपरस्त यशपाल भल्ला, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू लाम्बा, चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा, राष्ट्रीय महासचिव रजत लाम्बा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ए बावा, जिला अध्यक्ष नीलम खत्री, मयूर सिंह, प्रिता आहूजा, विनोद आहूजा, मोनिक आजाद व विनोद भरेज सहित सभी कार्यकर्ताओं ने इन स्वतंत्रता सैनानियों को पुष्प अर्पित करके याद किया।

# महिलाओं से छेड़छाड़ करते तीन युवक गिरफ्तार



छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ पुलिस अधिकारी।

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले तीन मनचलों को काबू किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि मनचले युवक छात्र हैं जो कॉलेज में पढ़ाई करते हैं तथा आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में राहुल कॉलोनी में रहने वाले राहुल और विशाल तथा पर्वतीय कॉलोनी में रहने वाले दीपक को काबू किया गया है। महिला सुरक्षा में ऐसे मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद रहते हैं। इसी प्रकार महिला थाना एनआईटी तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने एनआईटी पांच नंबर कन्या विद्यालय के सामने से 3 मनचलों को काबू किया। छेड़छाड़ करने वाले युवकों के परिजनो को थाने बुलाया गया तथा उनकी काउंसलिंग की गई तथा उन्हें सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि अगली बार वह ऐसी हरकत करते पाए गए तो उन उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें उन्हें जेल तक जाना पड़ सकता है।

# विधायक ने दी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर बुकें भेंट करते विधायक राजेश नागर।

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलकर जन्मदिन की बधाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया। विधायक राजेश नागर ने अपने क्षेत्र के विकास आदि के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

नागर ने कहा कि आपका चरित्र और व्यक्तित्व हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम सभी आपकी वाणी को सुनकर दिनों दिन शक्ति महसूस करते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आप के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी दिनों दिन तरक्की कर रही है और हमारे नेतृत्व की कुशलता में देश की कुशलता निहित है। नागर ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल के नेतृत्व कौशल और शासन को बेदाग छवि के साथ चलाने को विपक्ष भी सराहते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर्ष का अनुभव कर रहा है कि उसके पास एक ऐसा नेतृत्व है, जो कार्यकर्ता की सुनता है और एक ऐसी सरकार है जो देशवासियों की आवाज को सुनती है। नागर ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि नड्डाजी का जन्म दिवस हम सबके लिए सेवा दिवस के रूप में सामने है। हम उनकी कुशल नेतृत्व वाले व्यक्तित्व को अंगीकार कर आगे बढ़ रहे हैं और दिनों दिन देश समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। नागर ने कहा कि हरियाणा में एक ऐसी सरकार है जो किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करती है और यहां हर कार्य प्राथमिकता के आधार पर और योग्यता के आधार पर हो रहे हैं।

नागर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान हमारे नेतृत्व पर अपनी कृपा रखें और हम सभी लोगों को दिनों दिन देश को तरक्की की राह पर ले जाने का अवसर प्राप्त होता रहे। हमारा देश तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता रहे।

## पोस्टर और नारों से एड्स के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** सेक्टर-आठ स्थित पॉलिटेक्नीक में बृहस्पतिवार को विश्व एड्स दिवस मनाया। जिसकी अध्यक्षता मीनू वार्मा ने की। जबकि संचालक सुमित्रा मेडिकल डिपार्टमेंट ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने विभाग में जागकर जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सज्जल लाल ने कहा कि विश्व एड्स दिवस 1988 से हर साल एक दिसंबर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य जागरूकता को बढ़ाना और बचाव के तरीकों को अपनाना है। जिसमें सेक्टर-8 ईएसआई अस्पताल की टीम से एआरटीसी डिपार्टमेंट की सलाहकार आशा पाण्डेय ने बताया कि एड्स स्वयं में कोई बीमारी नहीं है तथा स्कीन के डॉ. अखिल महाजन ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अखिल महाजन, निशा कौशिक, एलटी कोर्डिनेटर टीम मधु, शालिनी, सरोज, प्रेमपाल, आरती आदी लोग मौजूद थे।

### आगामी 21 दिसंबर को राजस्थान से हरियाणा में प्रवेश पर सभी यात्रियों का होगा भव्य स्वागत : दीपेन्द्र हुड्डा

# भारत जोड़ो यात्रा के मार्ग का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



राहुल गांधी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के मार्ग का निरीक्षण करते चौधरी उदय भान और दीपेन्द्र हुड्डा।

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भारत जोड़ो यात्रा के पूरे रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने हरियाणा में यात्रा के प्रवेश स्थल हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर से लेकर हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर तक जहां हरियाणा में इस यात्रा का अंतिम पड़ाव होगा, के पूरे मार्ग को बारीकी से देखा और भारत यात्रियों के ठहरने, भोजन आदि से संबंधित तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी ली, साथ ही स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश भी दिये।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इस यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन ने सत्तारुढ़ भाजपा की नींद उड़ा दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में इस यात्रा के प्रति भारी उत्साह है और राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे सभी भारत यात्रियों का हरियाणा में आने पर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस संबंध में चंडीगढ़ में सात दिसंबर को होने वाली बैठक में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े तमाम प्रबंधन को अंतिम रूप दे दिया जायेगा और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी तय कर दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में यात्रा को सफल बनाने के लिये कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, भारत जोड़ो यात्रा के हरियाणा प्रभारी विधायक राव दान सिंह, विधायक मामन खान, विधायक मोहम्मद इलियास प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी ने 21 दिसंबर को राजस्थान से हरियाणा में प्रवेश करने वाले यात्रा पॉइंट फिरोजपुर झिरका से सोहना और फरीदाबाद के आखिरी पॉइंट तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया और विश्राम स्थल, प्रस्तावित जनसभा स्थलों की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया 21 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में फिरोजपुर झिरका से प्रवेश करेगी।

## रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा रात्रि के देर रात तक डीजे व लाउडस्पीकर बजाने से स्टूडेंट बीमार व्यक्ति और आने जाने वालों की परेशानी को देखते हुए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात्रि के समय डीजे से स्टूडेंट व आने जाने वाले लोगों की परेशानी को देखते हुए रात्रि के समय डीजे बजाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी वाटिका मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी वाटिका और बैंकट हॉल उचित पार्किंग का प्रबंध करें। वाहनों की सुरक्षा के लिए गार्ड और सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। वाटिका और बैंकट हॉल के सामने अगर वाहन रोड पर खड़े मिली तो चालान किए जाएंगे और वाटिका और वेंकट हॉल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रेडक्रॉस के उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता को सार्थक करें

**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशानुसार सचिव बिजेंद्र सौरोत के मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श सीनियर सेकंडरी विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में पांच दिवसीय जिला जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के जूनियर रेडक्रॉस सदस्यों को सम्मानित किया।


मुख्य अतिथि के रूप में सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोत और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा उपस्थित रहे। कैंप डायरेक्टर इशांक कौशिक ने कैंप रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी सदस्य वालंटियर्स से रेडक्रॉस के कार्यों में आगे बढ़ कर सहयोग करने की अपील की। सचिव बिजेंद्र सिंह ने सभी से रेडक्रॉस के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए रक्तदान, ट्रैफिक रूल्स, आपदा प्रबंधन सहित नशा मुक्ति आदि के कार्यों में जुड़ने का आह्वान किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस प्रारंभ से ही सात उद्देश्यों मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा एवम सार्वभौमिकता के रथ के रूप में सेवा कार्यों में तत्पर है।

प्राथमिक तौर पर इस संस्था की स्थापना 1863 में युद्ध मे घायल सैनिकों की सहायता के लिए की गई थी। धीरे-धीरे संस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा तथा प्रोत्साहन मिला जिससे इनके मुख्य उद्देश्यों में भी वृद्धि हो गई। युद्ध, अकाल, बाढ़ आदि आपदाओं में घिरे लोगों की सहायता करना, आवश्यकता में पड़े व्यक्तियों को खाना पहुंचाना, विपरीत परिस्थियों में लोगों तक नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क रहने की व्यवस्था करना, सरकार की सहायता कर रेस्क्यू अभियान चलाना, मानवीय कारणों के सिद्धांतों और आदर्शों का प्रचार प्रसार करना आदि में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## कांग्रेस की गलती

### विकृत विमर्श

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की रावण से तुलना कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने अपना या अपनी पार्टी का मान नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे की 'रावण' टिप्पणी पर निशाना लगाते हुए बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'रामभक्तों' की धरती पर किसी को रावण कहना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि पौराणिक कथाओं के खलनायक के प्रति राजनेताओं व सार्वजनिक व्यक्तित्वों का खास आकर्षण है। हाल ही में आई मूवी आदिपुरुष में सैफ अली खान ने रावण की भूमिका निभाई थी। इसने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया था, हालांकि बहुत से लोग इस बात से व्यथित थे कि रावण का गलत व आक्रामक प्रस्तुतीकरण किया गया था। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि रावण एक विद्वान ब्राह्मण था। लेकिन जैसे ही राक्षसराज रावण को प्रेस में कुछ 'सम्मानपूर्ण' स्थान मिलने लगा, वैसे ही खड़गे ने यह तुलना कर दी। इस प्रकार उन्होंने रावण की छवि को बुराइयों के प्रतीक से पुनः जोड़ दिया। मोदी की हर जगह उपस्थिति व खासकर वर्तमान विधानसभा चुनावों में उपस्थिति पर खड़गे ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'आप कितनी बार अपना चेहरा दिखांएगे? क्या आपके रावण की तरह सौ सिर हैं?' इस पर मोदी ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रतियोगिता चल रही है कि उनकी कौन ज्यादा बेइज्जती कर सकता है। गुजरात के कलोल में चुनाव प्रचार करते हुए नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि हाल में एक कांग्रेसी नेता ने कहा था कि 'मोदी कुत्ते की मौत मरेंगे', जबकि एक अन्य नेता ने 'हिटलर की मौत' कहा था। एक ओर कांग्रेसी नेता ने कहा था कि अगर मौका मिला तो वे मोदी को मार डालेंगे। मोदी ने याद दिलाया कि कांग्रेस नेताओं ने उनकी तुलना राक्षस, रावण, आदि से की है।



प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि ऐसी भाषा का प्रयोग राजनीति में नहीं किया जाना चाहिए और यह एक निन्दनीय कृत्य है। लेकिन दुर्भाग्य से खराब भाषा का प्रयोग करने, बेलगाम बयानबाजी व व्यक्तिगत हमले करने के मामले में कांग्रेसी नेता अकेले नहीं हैं। अनेक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने भी ऐसा बार-बार किया है। कुछ पार्टियों के आईटी सेल ने राजनीतिक बहस को भद्दा, गाली-गलौज से भरा व अशोभनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके लिए अशालीन होने की कोई सीमा नहीं है। इस मामले में कांग्रेस की तुलना में दूसरी पार्टियां बेहतर नहीं हैं। यह प्रक्रिया काफी समय से जारी है। इस प्रक्रिया की बढ़ती लोकप्रियता के कारण दो प्रकार की तर्क पद्धतियां सामने आई हैं। 'एड होमीनिम' किस्म के तर्क का अर्थ व्यक्तिगत हमले करना है, जैसा खड़गे ने किया है। इस पद्धति में तर्क के बजाय तर्क देने वाले की आलोचना की जाती है। उदाहरणस्वरूप, यदि कोई देश के लिए आर्थिक सुधारों को ठीक बताए तो उसका जवाब तथ्यों व तर्कों के माध्यम से देने के बजाय उसे बहुराष्ट्रीय निगमों, विश्व बैंक, अमेरिका, आदि का मुहरा बता दिया जाता है। दूसरी तर्क पद्धति 'टू क्वोक्यू' या 'वाटाबूटरी' है। इसे सरल भाषा में इस प्रकार कहा जा सकता है कि 'तुम्हारा घोटाला मेरे घोटाले से बड़ा है।' उदारणार्थ, यदि कोई कहे कि अमुक व्यक्ति ने 50 करोड़ रुपये का वित्तीय घोटाला किया है तो दूसरा व्यक्ति उसके ज्यादा बड़े घोटाले की ओर इशारा कर चिल्लाएगा, 'तुम्हारे बारे में क्या कहा जाए।' इस प्रकार की गलत तर्क पद्धतियों ने राजनीतिक विमर्श को पटरी से उतार दिया है। इस कारण व्यावहारिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर स्वस्थ बहस गायब हो गई है, महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित ही नहीं किया जाता है तथा उनके स्थान पर व्यक्तिगत हमलों व निन्दनीय टिप्पणियों का बोलबाला हो जाता है। इन प्रवृत्तियों को अवश्य ही उल्टा जाना चाहिए, लेकिन इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक प्रकार की आचार संहिता बनानी होगी। लेकिन यह काम अपने आप में बहुत कठिन है।

# कचरा निस्तारण में सबका सहयोग जरूरी

आम आदमी पार्टी का प्रशासन से कोई सरोकार नहीं है। नगर निगमों ने दिल्ली सरकार की सहायता बिना कचरा हटाने का प्रयास किया है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



**दिल्ली** की जनसंख्या में 2011 से 2021 के बीच 32 लाख से अधिक लोग जुड़े हैं और लगभग आठ लाख नए परिवार शामिल हुए हैं। यह 2021 के लिए अनुमानित आंकड़ा है क्योंकि आधिकारिक आंकड़ों की अभी प्रतीक्षा है। दिल्ली में लगातार प्रवासी लोग आ रहे हैं जिसका कारण बिहार जैसे राज्यों में नौजवानों के लिए उपयुक्त अवसरों का अभाव है। कुछ साल पहले मध्य प्रदेश के इंदौर में भी लैंडफिल साइटें पहाड़ की तरह ऊंची हो रही थीं और आंख की किरकिरी बनी हुई थीं। यहां शहर की फलती-फूलती अर्थव्यवस्था तथा आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, आदि क्षेत्रों की वृद्धि के साथ कचरा भी बढ़ रहा था। इससे निपटने के लिए राज्य सरकार ने एक खास नीति बनाई जिसके परिणामस्वरूप थोड़े ही समय में इंदौर में नगर का कचरा निगम की प्रशासनिक शक्ति की परीक्षा सिद्ध हुआ। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कचरे के पहाड़ से निपटने की रणनीति के कारण चीजें पूरी तरह बदल गईं। नगर निगम का राज्य सरकार ने पूरी मजबूती से समर्थन किया तथा स्थिति से निपटने के लिए उसने वित्तीय समर्थन दिया।

इससे उसने स्थिति में परिवर्तन के लिए लोगों तथा मशीनों को काम पर लगाया। राज्य सरकार ने इंदौर नगर निगम की उदारता से सहायता की। इसके परिणामस्वरूप ढलाव समाप्त हुए, घरों पर कचरा अलग-अलग किया जाने लगा, कई क्षेत्रों में कचरा प्रसंस्करण का काम शुरू हुआ, कचरा फैलाने के खिलाफ कठोर जुर्मानों का प्राविधान किया गया तथा होटलों, अस्पतालों व रेस्टोरेंटों पर एक करोड़ रुपये तक फीस लगाई गई। विभिन्न पक्षों के अनुशासन से लैंडफिल साइटों के पहाड़ गायब हो गए तथा उनके स्थान पर शापिंग सेंटर व कार्यालय परिसर बनाए गए।

अनेक क्षेत्रों में बहुत से लोगों को आश्चर्य है कि दिल्ली 'इंदौर माडल' का अनुसरण कर गाजीपुर, ओखला व भलस्वा से कचरे के पहाड़ क्यों नहीं हटा सकता है। इसका जवाब है कि दिल्ली के पास मध्य प्रदेश जैसा प्रशासन नहीं है तथा राष्ट्रीय राजधानी में नगर सरकार व नगर निगम एक दूसरे के उल्टी दिशा में काम करते हैं। अकेले दिल्ली सरकार का विज्ञापन बजट ही नगर निगमों को लैंडफिल साइटें खाली करने में सक्षम बना सकता है। लेकिन आम आदमी पार्टी-आप के 2013 में सत्ता में आने के बाद दिल्ली सरकार ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में प्रशासनिक मानकों की जरा भी परवाह नहीं की है। दिल्ली सरकार ने नगर निगमों को वित्तीय रूप से भूखा मार दिया है। इसके बावजूद नगर निगम शहर के लोगों का जीवन सुधारने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं। लैंडफिल साइटों से कचरा हटाने की उनकी क्षमता इसी कारण पूरी तरह काम नहीं कर पा रही है। आंकड़ों से पूरी तरह स्पष्ट है कि नगर निगम सारी विपरीत स्थितियों का सामना करते हुए कचरों के पहाड़ छोटे करने का प्रयास कर रहे हैं। मई, 2022 में पहले से बने गाजीपुर, भलस्वा व ओखला की तीन लैंडफिल साइटों पर 229.1 लाख टन कचरा था जो सितंबर, 2022 में घट कर 203 लाख टन रह गया। इसका अर्थ है कि प्रति माह 6.52 लाख टन के हिसाब से चार महीने में लगभग 26.1 लाख टन कचरा हटाया गया। 2019 के मध्य में गाजीपुर, भिलस्वा व ओखला में 280 लाख टन कचरा था। मई, 2019 में यह घट कर 229.1 लाख टन रह गया। इसका अर्थ है कि तीन साल में प्रति माह 1.41 लाख टन के हिसाब से 50.9 लाख टन कचरा हटाया गया। 44 ट्रोमल मशीनों से भिलस्वा में रोज 9,000 से 10,000 टन कचरे का प्रसंस्करण होता है। उन्होंने जुलाई, 2022 तक 25 लाख टन कचरा प्रसंस्कृत किया है।

इसके साथ ही 26 ट्रोमल मशीनें ओखला लैंडफिल साइट पर रोज 7,000 टन कचरा प्रसंस्कृत करती हैं। उन्होंने जुलाई, 2022 तक 17 लाख टन कचरा प्रसंस्कृत किया है। इसके साथ ही गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 10 ट्रोमल मशीनें रोज 4,000 टन कचरा प्रसंस्कृत करती हैं। जल्द ही 50 अतिरिक्त ट्रोमल मशीनें गाजीपुर, नरेला व ओखला लैंडफिल साइटों पर कचरा प्रसंस्करण के लिए लगाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि 'वेस्ट टु इनर्जी प्लांट' की कुल क्षमता 5,250 टन कचरा प्रसंस्करण की है जो 52 मेगावाट बिजली बनाती है। तेहखंड वेस्ट टु इनर्जी प्लांट हाल ही में आपरेशनल हो गया है जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कार्यरत वेस्ट टु इनर्जी प्लांटों की संख्या बढ़ कर चार हो गई है। तेहखंड प्लांट के उद् घाटन के बाद दिल्ली में प्रति दिन कचरा प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ कर 2,000 मीट्रिक टन हो गई है। इस प्लांट से 25 मेगावाट तक हरित ऊर्जा भी पैदा होगी। इसके अतिरिक्त ओखला लैंडफिल साइट पर 12,300 एमटी बायो सीएनजी प्लांट, प्रति दिन 200 एमटी क्षमता वाले तीन बायोगैस प्लांट तथा प्रति दिन 175 एमटी क्षमता वाली आठ मैटल रिकवरी सुविधायें जल्द ही काम करने लगेंगी। अगस्त, 2025 तक नरेला में 3,000 मीट्रिक टन कचरे से ऊर्जा बनाने वाले प्लांट का निर्माण पूरा हो जाएगा।

2022 में ठोस नगरीय कचरे का समुचित प्रबंधन न करने के कारण एनजीटी ने दिल्ली सरकार पर पर्यावरणीय खामियाजे के लिए 900 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। लेकिन अगस्त, 2022 में दिल्ली सरकार ने एमसीडी के 900 करोड़ रुपये के भुगतान रोक लिए। इससे पता चलता है कि दिल्ली सरकार जनता की जरूरतों के प्रति संवेदनहीन है, जबकि वह महंगे विज्ञापनों के माध्यम से अपने हित पूरे कर रही है। इससे पता चलता है कि नगर निगम अपने दम पर राष्ट्रीय राजधानी में ठोस कचरा निस्तारण के टिकाऊ समाधान तलाशने में अग्रणी भूमिका अदा कर रहे हैं। यह भी समझने की जरूरत है कि इंदौर माडल को कठोरता से राष्ट्रीय राजधानी पर लागू नहीं किया जा सकता है क्योंकि अधिकारियों की संख्या बहुत अधिक है तथा दिल्ली सरकार विपरीत दिशा में काम करती है। यदि सभी पक्ष एकजुट हो कर काम करते तो नगर निगमों के काम में इच्छित तेजी आती तथा वह तीन कचरा स्थलों के पहाड़ों से जल्दी से निपट सकती। लेकिन दिल्ली सरकार ने पिछले 9 साल में केवल राष्ट्रीय राजधानी को शर्मिंदा करने के एजेंडे पर चली है। उसने केन्द्र सरकार द्वारा भेजे जाने वाले पैसों में से नगर संस्थाओं को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया है। इसके कारण ठोस कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक श्रमशक्ति व मशीनों का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इसके बावजूद नगर निगम पर्यटन स्थलों को बेहतर बना कर उनकी आमदनी से अपने राजस्व माडल परकाम कर रहे हैं। 'वंडर आफ द वर्ल्ड' पार्क ऐसा एक उदाहरण है जिसे कचरे से बनाया गया है और वह राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र बन गया है। ऐसे आकर्षण पूरे देश में सामने आ रहे हैं। लेकिन इसके उलट दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग ने एक भी परिसंपत्ति ऐसी नहीं बनाई है जो पर्यटकों को राष्ट्रीय राजधानी में आकर्षित कर सके।

इससे लोगों को यह अवसर मिला है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में राजनेताओं का आंकलन उनके द्वारा किए वादों के आधार पर कर सकें। नगर निगमों पर भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के प्रशासनिक माडलों तथा राष्ट्रीय राजधानी में आप शासन के नौ साल का माडल एक दूसरे के विपरीत रख कर देखने चाहिए। आप सरकार उन राज्यों में विज्ञापन पर भारी धनराशि खर्च करती है जहां केजरीवाल-नीत पार्टी चुनाव लड़ती है।

यदि इस विज्ञापन बजट का एक हिस्सा भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में नागरिक सुविधाओं को सुधारने पर खर्च किया जाता तो निश्चित रूप से यह शानदार शहर बन जाता। आखिर आप दिल्ली के लोगों के पैसे से स्वयं को गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश व गुजरात में आगे क्यों बढ़ाना चाहती है? आखिर उस पैसे का प्रयोग नगर निगमों की क्षमता बढ़ाने के लिए क्यों नहीं किया जा रहा है ताकि राष्ट्रीय राजधानी में लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। दिल्ली काम से पीछे हटने के बहानों के बजाय जवाबदेही चाहती है।

# आर्थिक प्रगति पर अत्यधिक जोर

**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)



**इन** दिनों आर्थिक वृद्धि सबकी जुबान पर है। हर व्यक्ति, हर समुदाय, हर समाज और हर देश ऐसी वृद्धि में दिलचस्पी ले रहा है। आज हम पूरे समय आर्थिक वृद्धि की बातें सुनते हैं। विकासशील देश, विकसित देश तथा गरीब देश इस अवधारणा से ग्रस्त हैं। सभी प्रमुख राजनेता वृद्धि की बात करते हुए इसे सुशासन का प्रमुख एजेंडा मान लेते हैं। संस्थागत एजेंसियां लगातार विभिन्न देशों के वृद्धि पैटर्नों का अध्ययन करते हुए वृद्धि तेज करने के नीतिगत ढांचे बनाती रहती हैं। राष्ट्रों तथा मनुष्यों के कल्याण के लिए आर्थिक वृद्धि को प्रमुख मुद्दा मान लिया गया है। लेकिन सवाल है कि क्या केवल आर्थिक वृद्धि वास्तव में उचित है? क्या इसमें अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत व सामूहिक कार्रवाई को नहीं जोड़ा जाना चाहिए जिसका उद्देश्य शांति, प्रगति व समृद्धि हो? क्या इसका परिणाम ऐसी कार्रवाई हो सकता है जिससे लोगों की प्रसन्नता बढ़े? क्या इससे ऐसे पैराडाइमों का विकास होगा जिनसे वैश्विक भौतिक परिवेश को सुरक्षा मिले? क्या इससे मानवीय दृष्टिकोण प्रभावित होगा जिसका असर इस ग्रह में मानव जीवन की गुणवत्ता पर पड़ेगा? क्या यह मनुष्यों के आध्यात्मिक चरित्र की संगति में है? इन महत्वपूर्ण सवालों का तत्काल जवाब मिलना चाहिए क्योंकि हमारे वंशजों का जीवन दांव पर लगा है। हमें इन सवालों के जवाब इसलिए चाहिए क्योंकि पर्यावरण क्षरण के हानिकारक प्रभावों से इस ग्रह के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा हो गया है। ऐसा लगता है कि सबके द्वारा आर्थिक वृद्धि की बेलगाम दौड़ से लोगों की प्रसन्नता घटती जा रही है। इसने ऐसी समस्यायें पैदा कर दी हैं जिनको पहले कभी मानवजाति ने नहीं देखा है। हम जानते हैं कि धरती के पास 7-9 बिलियन जनसंख्या के लिए काफी भौतिक संसाधन हैं। बिना किसी संदेह के आज दुनिया सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए काफी है, पर वह किसी का लालच पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

आर्थिक वृद्धि की अवधारणा उत्पादकता से पूरी तरह जुड़ी है क्योंकि उत्पादक कार्य से संपदा का सृजन होता है। लेकिन बिना सहायक परिस्थितिकी के कोई व्यक्ति उत्पादक नहीं रह सकता है। इसके साथ ही




किसी व्यक्ति से उत्पादक रहने की उम्मीद नहीं की जा सकती है यदि वह जीवन की आवश्यकताओं से वंचित हो जिसमें उपयुक्त भोजन व पोषण तथा आवास शामिल हैं। इक्कीसवीं शताब्दी की दुनिया में भी लगभग 200 मिलियन ऐसे लोग हैं जो इन जरूरी चीजों के अभाव में वंचना का जीवन जी रहे हैं। उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी में व्याप्त संपदा की असमानता इक्कीसवीं शताब्दी में भी जारी है। आज भी विश्व जनसंख्या का 15 प्रतिशत विश्व संपदा के 80 प्रतिशत का स्वामी है या उसका उपभोग करता है। आमतौर से वृद्धि का अर्थ संपदा और बेहतरी तक पहुंच है। इस प्रकार ऐसी वृद्धि का अर्थ शुद्ध रूप से आर्थिक वृद्धि है। लेकिन इस तथ्य पर गौर करें कि इस ग्रह के पास सीमित संसाधन हैं, जबकि इसकी जनसंख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है। इस प्रकार बिना मानवीय मूल्यों के वृद्धि एक प्रकार से विकृत वृद्धि या विशिष्ट वृद्धि है। मानव मूल्यों में मानवीयता, न्यायोचित कर्तव्य तथा पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखना शामिल हैं। इन मूल्यों से अडिग जुड़ाव से समावेशी वृद्धि होती है तथा शांति व सद्भाव बना रहता है। पर्यावरण क्षरण का कारण बनने वाली वैज्ञानिक तकनीकों व तकनीकी प्रक्रियाओं से ऐसी वृद्धि होती है जिसके हानिकारक परिणाम सामने आते हैं। आध्यात्मिक मूल्यों से वंचित कार्य संस्कृति से लालच बढ़ने के कारण शोषण व लूट पैदा होती है। इससे कैंसर कोशिकाओं की तरह विकृत वृद्धि सामने आती है।

भौतिक प्रगति से मनुष्य के अत्यधिक लगाव के स्थान पर संतुलित प्रगति से लगाव पैदा होना चाहिए। इसके लिए भौतिक व आध्यात्मिक प्रगति को महत्व मिलना चाहिए जो न्याय व धर्म के सिद्धान्तों से संचालित हो। केवल ऐसी प्रगति से ही वृद्धि होती है तथा स्थायित्व बना रहता है। इससे मनुष्य द्वारा मनुष्य का निर्मम शोषण थमता है तथा असमानता एवं वंचना नहीं बढ़ती है। इससे सद्भावना, शांति व प्रसन्नता पैदा होती है जो जीवन का मूलाधार है। हमें निश्चित रूप से जीवन के ऐसे पैराडाइम विकसित करने चाहिए जो इस ग्रह पर रहने वाले मनुष्यों की संतुलित प्रगति सुनिश्चित कर सकें। ये पैराडाइम निश्चित रूप से मानवीय कार्य संस्कृति तथा पर्यावरण-हितैषी तकनीकों से निर्मित किए जा सकते हैं। इनका निर्माण भयंकर प्रतियोगिता के बजाय सहयोग से होगा। वे 'सरवाइवल आफ द फिटेस्ट' के बजाय सबके कल्याण पर आधारित होंगे। उनका आधार सच्चा ज्ञान, परिपक्वता तथा मानववाद होगा, केवल सकल संपदा की वृद्धि नहीं।

बेलगाम भौतिक प्रगति की दिशा में हमारी दौड़ ने परिस्थितिकीय व पर्यावरण संकट पैदा कर दिया है। हमारी अनेक तथाकथित वैज्ञानिक प्रक्रियायें आधे-अधूरे ज्ञान पर आधारित हैं क्योंकि हम उनके खतरनाक पार्श्व प्रभावों को नियंत्रित करने या उनका जवाब तलाशने में विफल रहे हैं। तेज औद्योगीकरण के भारी खामियाजे भुगतने पड़ रहे हैं। हमने धरती माता पर ठोस, द्रव व गैस प्रदूषकों का भारी बोझ लाद दिया है। इसके कारण हमारे सामने भयंकर समुद्री तूफान, सुनामी, सूखा, जंगलों में आग व बाढ़ जैसी आपदायें आ रही हैं। हमें समझना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा समुद्रों के सतह में वृद्धि पर्यावरण क्षरण का नतीजा हैं जो आर्थिक वृद्धि की पागलपन भरी दौड़ के साथ ही हमारी अधकचरी, क्रूर व घटिया तकनीकों का नतीजा हैं। हमें अपनी सोच को प्रकृति तथा सद्भावपूर्ण अस्तित्व या धर्म से जोड़ना चाहिए। हमारे सृजनकर्ता ने हमें ऐसी वृद्धि का रास्ता दिखाया है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य रखते हुए सबके कल्याण व टिकाऊ विकास की ओर लक्षित हो।

## आप की बात

### जी-20 का नया नेता

**भारत** दिसंबर 2022 से अधिकारिक तौर पर जी20 समूह का अध्यक्ष बन गया है,जो कि दुनिया का सबसे प्रभावशाली आर्थिक मंच है। यह अब यूरोपीय यूनियन सहित बीस देशों का प्रतिनिधित्व करेगा जो कि दुनिया की लगभग दो तिहाई जनसंख्या है। यह मौक़ा ना केवल भारत बल्कि अन्य छोटे देशों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्हें विश्व के अन्य मंचों पर अपनी बात रखने का भरपूर मौक़ा नहीं मिल पाता एशिया ,अफ्रीका, व लैटिन अमेरिका के अन्य देश भारत पर अधिक भरोसा करते हैं क्योंकि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए जाना जाता है। ऐसे समय में जब एक तरफ़ रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा है व दूसरी ओर अमेरिका चीन में भी तनाव है भारत तटस्थ रहकर सभी देशों को एक मेज़ पर ला सकता है। भारत ने पहले भी कोविड महामारी के दौरान विश्व के अनेक देशों को वैक्सीन भेजकर या कठिन समय में युद्ध ग्रस्त क्षेत्रों से अपने व अन्य देशों के नागरिकों को सकुशल निकाल कर अपनी नेतृत्व क्षमता व विश्व बंधुत्व का परिचय दिया है। आज जब बड़े मंच जैसे यूएनओ डब्लूटीओ आदि दुनिया में बढ़ते तनाव व आर्थिक मंदी को रोक पाने में विफल हो रहे हैं उसी समय भारत अपनी अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक संभाले हुए हैं।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### नाराज हैं बिजली कम्पनी पेंशनर

**प्रशासनिक** हठधर्मिता के कारण विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स को पिछली जुलाई 22 से छः प्रतिशत और अभी अक्टूबर 22 से राज्य सरकार व्दारा घोषित पांच प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स में आक्रोश है जिसका असर आगामी चुनाव में विपरीत पड़ सकता है। अभी तक यह होता रहा है कि जैसे ही राज्य सरकार ने आदेश जारी किये तदनुसार पावर मेनेजमेंट कंपनी विद्युत पेंशनर्स को महनगाई राहत देने के आदेश जारी कर देती थी परंतु पिछली जुलाई से छ: प्रतिशत मंहगाई राहत के आदेश ही नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स वर्तमान में राज्य सरकार के पेंशनर्स से ग्यारह प्रतिशत कम मंहगाई राहत में पीछे है। म.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (इंटक) के रीजनल सेक्रेटरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विद्युत पेंशनर्स को पेंशन और मंहगाई राहत का भुगतान टैरिफ दर से होता है इसलिए शासन पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ता है साथ ही वस्तुस्थिति शासन के समक्ष नहीं रखी जा रही है। प्रबंधन और सचिव स्तरीय तालमेल का खामियाजा विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स उठा रहे हैं, इनको मंहगाई राहत का भुगतान 22 प्रतिशत ही मिल रहा है।

– **एन के यादव**, इंदौर

### इजरायली राजदूत ने मांगी माफी

**भारतीय** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इंटरनेशनल फिल्मों के जयुरी के प्रमुख नदव लेपिड ने जिस तरह से चर्चित फिल्म कश्मीर फाइल पर विवादित टिप्पणी की है उसे उनके ही देश के इजरायली राजदूत नाओर गिलोन ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि वे भारत से माफी मांगे कारण आज भारत एवं इजरायल के मैत्रीपूर्ण रिश्तों पर किसी तरह का कोई प्रतिकूल असर ना पड़े इसके लिए इजरायली राजदूत आज काफी सतर्क हैं एवं इसी मुद्दे के मद्देनजर उन्होंने न केवल लेपिड के बिगडे बोलों को खारिज कर दिया बल्कि उन्हें इसके लिए भारत देश से माफी मांगने के लिए भी कहा है इजरायली राजदूत ने तो यह भी कहा है कि लेपिड ने भारतीय संस्कृति का भी अपमान किया है कारण अतिथि देवो भव के हिसाब से तो भारत ने उन्हें काफी सम्मानजनक तरीके से अपने यहां बुलाया था अतः उन्हें इस परंपरा का सम्मान करना था लेकिन उन्होंने इस परंपरा का अपमान किया है अतः उनके इन बिगडे बयानों के लिए आज अब उन्हें भी सब के द्वारा अपमानित किया जा रहा है जो कि इजराइल का भी अपमान है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**केजरीवाल** ने सत्येंद्र जैन के लिए भारत रत्न की मांग की थी। हमें उनको 'घोटाला व मसाज रत्न' देना चाहिए।

– **शिवराज सिंह चौहान**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

**भगवा** पार्टी 'वीडियो बनाने वाली कंपनी' है। भाजपा द्वारा आप नेताओं के स्टिंग वीडियो 'आश्चर्यजनक व उबाऊ फिल्में' हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री





**यह** भाजपा का षडयंत्र है। वह अक्सर कांग्रेस की बैठकों में समस्या पैदा करने का प्रयास करती है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 3 दिसंबर, 2022



# विवेचना कार्यों में वैज्ञानिक साक्ष्यों पर दिया जाए विशेष बलः मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों को विधि के अनुसार अधिकतम सजा दिलाने के लिए विवेचना कार्यो में वैज्ञानिक साक्ष्यों पर विशेष बल दिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के प्रत्येक परिक्षेत्र में एक-एक विधि विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित किए जाने की दिशा में शासन द्वारा गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में जांच के लिए लंबित पड़े प्रदर्शों का शीघ्रअतिशीघ्र गुणवत्तापरक निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाय।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि वर्तमान समय में 8 विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं क्रमशः लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, वाराणसी, मुरादाबाद, झांसी व प्रयागराज में पूर्व से ही क्रियाशील हैं। इसके अलावा इस वर्ष 2022 में अलीगढ़, कन्नौज, गोण्डा व बरेली में नई प्रयोगशालाएं निर्मित कराई गई हैं। जिन्हे अतिशीघ्र चालू कर दिया जाएगा। इसके लिए जरूरी स्टाफ आदि की तैनाती कर दी गई है तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाएं शीघ्र ही शुलभ होंगी।

प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि इसके अलावा 6 अन्य स्थानों क्रमशः आजमगढ़, अयोध्या, बांदा, बस्ती, मीरजापुर व सहारनपुर में विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं भविष्य में शीघ्र संचालित किए जाने की दिशा में भी शासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रत्येक दशा में की जाए सुनिश्चितः सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज का मामला

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है कि नव निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज में आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जरूरी निर्माण कार्यो को त्वरित गति से संचालित कर प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज में अब तक हुए निर्माण कार्यो की प्रगति समीक्षा की गयी।

इस कार्य को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप युद्ध स्तर पर संचालित कर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यो से जुड़े अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता उच्चस्तरीय होनी चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गए कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अभ्यार्थियों के दाखिले का कार्य समय से सुनिश्ख्ति किया जाए। निर्माणाधीन संस्थान के भवन में सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी अनिवार्य रूप से की जाए। शैक्षणिक व अन्य स्टाफ की व्यवस्था सहित प्रस्तावित कोर्सेस के लिए आवश्यक उपकरण आदि की व्यवस्था भी समय से सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि इस कार्य से जुड़े अधिकारी नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफ एसयू) से समन्वय कर एक दूसरे के यहां भ्रमण करते हुए यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य आवश्यकता के अनुरूप हों ताकि बाद में उसमें संशोधन कर अनावश्यक समय व धन लगाने की जरूरत न पड़े।

इस अवसर पर गृह सचिव बीडी पाल्सन, विशेष सचिव गृह राजेश राय, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा मोहित अग्रवाल, उप्र राजकीय निर्माण निगम सहित गृह विभाग, लोक निर्माण विभाग व भवन निर्माण से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जी-20 सम्मेलन के लिए एक माह पहले से ही शुरू कर दी जाएं सभी तैयारियांः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश में आयोजित जी-20 सम्मेलन के लिए आवश्यक कार्रवाई व्यवस्थित ढंग से निष्पादित किए जाने के संदर्भ में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 सम्मेलन आगामी फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में होना प्रस्तावित है।

इस सम्मेलन में विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधिमंडल के भव्य स्वागत की तैयारियां एक माह पहले से ही शुरु कर दी जाए। होटल, आवास, शहर की सजावट, परिवहन, इंटरनेट कनेक्टिविटी, चिकित्सा व सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाएं। आयोजन स्थल, एयरपोर्ट सहित पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। रूट की मैपिंग के साथ सिक्योरिटी प्लान तैयार कर लिया जाए। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट एवं आयोजन स्थलों पर पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित कर लिया जाए, ताकि आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली संस्कृति से परिचित कराने के लिए काशी, अयोध्या, मथुरा, आगरा और बुंदेलखंड आदि क्षेत्रों में धार्मिक एवं विरासत के स्थलों का भी भ्रमण कराया। आयोजन को सफल बनाने के लिए बेहतरीन इंतजाम का उदाहरण पेश करें।

उल्लेखनीय है कि जी-20 सम्मेलन की विभिन्न विषयों पर बैठक आगरा, लखनऊ, वाराणसी, ग्रेटर नोएडा व आगरा में होना प्रस्तावित हैं। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, सचिव नगर विकास रंजन कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिला सपा प्रतिनिधिमण्डल

● मैनपुरी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा धांधली किए जाने का लगाया आरोप



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी यूपी से भेंटकर मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा सरकार द्वारा चुनाव में धांधली किए जाने के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि 21.मैनपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के उपनिर्वाचन.2022 में जनपद मैनपुरी व जनपद इटावा में प्रदेश भा0ज0पा0 सरकार के 50 से अधिक मंत्री, पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर पिछले 10 दिनों से मैनपुरी लोक सभा की सभी 05 विधान सभाओं में लोगों के बीच जाकर खुलेआम बड़े पैमाने पर पैसा, शराब और साड़ियां बांटकर आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे है, चुनाव प्रभावित हो रहा हैए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना है।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने व समर्थन करने के लिए दबाव बनया जा रहा है उनके घरों को गिराने के लिए नोटिसें भेजी जा रही है समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भयभीत किया जा रहा है।

श्री चौधरी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी अरविन्द यादव और पूर्व एमएलए राजू यादव के घरो पर एसएसपी भारी संख्या में पुलिस बल लेकर उन्हें गिरफ्तार करने गए हैं। उन्होंने पुलिस बल हटाने और शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही किए जाने और दोषियों को दंडित करने की मांग की है ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। राजेन्द्र चौधरी के साथ केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह यादव भी समाजवादी प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## यूपी के दो जिलों को मिली भारत सरकार से डबल स्टार कैटिगरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवम्बर** माह में जल जीवन मिशन को लेकर भारत सरकार के सर्वे में उत्तर प्रदेश के दो जिले डबल स्टार और तीन जिले सिंगल स्टार कैटिगिरी में शामिल हुए हैं। महोबा और मिर्जापुर ने दो स्टार के साथ परफार्मर्स श्रेणी में स्थान बनाया है।

यह दोनों जिले फास्टेस्ट मूविंग और बेस्ट परफार्मिंग जिलों की श्रेणी में पहले और दूसरे पायदान पर हैं। सिंगल स्टार के साथ एस्पिरेंट श्रेणी में बुंदेलखंड के चित्रकूट और झांसी के साथ शाहजहांपुर का कब्जा बना है।

गौरतलब है कि अक्टूबर माह की रेटिंग में यूपी के चार जिले सिंगल स्टार एस्पिरेंट श्रेणी में शामिल थे। उत्तर प्रदेश को लगातार मिल रही उपलब्धि पर जल शक्ति मंत्री ने नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

# मार्च तक शुरू कराएं राष्ट्रीय राजमार्गों के स्वीकृत कार्यः जितिन

● लोक निर्माण मंत्री ने की राष्ट्रीय मार्गों के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार म उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय मार्गो के निर्माणाधीन व स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निर्माणाधीन परियोजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के 27 तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के 32 एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 7 कार्यों की समीक्षा की।

लोक निर्माण मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि प्रदेश में राष्ट्रीय मार्गों पर स्वीकृत कार्य जो अभी आरम्भ नहीं हो पाए हैं। उन सभी कार्यों की बाधाओं को मार्च 2023 तक दूर करते हुए प्रारम्भ कराएं ।लम्बित परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं। कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया, वन विभाग एवं रेलवे द्वारा प्रभावित परियोजनाओं की समीक्षा कर कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराने के लिए मुख्य अभियन्ता लखनऊ तथा भारतीय राष्ट्रीय मार्ग प्राधिकरण व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारियों को बैठक के दौरान निर्देश दिए गए।

जितिन प्रसाद ने बैठक में राष्ट्रीय मार्गों पर गड्ढामुक्ति के कार्यो की समीक्षा की तथा सभी अधिकारियों को मार्गों का सतत निरीक्षण एवं अनुश्रवण करते हुए भविष्य में भी गडढामुक्त बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने भारत सरकार की स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत अवशेष डीपीआर शीघ्र मंत्रालय को प्रेषित कर स्वीकृत कराये जाने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय मार्ग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अयोध्या एवं प्रयागराज के रिंग रोड सरेखण नियत हो चुके हैं, इनर रिंग रोड निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है एवं शेष बड़े जनपदों यथा लखनऊ में रिंग रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

भूतनाथ मार्केट में नियम विरुद्ध निर्माण का मामला

# हाईकोर्ट ने निर्माण का निरीक्षण कर रिपोर्ट दाखिल करने का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**राजधानी** के इंदिरा नगर स्थित भूतनाथ मार्केट में नियम विरुद्ध निर्माण का निरीक्षण कर रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आवास आयुक्त को दिया है। पीठ ने चीफ फायर आफिसर व निदेशकए इलेक्ट्रिकल सेफ़्टी को भी मार्केट का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी को तय करते हुए यह सभी रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है।

जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश संतोष कुमार पांडेय की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में भूतनाथ मार्केट में अतिक्रमणए अवैध निर्माण व फायर सेफ़्टी के मानकों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए आवास आयुक्त को आदेश दिया है कि वह सुप्रीटेंडिंग इंजीनियर रैंक का अधिकारी नियुक्त करेंए जो पूरे भूतनाथ मार्केट का निरीक्षण करेगा। फिर संस्तुत मानचित्र के विपरीत व संस्तुत योजना के बगैर तथा बाइलॉज के विरुद्ध हुए निर्माणों के सम्बंध में रिपोर्ट तैयार करेगा।

पीठ ने चीफ फायर अफ्सर को आदेश दिया है कि वह भूतनाथ मार्केट का सर्वे कर मार्केट में अग्निशमन उपायों की उपलब्धता के सम्बंध में रिपोर्ट तैयार करें। पीठ ने इसके साथ ही निदेशकए इलेक्ट्रिकल सेफ़्टी को भी इस संदर्भ में रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। कहा है कि मार्केट में असुरक्षित बिजली के तारों से कितना खतरा है व खतरे को कम करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं।

अमेठी जिला प्रशासन और बार एसोसिएशन के बीच विवाद का मामला

# डीएम व यूपी बार काउंसिल मिलकर करें मामले का समाधानः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अमेठी** में जिला प्रशासन और जिला बार एसोसिएशन के बीच चल रहे विवाद के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी बार काउसिंल और जिलाधिकारी से कहा है कि वो बार एसोसिएशन सदस्यों की वास्तविक शिकायतों के सम्बंध में साथ बैठकर विमर्श व उसका समाधान करें। पीठ ने यह भी उम्मीद जताई है कि बार एसोसिएशन के सदस्यों का बेजा उत्पीड़न नहीं किया जाएगा।

जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश जिला बार एसोसिएशनए अमेठी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अमेठी का जिला व पुलिस प्रशासन लगातार वकीलों का उत्पीड़न कर रहा है। इसी क्रम में एसडीएमए गौरीगंज ने जिला बार एसोसिएशन के महासचिव का घर गिरवा दिया। कहा गया कि अमेठी में सिविल कोर्ट के निर्माण व राजस्व अदालतों में भारी भ्रष्टाचार को लेकर इत्यादि मुद्दों को लेकर स्थानीय वकील आंदोलित हैंए इसी से नाराज स्थानीय प्रशासन ने एक ही रात में बार के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ तीन.तीन एफ्आईआर दर्ज करा दी। उनकी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया।

पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात कहा कि जिला प्रशासन की कार्रवाई को उचित नहीं कहा जा सकता। उनकी कार्यवाही दुर्भावना से ग्रसित थी। बार के सदस्यों के खिलाफ एफ्आईआर व उनके विरुद्ध राजस्व के मामलों में निर्णय एक हफ्ते में हुआ। जो यह दिखाता है कि कार्यवाही नेक नीयत से नहीं की गई। पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ उक्त आदेश जारी किया।

## राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बड़ी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक आपराधिक मुकदमे को खारिज कर दिया है। पीठ ने मुकदमे से संबधित आरोप पत्र को भी निरस्त कर दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की याचिका पर दिया है। वर्ष 2015 में सपा कार्यकर्ता राजेश कुमार यादव ने रायबरेली के डालमऊ थाने में दिनेश कुमार सिंह और उनके सात.आठ अज्ञात साथियों के खिलाफ एक एफ्आईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक एक सड़क के उद्घाटन कार्यक्रम में दिनेश प्रताप सिंह और उनके साथियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री व सपा सरकार के खिलाफ माइक पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। इस पर जब गांव के लोगों ने विरोध किया तो दिनेश और उनके साथियों ने उन पर हमला बोल दिया।

# पूजा पाल के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सीबीआई** की विशेष जज कविता मिश्र ने इलाहाबाद अब प्रयागराज के बहुचर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले में पूजा पाल के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है।

पिछली दो तारीख से पूजा पाल गवाही के लिए हाजिर नहीं हुई जबकि समन व जमानती वारंट का तामीला हो चुका था। वो मृतक राजूपाल की पत्नी हैं और इस मामले की वादिनी भी हैं।

बीते 30 सितंबर को सीबीआई की विशेष अदालत ने इस हत्याकांड मामले में सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद पर भी आरोप तय कर दिया था। जबकि इससे पहले अतीक के भाई व पूर्व विधायक अशरफ समेत सात मुल्जिमो के खिलाफ आरोप तय हुआ था। विशेष अदालत ने अतीक पर आरोप तय करने के साथ ही सीबीआई को अपना गवाह पेश करने का आदेश दिया था। अब मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी।

## दो और मुल्जिम न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज रमाकान्त प्रसाद ने नीट.यूजी की मेरिट को दरकिनार कर अपात्र अभ्यर्थियों को आयुष कालेजों में प्रवेश देने के मामले में गिरफ्तार मुल्जिम विजय यादव व धर्मेंद्र यादव को 14 दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

शुक्रवार को विशेष अदालत के समक्ष इन दोनों मुल्जिमों को पेश कर न्यायिक हिरासत की मांग की गई थी। बीते 17 नवंबर को इस मामले में आर्युवेद सेवाएं के निलंबित कार्यवाहक निदेशक प्रो. सत्यनारायण सिंह व निलंबित प्रभारी अधिकारी डाण् उमाकान्त समेत 12 मुल्जिमों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

# प्रदेश को साफ-सुथरा बनाने में सभी सम्मानित नागरिक निभाएं जिम्मेदारी : एके. शर्मा

● पहली दिसंबर से चल रहे 75 घंटे के सफाई अभियान को मिल रहा जनता का व्यापक सहयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि साफ-सुथरा बनाए गए सभी कूड़ा स्थलों में दोबारा कोई कूड़ा न डालने पाए। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करना होगा। ऐसे स्थलों को जनोपयोगी बनाना होगा। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रदेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी सम्मानित नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि नगरीय जीवन को ऊंचा उठाने के लिए स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध 75 जिला, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान पहली दिसम्बर से राज्य स्तर पर चलाया जा रहा है। यह अभियान अनवरत रूप से प्रदेश के 750 निकायों में छोटे-बड़े एवं पुराने से पुराने सभी कूड़ा स्थलों व परम्परागत गंदी जगहों से कूड़ा एवं गंदगी हटाकर साफ-सुथरा बनाने के लिए महाअभियान का रूप लेकर प्रदेश को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के संकल्प की ओर बढ़ रहा है। 3 दिसम्बर अभियान के समापन से पहले प्रदेश के छोटे-बड़े सभी शहरों की एक नई तस्वीर उभरकर सामने आएगी। नगर विकास मंत्री ने कहा कि 75 घंटे के इस अभियान के दौरान प्रदेश के नगरों में दशकों और वर्षों पुराने कूड़े-कचरे के ढेर व गंदी जगहों को को साफसुथरा बनाने के लिए सभी नगरवासी, अधिकारी, सफाईकर्मी एवं जन-प्रतिनिधि अपना सार्थक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अब तक पूरे प्रदेश के शहरों से 30 प्रतिशत से अधिक कूड़ा स्थलों से कूड़ा एवं गंदगी हटाकर साफ किया जा चुका है। सफाई के इस महाअभियान के पश्चात सभी छोटे-बड़े शहरों की एक नई तस्वीर उभरकर सामने आयेगी, जो कि सभी को आकर्षित एवं अचंभित करेगी। शर्मा ने कहा कि सभी निकायों में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी सफाई के प्रतिख गंदगी से फैल रही बीमारियों से आमजन को जागरूक किया जा रहा है और नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई करने, अपने शहरों व मोहल्लों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए तथा कूड़े को इधर-उधर न फेंकने की भी शपथ दिलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई को निरंतर बनाए रखने के लिए सभी समस्त नागरिक कूड़ेदान का प्रयोग करें। गीला और सूखा कूड़े को अलग-अलग कूड़ेदान में डालकर समय से कूड़ागाड़ी को उपलब्ध कराएं।

## बचे हुए 27 जिलों के निकायों के वार्डों का भी आरक्षण जारी

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग ने शुक्रवार को शेष बचे हुए 27 जिलों के निकायों के लिए भी वार्ड आरक्षण की सूची जारी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि नगर विकास विभाग ने 48 जनपदों के निकायों के वार्डों की आरक्षण सूची गुरुवार को जारी कर दी थी तथा शेष 27 जिलों की सूची जारी होनी थी जिसे आज कर दिया गया है। आज जिन जिलों के निकायों के लिए वार्ड आरक्षण की सूची जारी की गयी है उनमें शामली, अम्बेडकरनगर, आगरा, आजमगढ़, इटावा, कन्नौज, कानपुर, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, मऊ, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, मेरठ, मैनपुरी, रामपुर, ललितपुर, सहारनपुर, सीतापुर तथा हरदोई शामिल हैं।

## एकेटीयू में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब और आईटी और इलेक्ट्रॉनिक विभाग के सहयोग से प्रदेश के इन्क्युबेशन मैनेजर्स के लिए उद्यमिता और नवाचार पर क्षमता निर्माण का तीन दिवसीय प्रमाणपत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समापन हो गया। समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा सुभाष चंद शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही कहा कि इस प्रमाणपत्र कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, प्रतिभागी व्यवसाय इन्क्यूबेटरों को और भी बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के साथ ही उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग दे सकेंगे। उन्होंने स्केलअप करने और इनक्यूबेट्स को हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करने के लिए कई उदाहरण और केस स्टडीज दिए। इनक्युबेटर्स मैनेजर्स पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। कुछ नया करने वालों को न केवल उन्हें सहायता देनी है बल्कि उनके उद्यमिता को कॉमर्सलाइज कराने का भी कार्य इनक्युबेटर्स मैनेजर्स का है।

# सभी अर्ह मतदाता आठ दिसंबर तक सूची में शामिल करा सकते हैं अपना नाम

● चार दिसंबर को समस्त बूथों पर विशेष कैम्प का किया जाएगा आयोजनः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मैनपुरी संसदीय सीट पर हो रहे उपचुनाव में निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित सभी विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक दावे और आपत्तियों प्राप्त करने की अवधि निर्धारित है। इस अवधि में यदि किसी कारण से नाम अभी भी सम्मिलित किए जाने/अपमार्जन किए जाने/ विलोपन किए जाने से संबंधित दावों पर कोई आपत्ति है, तो सभी अर्ह मतदाता 8 दिसम्बर 2022 तक अपना नाम मतदाता सूची में फार्म-6 के द्वारा शामिल करा सकते हैं अथवा फार्म-8 के द्वारा संशोधित करा सकते हैं। जिन मतदाताओं के फोटोग्राफ पुराने हो गए हैं अथवा स्पष्ट नही है वे भी इस अवसर का उपयोग फार्म-8 के माध्यम से अपनी नई फोटो अपडेट कराने के लिए कर सकते हैं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 9 नवम्बर 2022 से 28 नवम्बर 2022 तक की अवधि में प्राप्त दावे और आपत्तियों की सूची इस कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसका अवलोकन किया जा सकता है। शुक्ला ने बताया कि यदि किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति है तो विलोपन संबंधी कार्रवाई किए जाने के लिए निर्धारित फार्म-7 भरकर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में 8 दिसम्बर 2022 तक दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 वर्ष की आयु के मतदाताओं से विशेष अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में फार्म-6 के माध्यम से जुड़वाएं एवं आने वाले आगामी निर्वाचनों में अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर 2022 को सभी बूथों पर विशेष कैम्प का आयोजन भी किया जा रहा है। अब तक इस अभियान में लगभग कुल 7.7 लाख फार्म-6, 4.7 लाख फार्म-7 और 66 हजार फार्म-8 प्राप्त हुए हैं।

# साफ छवि वालों को ही बसपा लड़ायेगी निकाय चुनावः विजय प्रताप

संवाददाता। सीतापुर



**बहुजन** समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को बुनियाद महाविद्यालय खैराबाद में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य विधान परिषद व पार्टी के लखनऊ मंडल प्रभारी डॉ. विजय प्रताप रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने की।

मुख्य अतिथि ने सभी कार्यकर्ताओं को 06 दिसम्बर 2022 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर कार्यकर्ताओं से लखनऊ में बाबा साहब के स्मारक स्थल गोमतीनगर पहुंचने के लिए आवाहन किया और आने वाले नगर पालिका के निकाय चुनाव को लेकर मूलमंत्र दिया कि जो लोकप्रिय व अच्छी छवि वाले प्रत्याशी हों उन्ही को ही नगर पालिका/पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए लड़ाना है। बैठक को लखनऊ मंडल के प्रभारी हरीश शैलानी, सुशील कुमार मुन्ना, मंडल ज़ोन इंचार्ज डॉ.राममूर्ति मधुकर, वी.पी.हंस, बी .के. जाटव ने भी संबोधित किया। बैठक में इरफ़ान राईनी, परिक्रमादीन गौतम, इ. श्याम किशोर, पूर्व वि.स.प्रत्याशी मिश्रिख रजनीश मौर्या, राजेश कुमार रावत, राजेश सिद्धार्थ, जसकरन लाल चौधरी, राहुल गौतम, सुरेश कुमार गौतम, सुधीर राजवंशी, सोबरन लाल गौतम, विधान सभा के अध्यक्ष महोली छत्रपाल राजवंशी, अजयपाल भारती, मेड़ीलाल गौतम, सुरेशचन्द्र भारती, वि.स. सेवता के राममिलन भार्गव, वि.स. महमूदाबाद के विजय कुमार गौतम, वि.स. सिधौली के पंकज कुमार गौतम, वि.स. मिश्रिख विनोद भारती एवं सभी विधान सभा क्षेत्र के सचिव व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत सम्मेलन की तैयारियां हुईं पूरी

संवाददाता। लखीमपुर

**विगत** वर्षों की भांति इस वर्ष भी पसगबा विकास क्षेत्र के ढखियां रूप में पंचम श्री रूद्र महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप में किया जा रहा है जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। इस आयोजन में कई वीआईपी के आने की संभावना है यज्ञ का शुभारंभ कल आज़ कलश यात्रा के साथ होगा।5 दिसंबर को कविसम्मेलन रात्रि 8 बजे और 7 दिसंबर को यज्ञ मंडप में ही एक कन्या की शादी होगी ।8 दिसम्बर को यज्ञ की पूर्णाहुति और भंडारा होगा ।उक्त जानकारी देते हुए मां सुशीला देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित युवा कर्म यज्ञ समिति के संयोजक स्वदेश शुक्ला ने बताया कि 5 वर्षों से यज्ञ का आयोजन देश समाज के कल्याण के लिए किया जा रहा है । ढकिया रूप में होने वाले इस यज्ञ में अभी तक कई केंद्रीय मंत्री प्रदेश सरकार के मंत्री एवं फिल्म अभिनेता राजपाल यादव आ चुके हैं इस वर्ष भी कई मंत्रियों के कार्यक्रम मिलने की संभावना है ।उन्होंने बताया की यज्ञ मे भागवत कथा प्रतिदिन विद्वान वक्ताओं के द्वारा दोपहर 1 से 5 बजे तक और शाम को 7 से 12 तक होगी जिसमें विद्वान वक्ता आ रहे हैं। 5 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है। 7 दिसंबर को सायं 5 बजे से कन्या की शादी की जा रही है। शादी समारोह के लिए यज्ञ प्रांगण में ही बहुत ही सुंदर शादी मंडप बनाया जा रहा है ।उन्होंने बताया 8 दिसंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और इसी दिन भंडारे का आयोजन होगा। श्री शुक्ल ने सभी भक्तजनों से भारी संख्या में यज्ञ में पहुंचकर पूर्ण के भागीदार बनने का आवाहन किया है।

## मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**औरंगाबाद खीरी।** गुरु नानक देव एजुकेशनल इंस्टीट्यूट इटाराए मैगलगंज में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार मितौली अमिता यादव ने की। जिसमें उन्होंने छात्रों को विशेषकर बालिकाओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कालेज की प्राचार्या डॉ कमलजीतक कौर ने बालक बालिकाओं से कहा कि बीएलओ के माध्यम से नए मतदाता बन सकते है। रविवार के दिन बीएलओ बूथ पर बैठते है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आप लोग तो मतदाता बने ही साथ ही घरए पड़ोस में सभी सदस्यों को जागरूक करें।

# लगभग सौ एकड़ क्षेत्रफल वाले झाबर सरोवर का होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**ब्लाक** कुंभी क्षेत्र अंतर्गत भुसोरिया बाईपास रोड स्थित प्राचीन सरोवर झाबर के कायाकल्प को लेकर विधायक अमन गिरी ने निरीक्षण किया। सरोवर के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक अमन गिरी ने पर्यटन विभागए राजस्व विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ व्यापक चर्चा की।

विधायक अमन गिरी ने बताया कि सरोवर का सौंदर्यीकरण करवाकर उसको एक पार्क के रूप में परिवर्तित किया जाएगा ताकि क्षेत्रवासी सुबह योगा और सैर हेतु उपयोग कर सके। बता दे झाबर तालाब तीन पंचायत जिसमें गोला देहातए लाल्हापुर व निजामपुर के क्षेत्र को कवर करता है। झाबर तालाब का सौंदर्यीकरण स्वर्गीय अरविंद गिरी जी की संकल्पना थी जिस को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान विधायक अमन गिरी ने मूर्ति रूप देने को ठाना है।

विधायक अमन गिरी ने बताया कि पिताजी का शुरू से स्वपन था कि गोला नगर में एक ऐसा स्थान बनाया जाए जहां दूर से आने वाले लोग भी उस जगह का आनंद उठा सके। वही निर्माण कार्य शुरू होने को लेकर बताया कि जल्द ही कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद कार्य शुरू करवाया जाएगा। इसमें सिंचाई विभागए पर्यटन विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा सामूहिक रूप से कार्य कराया जायेगा।

## क्या-क्या रहेंगी सुविधाएं

**लगभग** सौ एकड़ क्षेत्रफल वाले झाबर तालाब के चारों ओर सभी के घूमने के लिए एक रास्ता बनाया जाएगा व चारों ओर वृक्षारोपण किया जाएगा। बाहर से आने वाले लोगों के लिए बैठने के लिए पार्क बनाया जाएगाए और बेंच की व्यवस्था रहेगी। और बीच में शंकर जी की भव्य मूर्ति की भी स्थापना कराई जाएगी। इस मौके पर विनोद गुप्ता तहसीलदार गोलाए कल्पना वर्मा एई लघु सिंचाईए सुचित कुमार चौ5री पर्यटन सूचना अधिकारीए अभिषेक सिंह जेई सिंचाई विभागए स्वदेश वर्मा जेई लघु विभागए विमल वर्मा ब्लाक प्रमुख कुम्भीएजयप्रकाश लेखपालए राजेश गिरी प्रधानए विश्वनाथ सिंह एअवधेश मिश्राए विजय चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्णा कालेज का हिमादास ग्रुप 155 अंकों के साथ रहा टॉप पर

संवाददाता। सीतापुर

## दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता-2022

**दो** दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता-2022 में 155 अंकों के साथ हिमा दास ग्रुप श्रीकृष्णा कॉलेज टॉप पर रहा। जबकि दूसरे स्थान पर 86 अंकों के साथ नीरज चोपड़ा ग्रुप श्रीकृष्णा एजुकेशन इंस्टिट्यूट और 33 अंकों के साथ तृतीय स्थान मिल्खा सिंह ग्रुप श्रीकृष्णा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी को मिला। 28 अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पी.वी.सिंधू ग्रुप श्रीमहावीर जी लॉ कॉलेज ने हासिल किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई कि हम सभी खिलाड़ी खेल के नियमों का आदर व पालन करते हुए और मादक पदार्थो का प्रयोग न करते हुए पूरी निष्ठा के साथ खेलों में भाग लेंगे और महाविद्यालय एवं खेलों की गरिमा बनाएं रखेंगे। पहले दिन महाविद्यालय में बालक व बालिकावर्ग में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, बैटमिंटन, खो-खो, कबड्डी आयोजित हुए। दूसरे दिन मुख्य रूप से 800 मीटर रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक, बॉलीबाल, बास्केटबॉल, रस्साकशी प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। ऊंची कूद बालक वर्ग में अखिलेश कुमार, सफीउद्दीन, रवि प्रकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक बालिका वर्ग में शिवानी, हर्षिता व मोनी शर्मा ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग में हिमा दास ग्रुप व मिल्खा सिंह ग्रुप विजयी रहे। बालिका वर्ग में नीरज चोपड़ा, रनर हिमा दास विजयी रहे।

बास्केटबॉल बालक वर्ग में हिमा दास ग्रुप व रनर पी.वी.सिंधु ग्रुप विजयी रहे। बालिका वर्ग में नीरज चोपड़ा, रनर हिमा दास ग्रुप ने विजयी हासिल की। खो-खो बालक वर्ग में हिमा दास ग्रुप व रनर-मिल्खा सिंह, बालिका वर्ग में विजयी- नीरज चोपड़ा व रनर मिल्खा सिंह विजयी रहे। बॉलीबाल बालक वर्ग में हिमा दास ग्रुप, रनर-मिल्खा सिंह व बालिका वर्ग में हिमा दास ग्रुप, रनर- नीरज चोपड़ा ने जीत हासिल की। रस्साकशी बालिका वर्ग में नीरज चोपड़ा ग्रुप व रनर हिमा दास ग्रुप ने जीत हासिल की। सभी विजयी खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन मुख्य अतिथि आर.एम. पी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रजनी कांत श्रीवास्तव, अमेरिका से आए मोहित अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ सुनील सिंह रहें।

दूसरे दिन मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता मो.अयाज अहमद अय्यूबी रहे। प्रबंध समिति प्रमुख डायरेक्टर राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा दीपप्रज्वलन किया गया। सरस्वती पूजन, स्वागत-गान के साथ मशाल व खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट निकाला गया। महाविद्यालय के प्रबन्धक विवेक अग्रवाल, मुख्य प्रशासक हरिनाम सिंह, प्राचार्या सविता मिश्रा, प्रशासक के.बी.श्रीवास्तव, महाविद्यालय के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर अशोक प्रजापति, संयोजक डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी, खेल इंचार्ज कौस्तुभ बाजपेयी, के.के शुक्ल, प्राची मिश्रा, रुपाली मिश्रा, छात्र विवेक ओबेरॉय, शिव पाल बघेल, रानू मिश्र, दीपक कुमार, शहजाद, मेराज अली, नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने अटल बिहारी वाजपेई स्मृति पार्क का किया उद्घाटन

संवाददाता। सिंगाही खीरी

**नगर** पंचायत की और से मेला मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति पार्क की सौगात दी गई। पार्क का खीरी सांसद व गृहराज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने फीता काटकर किया उद्घाटन किया। क़स्बे में काफी अर्से से यहां के निवासी एक पार्क की मांग कर रहे थे। सांसद के काफी प्रयास के बाद शासन द्वारा यहां पार्क की अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद पार्क बनकर तैयार होने के बाद उसका उद्घाटन किया गया। इसके लिए कस्बेवासियों गृहराज्य मंत्री का आभार ०?यक?त किया। सांसद ने कहा कि केन-?द्र व राज-?य की भाजपा सरकार में समाज के सभी वर्गों के लिए बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहा है। जनहित में अनेक कल-?याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक अवश-?य पहुंचाएं। नगर पंचायत चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि पार्क के व्यवस्था व सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी वार्ड वासियों की है उन्होंने अपील किया कि क़स्बे व पार्क को स्वच्छ बनाने में सभी सहयोग करें।

# सीतापुर जेल में निरक्षर बंदियों को बनाया जा रहा साक्षर

संवाददाता। सीतापुर

- शिव नादर फाउंडेशन की मदद से हुई शुरुआत
- 500 से अधिक निरक्षर कैदियों को अब तक किया जा चुका है साक्षर

**एक** समय था जब सज़ायाफ्ता व विचाराधीन बंदियों को कुदाल, फावड़ा पकड़ाकर खेती-किसानी के कामों में लगा दिया जाता था, इसके साथ ही उन्हें पत्थर तोड़ने जैसे कामों में लगा दिया जाता था। बीते एक दशक से कम समय मे जेलों की सूरत ए हाल में काफ़ी बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जेल में निरक्षर कैदियों को साक्षर बनाने के लिए जेल प्रशासन पूरी शिद्दत के साथ जुटा हुआ है। अपराधों के कारण समाज की मुख्यधारा से कट चुके सज़ायाफ्ता व विचाराधीन कैदियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए ज़िला कारागार ने शिव नादर फाउंडेशन की मदद से इसकी शुरुआत की है।

यहाँ पर 500 से अधिक निरक्षर कैदियों को अब तक साक्षर किया जा चुका है, इसी के तहत 95 कैदियों को बाकायदा प्रोजेक्टर लगाकर उन्हें पढ़ाया जा रहा है। उन्हें सामान्य शिक्षित कैदियों की तरह दुरुस्त शिक्षा के ज़रिए शिक्षा के उजियारे से जोड़ा जा रहा है। साक्षर बनने के लिए किस तरह कैदियों में जज़्बा है उन्हें इन तस्वीरों में देखा जा सकता है। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह का कहना है कि बहुत से ऐसे बंदी आते है जो निरक्षर हैं उन्हें चिन्हित करके कैसे उन्हें साक्षर बनाया जाए इस बात पर हमनें बात की। जिसके तहत शिव नादर फाउंडेशन संस्था ने हमारा साथ दिया। जेल अधीक्षक का कहना है कि जेल में बंद सज़ायाफ्ता बंदी शिक्षक और शिव नादर फाउंडेशन के शिक्षक की मदद से अब तक 500 बंदियों को निरक्षर से साक्षर किया जा चुका है।

इन साक्षर बंदियों ने अपना नाम अपने पिता का नाम और अपने गांव का नाम लिखना शुरू कर दिया है। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि बाकायदा प्रोजेक्टर लगाकर बंदियों को पढ़ाया जाता है, यह प्रयास लगातार ऐसे ही जारी रहेगा ताकि बंदी अंगूठा न लगाकर अपने हस्ताक्षर कर सके।

# टेली मानस सेवा सुलझायेगी मानसिक रोगियों की उलझन

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी

**मानसिक** रोगियों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें घर बैठे ही अवसाद जैसी समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। इसके लिए हाल ही में भारत सरकार ने एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया है इस नंबर के जरिए मानसिक व अवसाद से ग्रसित लोग 24 घंटे में किसी भी वक्त सहायता प्राप्त कर सकते हैं इस टोल फ्री सेवा को टेली मानस नाम दिया गया है।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा मानसिक रोगों के इलाज एवं परामर्श के लिए एक मानसिक हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। जिसे टेली मानस के नाम से जाना जाता है। टेली मानस के नम्बर पर आप 24 घंटे टोल फ्री नम्बर 14416 एवं 18008914416 का उपयोग कर मानसिक सलाह एवं परामर्श ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन नंबर को पूरे राज्य में लागू किया जा चुका है।

## इन तिथियों में होंगे मानसिक स्वास्थ्य मेले

**जिला** चिकित्सालय के मनोरोग;साइकिएट्रिकद्ध सामाजिक कार्यकर्ता ;सोशल वर्करद्ध अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि मानसिक रोगियों के लिए लगने वाले मेलों की तिथियां और स्थान तय कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आठ दिसम्बर को सीएचसी मोहम्मदीए 13 दिसम्बर को सीएचसी गोलाए 15 दिसम्बर को सीएचसी पलियाए 20 दिसम्बर को सीएचसी विजुआए 22 दिसम्बर को सीएचसी खमरिया पंडितए 27 दिसम्बर को सीएचसी निघासनए तीन जनवरी 2023 को सीएचसी मितौलीए पाँच जनवरी को सीएचसी धौरहरा पर स्वास्थ्य मेले के आयोजन किए जाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेश का नाम रोशन करें प्रतिभागीः टेनी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- जनपदीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आगाज़

**शुक्रवार** को बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में पुलिस लाइन्स क्रीडागंन में जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं कस्तूरबा विद्यालय खेल प्रतियोगिताओ का आगाज़ हुआए जिसमें 15 ब्लॉकए नगरीय क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय एवं 16 कस्तूरबा विद्यालय शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंहए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयए अंबरीश सिंह की उपस्थित में विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर मंत्री ने मार्च पास्ट की सलामी ली और सतरंगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली हैए जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईर्ष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। यह समय महत्वपूर्ण हैए आज भारत की युवा देश के रूप में अपनी पहचान है। आने वाला समय एवं सदी भारत की है। पीएम के नेतृत्व में सतत विकास एवं न्यू इंडिया के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तय नीति से काम हो रहा हैए इसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे। राष्ट्र एवं दुनिया के निर्माण में युवाओं की बड़ी भूमिका हैए जिसमें खेल की फील्ड बहुत ही महत्वपूर्ण है। पीएम ने खेलो इंडिया योजना एक जन आंदोलन के रूप में चलाईए जिसके तहत खेलो को जन.जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा। आज सरकार के प्रयासो से समाज में खेलों के लिए बेहतर वातावरण का सृजन हुआ है। सरकार वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र से न्यू इंडिया का सपना साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। केंद्र सरकार ने मणिपुर राज्य में देश का पहला खेल विश्वविद्यालय शुरू कियाए जो खेल विज्ञानए खेल प्रौद्योगिकीए खेल प्रबंधन और खेल कोचिंग के क्षेत्रों में खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के अलावा सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाकर चुनिंदा खेल विषयों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। यह विश्वविद्यालय 100 से ज्यादा पुलिसए अर्धसैनिक बल एवं सेना ट्रेनिंग सेंटर में कैंपस प्रशिक्षण चला रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। कार्यक्रम की शुरुआत में बीएसए ने जनपदीय बेसिक शिक्षाए कस्तूरबा गांधी विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता की आवश्यकताए प्रासंगिकता बताई। बीएसए ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृतिचिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वागत गीतए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका ऋतु अवस्थी व डॉ नमिता श्रीवास्तव ने मिलकर किया। इस अवसर पर प्रचार्य डायट जेपी मिश्रए बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेयए वित्त एवं लेखाधिकारी ;बेसिकद्धए सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी ;एसएसएद्ध जीएस पांडेयए सभी ब्लॉकों के बीईओए विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण, क्रीडा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ी मौजूद रहे।

बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिताओं के पहले दिन सांस्क्रतिक कार्यक्रमों ने शमां बांध दिया। सभी ने न सिर्फ बच्चों के परिषदीय स्कूलों के बच्चों के अभिनय व गायन कौशल सराहना की बल्कि उनपर पुरस्कारों की जबरदस्त बौछार भी की। बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।

## क्विक न्यूज

### माधराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में खेलकूद जागरूकता अभियान

**बरेली।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रागंण में स्वास्थ्य और खेलकूद जागरण के विषय में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय आई0वी0आर0आई के सेवानिवृत्त लेक्चरर राजीव श्रीवास्तव तथा श्खेल जगत समाचारश् तथा खेल जगत फाउंडेशन के संस्थापक व संपादक रतन गुप्ता ने अपने ओजस्वी वक्तव्य द्वारा छात्रों को जागरूक किया। राजीव श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैष् कहावत को विस्तार से समझाते हुए खेल कूद का स्वास्थ्य के लिए क्या महत्व है यह समझाया। साथ ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ पर्यावरण का होना भी आवश्यक है इस बात पर बल दिया और सभी छात्रों को स्वच्छ रहने के लिए जागरूक किया। नई पुरानी कहावतों को नया रूप देते हुए ष्खेलोगे कूदोगे बनोगे लाजबाब पंक्ति को दोहराते हुए वक्तव्य किया। समापन किया जिसका छात्रों ने उत्साह के साथ अनुमोदन किया। इसी के साथ ष्खेल जगत समाचार के सम्पादक रतन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वदेशी खेलों को अंतराष्ट्रीय स्तर तक प्रोत्साहन देने के लिए आरम्भ किए गए अभियान के विषय में बताते हुए सभी को अवगत कराया कि उन्होंने 10 लाख लोगो तक ये संदेश पहुँचाने व उन्हें खेलकूद के लिए प्रेरित करने का प्रण लिया है इसी के अर्न्तगत आज माधवराव सिंधिया में उनका वक्तव्य (कार्यक्रम) था । विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 प्रियंका सरकार ने स्मृति चिह्न देकर दोनों अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सुश्री फराह दिवा हक तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### मीट फैक्ट्री मारिया फ्रोजेन हुई सीज

**बरेली।** जिलके में लंबे समय से मनको के विपरीत चल रही मीट फेक्ट्री मारिया फ्रोजेन के खिलाफउत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्यवाही की है उक्त फेक्ट्री नगर निगम से अनुबंधित हो कर अपन काम कर रही थी आप मारिया फ्रोजेन के खिलाफ लगातार शासन को अनियमितता की शिकायत मिल रही थी। मुख्य सचिव मनोज कुमार ने फेक्ट्री को तत्काल बंद करने के आदेश दिए है । बताया जा रहा है कि मीट फेक्ट्री मारिया फ्रोजेन के खिलाफ लगातार हो रही शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल बिजली पानी व अन्य सुविधाओं को बंद करने के निर्देश जारी किए गए है प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जारी आदेश में कहा गया है फेक्ट्री प्रबंधन ने जानबूझ कर तथ्यों को छुपाया है बल्कि तय मानकों ने विरुद्ध जाकर फेक्ट्री के अंदर काम किया जा रहा है। आदेश में फेक्ट्री को बंद करने के साथ बिजली पानी अन्य सुविधाओं को भी तत्काल बंद करने के आदेश जारी किए गए है फेक्ट्री के 300 जानवर काटने की परमिशन दी गयी थी लेकिन फेक्ट्री के अंदर 600 से लेकर 800 जानवरो को काटने की परमिशन तथ्य छुपा कर परमिशन ली गयी जो कि मानको के बिल्कुल विपरीत है और फेक्ट्री का कृत्य दण्डनीय अपराध है तत्काल इस फैक्ट्री को सीज करने के आदेश लखनऊ से प्रदूषण बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिंह दिए है ।वही जब इस पूरे मामले में नगर निगम के बीजेपी मेयर उमेश गौतम से बातचीत की गई तो मसह गौतम ने इसे सरकार की बड़ी कार्यवाही करार दिया उमेश गौतम ने कहा कि और शासन के आदेश का हर हाल में अनुपालन कराया जाएगा फेक्ट्री को सीज कर दिया गया है बिजली पानी को बंद करा दिया है मारिया फ्रोजन फेक्ट्री का अनुबंध लखनऊ से हुआ है शासन ने अब तक कि बड़ी कार्यवाही की है ।

### बरेली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए गए गलत फैसले के खिलाफ नदीम कुरैशी करेंगे भूख हड़ताल

**बरेली।** मोहनपुर ठिरिया स्थित मारीया फ्रोजन स्लॉटर हाऊस को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ने तत्काल बंद करने का आदेश तो जारी कर दिया पर यह नही सोचा स्लॉटर हाउस बंद हो गया तो 10 हजार परिवार भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे लगभग 10 हजार वर्कर्स स्लॉटर में नोकरी करके अपना परिवार चलाते हैं। मुस्लिम सेवा संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नदीम कुरैशी ने बताया जिसमे हिन्दू मुस्लिम शामिल हैं वहीं लगभग एक हजार मीट की दुकानों पर यहां से मीट सप्लाई होता है,कंपनी के चेयरमैन हाजी शकील कंपनी मालिक के साथ एक बड़े समाजसेवी भी हैं जो गरीब मजलूमो की मदत के लिए हर वक्त खड़े रहतें हैं साथ बरेली जिले के कई स्कूलों को गोद लेकर उनका अच्छा निर्माण कराया जिसमें गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ रहे हैं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली मारिया फ्रोजन स्लॉटर हाउस के मामले में पुनः विचार कर अपना आदेश वापस ले बिना पक्ष जाने कंपनी पर कार्यवाही करना उचित नहीं है प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को किसी के दवाव कार्यवाही नही करनी चाहिए वोर्ड के अध्यक्ष को चाहिए कि जब तक कंपनी के प्रबंधन का पक्ष ना जाने तब तक अपने आदेश को वापस लें।

### दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**बरेली।** गांव की बाजार से लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हुए वृद्ध की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी 65 वर्षीय धर्मपाल सिंह पुत्र राम चरण की बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई उसे 23 नवंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में मृतक के घर वालों ने बताया कि धर्मपाल सिंह घटना वाले दिन मेहतर पुर करोड़ गांव में लगने वाली बाजार से खरीदारी करने के लिए गए थे जहां से वापस लौटते समय गांव से कुछ दूर तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बेटे कल्याण सिंह ने में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया उनकी पत्नी का नाम ओमवती है मृतक पांच बच्चों का पिता था।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने जहर खाया

**ब्रेली।** पत्नी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हजियापुर निवासी 22 वर्षीय आमिर पुत्र समीर को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि आमिर ऑटो चालक है और कल शाम को रोजाना की तरह टेंपो चलाने के लिए घर से बाहर गया था देर रात जब घर वापस लौटा तो उसका अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया जिससे नाराज आमिर ने अपने अपने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### तनावग्रस्त पेंटर ने खाया जहरीला पदार्थ

**बरेली।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रहे पेंटर ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी तीस वर्षीय विजय पुत्र जय किशन को आज बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि विजय रंगाई पुताई का काम करता है और पिछले कुछ दिनों से काम ना मिलने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था जिसके चलते उसका अपनी पत्नी से भी विवाद होता था वह कई बार जहरीला पदार्थ खाने की धमकी दे चुका था और इसी के चलते बीती रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तब घरवाले उसे इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और फिर हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल ले आए जहां उसकी हालत में मामूली सुधार बताया जाता है

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कहारान निवासी 22 वर्षीय भगवान दास पुत्र नत्थू लाल को बीती रात घायल अवस्था में घर वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उन्होंने बताया कि भगवानदास विवाह समारोह आदि के अवसर पर हलवाई के साथ खाना बनाने का काम करता था और कल दिन में अपने काम पर नवाबगंज गया था जहां से वापस लौटते समय नवाबगंज सब्जी मंडी के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाली कार मौके से फरार हो गई रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना घायल के घरवालों को दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### 25000 का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने बीती रात 25000 के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव धतिया निवासी रहमत और मूसा पुत्र नियाजी को बीती रात लगभग 11 बजे पुलिस ने बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव कचोली पुलिया के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया उसके पास से तलाशी के दौरान पुलिस ने 52675 रुपए नगद एक बंदूक दो कारतूस दो खोखा बरामद किए एसओजी और पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए रहमत ने पुलिस को देख कर फायरिंग कर दी तब पुलिस के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की इससे रहमत के पैर में गोली लग गई और रहे घायल हो गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया फिर जिला अस्पताल लाया गया गिरफ्तार किए गए रहमत उर्फमूसा पिछले दिनोंबिथरी चौनपुर के नरियावल इलाके में एक लकड़ी कारोबार से हुई लूट का मास्टरमाइंड था पुलिस ने उसके कब्जे से लूट में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति ;बैंकर्सद्ध की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमए पीएम स्वनिधि योजनाए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशनए राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशनए पंडित दीनदयाल रोजगार योजनाए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाए ओडीओपी योजनाए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ता ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 804 भौतिक लक्ष्य आवंटित किया गया जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा बैंकों को प्रेषित 752 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 244 आवेदन स्वीकृत किए गए तथा 477 आवेदन पत्र के सापेक्ष ऋण वितरित किये गए तथा 508 आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु लम्बित है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022.23 में जनपद का कुल लक्ष्य 151 इकाई एवं मार्जिन मनी का लक्ष्य 436ण्30 लाख है जिसके सापेक्ष बैंकों द्वारा 620ण्12 लाख मार्जिन मनी स्वीकृत कर दी गई है जिसमें केवीआईसी का लक्ष्य 31इकाई अनुदान राशि 88ण्30 लाखए केवीआईबी का लक्ष्य 70 इकाई अनुदान राशि 203ण्00 लाख तथा डीआईसी का लक्ष्य 50 इकाई अनुदान राशि 145ण्00 लाख है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत लक्ष्य 62 इकाई अनुदान राशि 120ण्28 लाख प्रदान किया गया। विभाग द्वारा 137 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गएए जिनमें से 46 आवेदन स्वीकृतए 19 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरित किए गए। ओडीओपी योजना अंतर्गत लक्ष्य 24 मार्जिन मनी 60 लाख के सापेक्ष विभाग द्वारा बैंक शाखाओं को 131 आवेदन पत्र भेजे गएए जिसके सापेक्ष 67 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गएए 10 आवेदन पत्र वितरित किया गयाए 35 आवेदन पत्र निरस्त किए गए। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत लक्ष्य 10 के सापेक्ष बैंकों को 42 आवेदन प्रेषित किए गए जिसमें 7 आवेदन स्वीकृतए 6 आवेदन पत्र पर ऋण वितरित एवं 31 आवेदन पत्र स्वीकृत हेतु लंबित है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूहों के बैंक लिंकेज के वार्षिक लक्ष्य 2736 तथा माह सितंबर तक का लक्ष्य 1368 के सापेक्ष 1425 पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की गई जिसके सापेक्ष 937 समूहों के बैंक लिंकेज स्वीकृत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यमियों के लिये 56ए समूह के लिए 02 तथा क्रेडिट लिंकेज के लिए लक्ष्य 26 के सापेक्ष व्यक्तिगत उद्यमियों की 71ए समूह की 05 व क्रेडिट लिंकेज की 15 प्रेषित पत्रावली के सापेक्ष 35 व्यक्तिगतए 1 समूह एवं 06 क्रेडिट लिंकेज की पत्रावलियां स्वीकृत की गईए पंडित दीनदयाल स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लक्ष्य 1170 के सापेक्ष बैंकों को 275 आवेदन प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष 175 आवेदन स्वीकृतए 49 निरस्त व 51 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों में स्वीकृति हेतु लंबित है। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिएए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश एलडीएम व बैंकर्स को दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबेए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ताए उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केंद्र सहित समस्त बैंकर्स मौजूद रहे।

# मुर्गी पालन पर प्रशिक्षण आयोजित

- लाभकारी है मुर्गीपालन व्यवसाय
- मुर्गी घर में तापमान का रखें ध्यान

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा द्वारा 02 से 03 दिसंबर के बीच राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मुर्गी पालन द्वारा आय संवर्धन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

शुक्रवार को प्रशिक्षण के प्रथम दिन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर के आनंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि कम जोत वाले किसानों के लिए मुर्गी पालन कम लागत का एक लाभकारी कृषि आधारित व्यवसाय है जिससे किसान अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सुरेंद्र सिंह ने मुर्गी पालन की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के समय मुर्गियों को ठंडी से बचाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए इसलिए मुर्गी घर का तापमान मुर्गी की उम्र के अनुसार नियंत्रित करें।

जब चूजे डाले जाये तब तापमान लगभग 95 डिग्री फॉरेनहाइट रखें उसके बाद प्रति सप्ताह 5 डिग्री फॉरेनहाइट तापमान कम करें। मुर्गियां बल्ब के आसपास बैठें तो समझें कि मुर्गी घर का तापमान कम है और यदि मुर्गिया पूरे घर मे बिखर कर बैठी हो तो समझें कि तापमान अनुकूल है इसी आधार पर मुर्गी घर का तापमान नियंत्रित करें। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ ओ पी सिंह ने बताया कि मुर्गी घर का तापमान नियंत्रित करने के लिए जाली के ऊपर पर्दा अवश्य लगाएं जिससे ठंडी हवा मुर्गी घर के अंदर ना आ सके। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सत्येंद्र कुमार ने कड़कनाथ मुर्गी की नस्ल एवं उसके पालने की वैज्ञानिक विधि के बारे में बताया।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर भास्कर प्रताप सिंह ने बताया कि मुर्गी फार्म बनाने के लिए ऊंचे स्थान का चयन करें। मुर्गी घर में वायु के बेहतर संचार एवं रोशनी हेतु मुर्गी घर को पूरब पश्चिम दिशा में बनाये तथा जाली लगा कर वायु का संचार रखें। प्रशिक्षण में क्षेत्र के मोहम्मद लतीफए शिवकुमारए चंद्रिका प्रसादए दिनेश कुमारए अब्दुल हमीदए तैयब अली समेत 50 कृषक मौजूद थे।

# पुलिस के भय से फांसी लगाने में असफल युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**पुलिस** के भय से शुक्रवार को एक युवक फांसी लगा आत्महत्या करने में असफल होने के बाद रेलवे ट्रैक पर पहुंच ट्रेन के आगे छलांग लगा दी जिससे युवक के शरीर के दो हिस्से हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराने के बाद इलाज के लिये कानपुर रिफर कर दिया जहा अस्पताल पहुचने के पहले ही मृत्यु हो गयी। थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम पाटनपुर निवासी जय राम उर्फ लल्लू अनुरागी(40) काफी अर्से से नगर के फत्तेपुर में मकान बनवा रह रहा है, शुक्रवार की सुबह उसने अपने घर में रस्सी से फांसी लगा ली लेकिन रस्सी टूट जाने से वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सका जिससे वह पुनः आत्महत्या करने के मकसद से नगर के समीप निकले रेलवे ट्रैक पर पहुंच कानपुर से चित्रकूट जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के आने पर उसने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी जिससे उसक शरीर दो हिस्सों में बढ़ गया। दोनो पैर धड़ से अलग हो गये। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल लल्लू को आनन-फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

# मां-बेटी के हत्यारे गैंगस्टर को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार

- सहयोगी फरार होने में सफल, बरामद किया अवैध तमंचा

संवाददाता। कन्नौज

**पुलिस** अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविन्द कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर डॉ प्रियंका बाजपेई व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ दीपक दुबे की कुशल नेतृत्व में विभिन्न टीम (प्रभारी स्वाट टीम, प्रभारी थाना सौरिख टीम, प्रभारी थाना गुरसहायगंज टीम) बनायी गयी थी। तालग्राम थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने हमराह सिपाहियों के मायापुर्वा रोड पर यात्री प्रतिक्षालय के निकट घेराबंदी की जिस पर दोनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी जिसपर जबाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया जबकि दूसरा साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

# मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी हड़ताल

संवाददाता। चित्रकूट

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी रवैये के विरोध में न्यायोचित मांगों के समाधान को लेकर धुस मैदान परिसर में कार्य बहिष्कार चौथे दिन भी जारी रखा। कहा कि मांगें पूरी न होने तक समिति का केन्द्रीय नेतृत्व की अगुवाई में कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। शुक्रवार को धुस मैदान स्थित विद्युत कार्यालय में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के घटक दलों के बैनर तले सभा की अध्यक्षता करते हुए उपखण्ड अधिकारी इं शिवम गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की स्वेच्छाचारिता सेवा नियमों व श्रम कानूनों तथा मानवाधिकारों का उल्लंघन बडे पैमाने पर किया जा रहा है। मनमानी ढंग से कर्मचारियों का उत्पीडन हो रहा है। सहायक अभियंता इं रमाशंकर गुप्ता ने कहा कि विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कैसलेस इलाज की सुविधा दी जाये। उपखण्ड अधिकारी इं आशीष सिंह ने कहा कि विभाग में ईआरपी में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। अवर अभियंता इं अनुपम कुमार ने कहा कि सेवा के बाद पदोन्नति वेतनमान देकर पुरानी पेंशन लागू की जाये। शिवप्रकाश अवस्थी ने कहा कि प्रबंधन के जारी विद्युत वर्कशाप के निजीकरण का आदेश वापस लिया जाये। सहायक अभियंता इं श्रीनिवास महाकुंड ने कहा कि आउट सोर्सिंग से परिचालन एवं अनुशरण के आदेश निरस्त किये जायें। सचालन करते हुए कर्मचारी नेता उमतलाल ने कहा कि संविदा कर्मियों को तेलंगाना की भांति नियमित किया जाये। कर्मचारी नेता लक्ष्मीनारायण पाल ने कहा कि केरल व हिमांचल की भांति सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण किया जाये। कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार न कर कुठाराघात किया जा रहा है। चेताया कि संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय नेतृत्व की अगुवाई में मांगें पूरी न होने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर इं आरएस वर्मा, इं रामचन्द्र, इं दुर्गेश कुमार सिंह, रामचन्द्र, दीनदयाल समेत तीन सौ कर्मचारी धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की अन्तिम बैठक में एक करोड़ 93 लाख की विकास परियोजनाओं का अनुमोदन

- सभासदों व मीडिया कर्मियों का चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने किया सम्मान

संवाददाता। चित्रकूट



**चित्रकूटधाम** कर्वी नगर पालिका परिषद बोर्ड की अंतिम बैठक पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सीतापुर रेन बसेरा में संपन्न हुई। जिसमें मा0 मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों एवं जल निकासी योजना के लिये 1 करोड़ 93 लाख की कार्ययोजना प्रेषित करने का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिसमें अवशेष कार्यों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद सभी सभासदों एवं मीडिया कर्मियों का 5 साल तक पालिका के विकास में अभूतपूर्व योगदान सहयोग देने पर सभी का साल भेंटकर सम्मान किया गया। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी भाजपा नेता पंकज अग्रवाल का भी पुष्पगुच्छ तथा साल भेंटकर स्वागत किया। अधिशासी अधिकारी रामअचल कुरील ने पालिका अध्यक्ष सहित सभी सभासदों , मीडिया कर्मियों का अभिनंदन स्वागत किया। स्वागत समारोह में सभासद लीलावती, श्याममनी, संगीता, अनीता, महरी, रामादेवी त्रिपाठी, निशा, किरन, मानिकलाल, मुन्नालाल, जागेश्वर यादव, कमलेश कुमार, संत कुमार, बुद्धप्रकाश, रमेश मिश्रा, शिव प्रकाश, शैलेन्द्र, मूलचन्द्र, सुशील श्रीवास्तव, अनुज निगम, रमेश सोनी, लव सिंह, मो0 निजाम, मो0 अरमान एवं नामित सदस्य अभिषेक मिश्रा, विजय चन्द्र गुप्त, सीमा निगम, पुष्पा सोनी, प्रेमलाल वाल्मीकि का अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। सभी के सम्मान में शानदान सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ठण्ड को देखते हुये गरीबों के लिये कम्बल क्रय करने, अटल पार्क से लेकर कोतवाली कर्वी तक सड़क एवं इण्टरलॉकिंग कार्य कराने, चौगलिया से रामघाट तक गढ्डा मुक्त सड़क बनाने, ट्राफिक चौराहे का सौन्दर्यीकरण शीघ्र कराने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

# मेगा स्वच्छता अभियान में समाप्त किये गये कूड़े के ढेर

संवाददामा। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**शासनादेश** के अनुपालन में नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी एवं कर्मियों ने मेगा स्वच्छता अभियान चलाते हुए न सिर्फ कूड़े के ढेरों को समाप्त किया। बल्कि अबैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवानें के बाद विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। जिससे विद्यार्थी भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते नजर आए।

बताते चलें कि शासन के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत 75 जनपद 75 घंटे 750 नगर निकाय अभियान के अंतर्गत 1 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक चल रहे मेगा स्वछता अभियान एवं कूड़े के ढेर को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह एवं कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह की मौजूदगी में फर्रुखाबाद रोड के किनारे कूड़े के ढेरों को पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने के उद्देश्य से पालिका की जेसीबी चलवाकर अबैध अतिक्रमण हटाते हुये सफ़ाई कार्य करवाया गया।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिये घरों व विद्यालय के आसपास स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। जिस पर आरडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सफाई अभियान में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, शैलेंद्र यादव, गौरव मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, सहित सफाई नायक अशोक कुमार एवं राजन राजपूत मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद बालकुमार पटेल के गनर की संदिग्ध दशा में गोली लगने से मौत

संवाददाता। चित्रकूट

**मिर्जापुर** के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल की सुरक्षा में तैनात गनर योगेश मिश्रा की संदिग्ध दशा में गोली लगने से मौत हो गई। उनके छोटे भाई ने बताया कि ड्यूटी से लौटने के बाद देर रात कारबाइन साफ करते समय गोली चल गई। सीने में गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। ये हादसा देर रात कोतवाली कर्वी के बलदाऊगंज मोहल्ले में हुआ। बताया गया कि मिर्जापुर के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल का रानीपुर भट्ट में आवास है। मूल रुप से छेछरिहाखुर्द के निवासी योगेश मिश्र वर्तमान में बालकुमार की सुरक्षा में तैनात थे। वह सेना से सेवा निवृत्त होने के बाद सिविल पुलिस में भर्ती हुए थे। मिर्जापुर में मूल रुप से उनकी तैनाती थी। गुरुवार देर रात संदिग्ध दशा में कारबाइन से गोली लगने पर उनके बलदाऊगंज स्थित आवास में मृत्यु हो गई। मृतक के छोटे भाई देवेन्द्र ने बताया कि पांच-छह माह पहले उनके भाई की पूर्व सांसद बालकुमार पटेल के गनर के रुप में तैनाती हुई थी। वह गुरुवार देर रात ड्यूटी से लौटे थे। अपनी पत्नी से चाय बनाने को कहा और कारबाइन साफ करने लगे। इसी बीच कारबाइन से चली गोली योगेश के सीने में लगी और वह लहूलुहान हो गये।

देवेन्द्र ने बताया कि आवाज सुनकर दौडकर देखा तो भइया लहूलुहान पडे थे। उन्होंने भाभी से कहा कि अस्पताल ले चलो। अस्पताल ले जाने से पहले उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल जांच पडताल जारी है। घटना को लेकर तरह-तरह की बातों का बाजार गर्म है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

# अबोध बालक से दुराचार करने के आरोपी की तलाश शुरू

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक बालक के साथ दुराचार करने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति पेशे से ट्रक चालक है जो आए दिन बाहर रहता है। तीन दिन पूर्व जब वह एक शादी समारोह में गई थी तभी गांव का कृष्णा उर्फ लाला उसके मंदबुद्धि 13 वर्षीय बालक को बहला-फुसलाकर खेतों की ओर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलते ही मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम अभिषेक आनंद ने बच्चे से कराया आंगनबाड़ी केंद्र बरगढ़ का लोकार्पण

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को 'चतुर्थ आंगनबाड़ी केंद्र बरगढ' का लोकार्पण एक छोटे बच्चों के हाथ से कराए। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्री से बच्चों के स्टूमेंट के बारे में पूछा। उन्होंने कहा सभी स्टूडेंट की व्यवस्था है कि नहीं।इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चे का वजन भी करा कर देखें। इस मौके पर डीएम ने कहा कि मीनू के हिसाब से पुष्टाहार दिया जाना चाहिए। उन्होंने आशा कार्यकत्री से गर्भवती महिला के बारे में पूछा जी समय समय से संपर्क कर उनसे हालचाल लिया करें।इसके बाद जिलाधिकारी ने 'इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय बरगढ के कक्ष संख्या एक का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा अध्यापक से कहां की रजिस्ट्रेशन की सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम है, आप लोग अभिवावकों से भी सम्पर्क करें। जिलाधिकारी कक्ष संख्या दो में स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई कर रहे बच्चों का क्लास रूम को भी देखें। क्लास में बच्चों को स्वेटर न पहने देकर उन्होंने अध्यापकों से कहा कि इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल में टॉयलेट को चेक कीजिए। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देशित किये कि साफ-सफाई भी कराते रहें । जिलाधिकारी ने विद्यालय के पास बने ग्राम सचिवालय में पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में और भी किताबें बढ़वाए।उन्होंने ग्राम प्रधान से कहा कि आप लोग बच्चों को गावों पुस्तकालय भेजें। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जन सेवा केंद्र, प्रधान कक्ष व कंप्यूटर का कार्य निरीक्षण किए। इसके अलावाा जिलाधिकारी ने विनोबा नगर से अशोक रैदास के घर तक बन रहे रोड का निरीक्षण किया। मनरेगा की तरफ से लगे मजदूरों की जॉब कार्ड व मजदूरी के बारे में जानकारी लिए।

# रुपये-जेवर से भरा खोया पर्स पाकर महिला के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर चौकी सीतापुर पुलिस टीम ने रास्ते में गिरे पर्स जिसमें मोबाइल फोन, नकदी व ज्वेलरी को सकुशल पर्स धारक महिला के सुपुर्द किया। पर्स पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई। शुक्रवार को आपरेशन मुस्कान के तहत सीतापुर पुलिस चौकी के दरोगा शौकत खां की अगुवाई में पुलिस टीम को रास्ते में लावारिश पर्स मिला। पर्स में मोबाइल फोन, नकदी व ज्वेलरी थी। पुलिस टीम ने पर्सधारक महिला मनोरमा शुक्ला पत्नी राजीव शुक्ला ग्राम पडरी पूरे थाना गौरीगंज जिला अमेठी को सौंप दिया। इसके पहले पुलिस ने महिला से पर्स में रखे सामान का ब्यौरा पूंछा। महिला ने बताया कि वीवो मोबाइल फोन, ढाई हजार रुपये और एक सोने की अंगूठी और चांदी का सिक्का तथा कुछ जरुरी कागज पर्स में हैं। इस बात से संतुष्ट होकर पुलिस ने मनोरमा शुक्ला को पर्स सौंप दिया।

## क्विक न्यूज

### भगवान श्री राम की मूर्ति चोरी होने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम खरगापुर स्थित स्वर्गपुर आश्रम अज्ञात चोर द्वारा भगवान श्री राम की अष्टधातु की मूर्ति चोरी कर ली गई थी। महंत की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। क्षेत्र के ग्राम खरगापुर स्थित स्वर्गपुर आश्रम के महंत हरिदास महाराज द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 30 नवंबर की देर रात आश्रम में बने श्री राम जानकी मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम की 9 किलो की अष्टधातु की मूर्ति को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### डीसीएम की चपेट में आने से वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**बछरावां, रायबरेली।** स्थानीय कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर रोड पार कर रही वृद्ध महिला डीसीएम की चपेट में आने से गंभीर घायल अवस्था में बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना दिनांक 1 दिसंबर गुरुवार देर शाम 8रू00 बजे बछरावां कस्बा काछीन टोला निवासिनी वृद्धा कलावती पत्नी रामप्रसाद उम्र 65 वर्ष दूध लेने के लिए जा रही थी बांदा बहराइच मार्ग रोड पार करते समय अचानक हैदर गढ़ की तरफसे आ रहा एक तेज रफ्तार डीसीएम के द्वारा वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मार दी गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गईए टक्कर लगते ही स्थानीय बाजार के लोगों द्वारा आनन.फानन दौड़कर वृद्ध महिला को उठाने का प्रयास किया गयाए तत्काल सूचना एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा वृद्धा को बछरावां अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर डीसीएम चालक तथा डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया की घटना कारित करने वाले डीसीएम चालक तथा डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर मिलने के बाद आगे की विधित कार्यवाही की जाएगी।

### टेंपो की टक्कर लगने से युवक हुआ घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने युवक के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना तालग्राम के ग्राम चचियापुर निवासी खुशीराम पुत्र रमेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 22 नवंबर को घर वापस लौट रहा था। जैसे ही ग्राम हजरतपुर जीटी रोड के सामने पहुंचा अनियंत्रित गति से आ रहे टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रंजिशन की मां बेटी से मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते मां बेटी के साथ गांव के ही एक युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मिरगांवा निवासी रोजी बानो पुत्री हमीद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत बीते दिन को अपनी मां रुखसाना बेगम के साथ घर की ओर जा रही थी। जैसे ही सैयद बाबा मजार के निकट पहुंची तभी गांव के ही जीशान ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को चौबीस घण्टे में दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीते दिन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम में कामांध युवक द्वारा घर में अकेली किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को 24 घंटे में ही हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन क्षेत्र के ग्राम में परिजनों की गैरमौजूदगी में घर में अकेली किशोरी के साथ गांव के ही सतेंद्र उर्फसुमित पुत्र छविनाथ ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया। जिनके प्रयासों से मात्र 24 घंटे के अंदर अभियुक्त को हिरासत में लेकर कार्रवाई करनें के पश्चात जनपद न्यायालय भेजा गया।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को तलाक देकर किया बेघर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शादी में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित घर से निकाल देना एवं तलाक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंड़वाबुजुर्ग निवासी आरजू पुत्री नसीम खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि साढे तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी मझपुरवा निवासी जुल्फिकार पुत्र यासीन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति सहित ससुराली जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर उसे घर से बेघर करते हुए तलाक दे दिया। पीड़िता ने अपने पति पर गंभीर आरोप भी लगाए पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नाली को तोड़ने का विरोध करना एक महिला को उस समय महंगा पड़ गया। जब गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी शबनम बेगम पत्नी इकबाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह उसके पड़ोसी एक परिवार के तीन सदस्यों ने उसके घर की नाली तोड़ दी। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने वांछित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जनपद न्यायालय में चल रहे अपहरण के एक मामले में काफी समय से गैरहाजिर चल रहे आरोपी युवक को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर हिरासत में लिया गया। शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना परब्रह्मदेव मंदिर तिराहा पर छापेमारी कर ग्राम नदसिया निवासी करन पुत्र रामप्रसाद को हिरासत में लेकर कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया।

### भ्रष्टाचार को मुंह चिढ़ाते शारदा सहायक खंड के अधिकारी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस पर कुठाराघात करते शारदा सहायक खंड दक्षिण के अधिशासी अभियंता पर मौजूदा सरकार के पूर्व जिला महामंत्री के आरोप मौजूदा सरकार में भ्रस्टाचार की जड़ों की गहराई बताने के लिए काफी है शारदा सहायक खाद;दक्षिणद्ध के अधिशासी अभियंता पर नियमो की परवाह किये बिना संविदा कार्यों में मनमानी करते हुए बगैर मैनुवल या ई टेंडर प्रक्रिया के कार्यों को आवंटित करने का गंभीर आरोप सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री बुद्धिलाल ने लगाते हुए जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से जांच की मांग की है साथ ही सरकारी धन में बंदरबांट सहित पिछले तीन वर्षों में कराए गए कार्यो की जांच हेतु पत्राचार किया सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार पर अपने गृह जनपद के ठेकेदार ब्रजेश सिंह के नाम पर फर्जी भुगतान कर धन उगाही का गंभीर आरोप भी लगाया पूर्व जिला महामंत्री ने आगे आरोप के क्रम में डीसीपी नहर की सफाई कहां तक हुईएरजबहोएमाइनरो की सफाई कार्यएमेंटीनेंसएसड़कें तथा पुलिया मरम्मत का कार्य सिर्फ कागजो पर हुआ और सारे संविदा कार्य उनके गृह जनपद के ठेकेदार ब्रजेश सिंह के नाम पर फर्जी भुगतान कराए गएण्

### बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जारी किया परिपत्र

**रायबरेली।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशोध्दिशा निर्देशों के क्रम में प्रदेश की विभिन्न अदालतों में लगातार हो रही हड़तालों ने अदालतों के कार्य प्रभावित करने के साथ साथ मुवक्किलों की समस्या बढ़ाई है अतः वैध रूप से बेंच एवं बार की गरिमा धूमिल हो रही है तथा विशेष रूप से बार काउंसिल आफउत्तर प्रदेश की जिससे हम सभी अपनी प्रासंगिकता एवं अस्तित्व खो सकते हैं यदि कोई स्थानीय समस्या है तो संबंधित पदाधिकारी बार एसोसिएशन समस्या समाधान के लिए बार काउंसिल आफउत्तर प्रदेश को अवगत करा निराकरण करवा सकते हैं बजाए हड़ताल के आवाहन के उपरोक्त के परिपेक्ष में यदि बार एसोसिएशन द्वारा 1 दिवस के विरोध दिवस का आह्वान किया जाता है तो उसे हड़ताल नहीं समझा जाना चाहिए तथा विरोध दिवस के दिन प्रेस स्टेटमेंट टीवी न्यूज़ बैनर पोस्टर तथा बाग में काली पट्टी बांधकर कोर्ट परिसर के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया जा सकता है अन्यथा की स्थिति में बार काउंसिल आफउत्तर प्रदेश द्वारा संबंधित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के विरुद्ध उपरोक्त आदेशों दिशा निर्देशों के उल्लंघन में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है हम आशा एवं विश्वास करते हैं कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के रिपोर्टेड निर्णय 2003;2द्धएससीसी 45 एक्स कैप्टन हरीश उप्पल बनाम यूनियन ऑफइंडिया व अन्य बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें जिससे अदालतों का कार्य जनमानस के हित में प्रभावित न हो सके।

# स्वाभाविक सहयोगी हैं भारत और इजराइल : इसाक हरजोग

भाषा। यरुशलम

**इजराइल के** राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने कहा है कि भारत और इजराइल स्वाभाविक सहयोगी हैं जो उन लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता से बंधे हैं जिन पर उनकी स्थापना हुई थी। हरजोग ने यह टिप्पणी यहां एक प्रदर्शनी में की जिसमें भारतीय देवताओं की मूर्तियां प्रदर्शित की गई थीं। हरजोग ने बृहस्पतिवार शाम इज़राइल संग्रहालय में बॉडी ऑफ फेथ: स्कल्पचर फ्रॉम द नेशनल म्यूजियम ऑफ इंडिया नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी को दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती का प्रतिफल बताया।न्होंने कहा, भारत और इजराइल स्वाभाविक सहयोगी हैं, जो लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति एक मौलिक प्रतिबद्धता से एकजुट हैं, जिस पर हमारे दोनों देशों की स्थापना हुई थी। हरजोग ने कहा, यह शाम भारतीय लोगों के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देते हुए हमारी साझा मानवता पर प्रकाश डालती है। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा, यह प्रदर्शनी भारत और इजराइल के बीच बढ़ती मित्रता और उस कला एवं संस्कृति का प्रतिबिंब है जो दोनों देश साझा करते हैं। इजराइल संग्रहालय के एक प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रदर्शनी में चौथी और तेरहवीं शताब्दी के बीच निर्मित 14 भारतीय प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं, जिनमें से कुछ नई दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय से उधार ली गई हैं और कुछ इजराइल संग्रहालय की हैं।छह महीने तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में अकादमिक वार्ता और भारत के चयनित कलाकारों द्वारा विशेष व्याख्यान भी शामिल होंगे। इज़राइल संग्रहालय और राष्ट्रीय संग्रहालय के बीच पहले अद्वितीय सहयोग को उल्लेखित करते हुए हरजोग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस प्रदर्शनी के लिए ऐसी ऐतिहासिक कलाकृतियां इज़राइल लाई गई हैं जो भारत से पहले कभी बाहर नहीं गईं।इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा, यह कितने सम्मान और खुशी की बात है। मुझे प्रदर्शनी देखने का सौभाग्य मिला और यह अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, इस सहयोग से लोगों को उत्कृष्ट मूर्तियों के अवलोकन के साथ ही हिंदू संस्कृति के बारे में बेहतर जानकारी मिल सकेगी। ए उत्कृष्ट कृतियां भारतीय इतिहास में तीन अलग-अलग अवधियों की हैं। हरजोग ने उद्घाटन समारोह को संस्कृति, इतिहास और मित्रता की अद्भुत शाम बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अबू धाबी में अगले सोमवार को होने वाले एक अंतरिक्ष सम्मेलन में अपनी भागीदारी का उल्लेख किया। इस मौके पर इज़राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला भी मौजूद थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने कहा कि भारत को यह बताने की जरूरत नहीं है कि लोकतंत्र पर उसे क्या करना है। भारत ने दिसंबर महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी बृहस्पतिवार को संभाली। भारत इस दौरान आतंकवाद के मुकाबले सहित अन्य विषयों पर कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही परिषद में भारत का 2021-2022 का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहली महिला स्थाई प्रतिनिधि कंबोज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेंगी। उन्होंने सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष के तौर पर पहले दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मासिक कार्यक्रमों के संबंध में पत्रकारों को संबोधित किया। भारत में लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा, हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि लोकतंत्र पर क्या करना है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत शायद दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें 2500 साल पहले से थीं, हम हमेशा से लोकतंत्र थे। हाल के दिनों में, हमारे यहां लोकतंत्र के सभी स्तंभ हैं जो बरकरार हैं – विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और चौथा स्तंभ, प्रेस। साथ ही एक बहुत जीवंत सोशल मीडिया भी है। इसलिए भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। कंबोज ने कहा, हर पांच साल पर हम दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद करते हैं। हर कोई अपनी इच्छा के अनुसार बोलने के लिए स्वतंत्र है और हमारा देश इसी तरह काम करता है। देश तेजी से सुधार कर रहा है, परिवर्तन कर रहा है। आगे बढ़ने की गति बहुत प्रभावशाली रही है। मुझे यह कहने की जरुरत नहीं है और आपको केवल मेरी बात पर यकीन नहीं करना है। अन्य लोग यह बात कह रहे हैं।



इज़राइल संग्रहालय में बॉडी ऑफ फेथ : स्कल्पचर फ्रॉम द नेशनल म्यूजियम ऑफ इंडिया नामक प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

## उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रम को लेकर अमेरिका ने नए प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ दल की केंद्रीय समिति के तीन सदस्यों पर देश के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में शामिल रहने के आरोप में प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा है कि इसने वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के निदेशक तथा उप निदेशक क्रमश: जॉन इल हो तथा यू जिन को प्रतिबंधित कर दिया है, इसके अलावा केंद्रीय समिति के एक अन्य सदस्य किम सू गिल पर भी प्रतिबंध लगाया है। वित्त विभाग ने कहा कि उनके बैंक खातों और अन्य आर्थिक संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है तथा उनके साथ किसी प्रकार का लेन देन अथवा व्यवसाय करने से अमेरिकियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने इस साल बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की गति बढाते हुए 60 से अधिक परीक्षण किए हैं, जिसके बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर दबाब बढ़ गया है। वित्त विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन करते हुए उत्तर कोरिया के हथियारों को विकसित करने में तीन अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2017 के बाद बड़ी संख्या में बैलेस्टिक मिसाइलों के परीक्षण में व्यक्तिगत रूप से शामिल रहे।

## दक्षिण कोरिया ने सैन्य तैयारियों को लेकर उत्तर कोरिया पर नए प्रतिबंध लगाए

**सियोल।** उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रम को आर्थिक सहयोग देने की अवैध गतिविधियों में संदिग्ध रूप से लिप्त सात कंपनियों और आठ व्यक्तियों पर दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया। दक्षिण कोरिया में बिना अनुमति के उत्तर कोरिया के साथ किसी भी तरह का कारोबार करने पर मनाही है। यह कदम काफी हद तक सांकेतिक है, क्योंकि दोनों विरोधी देशों के बीच बहुत कम वित्तीय सौदे होते हैं। बहरहाल, दक्षिण कोरिया के इस कदम पर उत्तर कोरिया असहज होकर प्रतिक्रिया दे सकता है। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक एओल और उनकी सरकार को मूर्ख और अमेरिका की ओर से दी गई हड्डी चबाता जंगली कुत्ता करार दिया था। इसके बाद सियोल ने कहा था कि वह प्योंगयांग पर और अधिक एक पक्षीय प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी कोषागार विभाग की ओर से उत्तर कोरिया की सत्ताधारी वर्कर्स पार्टी के तीन सदस्यों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के थोड़ी देर बाद ही दक्षिण कोरिया की ओर से भी प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया गया।

# युद्ध में हमारे 10 हजार से अधिक सैनिक मारे गए: यूक्रेनी अधिकारी

भाषा। कीव

**यूक्रेन के राष्ट्रपति** के शीर्ष सलाहकार मिखाइलो पोडोलियाक ने सैन्य प्रमुखों के हवाले से कहा कि रूस के आक्रमण के खिलाफ नौ महीने से जारी संघर्ष में 10 से 13 हजार यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन के किसी आला अधिकारी की तरफ से अभी तक इस बारे में बहुत कम जानकारी दी गई है। पोडोलियाक ने मारे गए सैनिकों की जो संख्या बताई है, वह पश्चिमी नेताओं के अनुमान से बहुत कम हैं। पोडोलियाक ने कहा कि रूसी बल सीमा रेखा पर बुनियादी ढांचों पर रॉकेट और यूक्रेनी सैनिकों के ठिकानों पर लगातार हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस की सेना का ध्यान बाखमत और अवदिवका समेत एक दर्जन शहरों पर है। पोडोलियाक ने युद्ध में मारे गए यूक्रेनी सैनिकों के बारे में बृहस्पतिवार देर रात नए आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा कि घायल सैनिकों की संख्या काफी ज्यादा है और हताहत नागरिकों की तादाद अच्छी-खासी है। उन्होंने चैनल 24 को बताया, सैन्य अधिकारियों की तरफ से हमें आधिकारिक आंकड़े दिए गए हैं, हमें आलाकमान की तरफ से आंकड़े मिले हैं। और कुल मिलाकर 10 हजार से साढ़े 12 या 13 हजार सैनिक मारे गए हैं। हालांकि यूक्रेन की सेना ने इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले अगस्त में सशस्त्र बलों के प्रमुख ने कहा था कि लगभग नौ हजार सैन्य कर्मी मारे जा चुके हैं।

## असंतोष को कुचलने के लिए चीन के सुरक्षा बल पूरी तरह से तैयार

**बीजिंग।** जब अपने शासन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात आती है, तो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के शासक कोई कोताही बरतते नहीं दिखते। कोविड-19 के खिलाफ सख्त और खत्म होती नहीं दिख रही पाबंदियों के खिलाफ जब बीजिंग और अन्य शहरों में सड़कों पर दशकों में सबसे उग्र विरोध प्रदर्शन शुरू हुए तो असंतोष को दबाने पर सरकार द्वारा पड़े पैमाने पर हुए खर्च की बानगी नजर आई। बड़े पैमाने पर उथल-पुथल को शांत करने के लिए आवश्यक मशीनरी स्थापित करते हुए सरकार दशकों से ऐसी चुनौतियों के लिए तैयारी कर रही है।

## महाभियोग के खतरे का सामना कर रहे हैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा इस आरोपों को लेकर महाभियोग के खतरे का सामना कर रहे हैं कि उन्होंने अपने फार्म से करोड़ों डॉलर चोरी होने की बात छुपाई जिसे कथित तौर पर फर्नीचर में छुपाया गया था। रामफोसा (70) के खिलाफ 2020 में उनके निजी फार्म से चोरी से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। एक स्वत्रंत समिति ने कहा कि उसे इस बात के पर्याप्त सबूत मिले हैं कि हो सकता है कि राष्ट्रपति रामफोसा ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की एक धारा का उल्लंघन किया हो और खुद को अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियों और अपने निजी व्यवसाय के बीच टकराव की स्थिति में डालकर गंभीर कदाचार किया हो।।

## हैती में गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में 12 व्यक्तियों की मौत : महापौर

**पोर्ट ऑ प्रिंस।** हैती की राजधानी के निकट गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में 12 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक घरों को आग लगा दी गई। शहर के महापौर ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। महापौर जोसेफ जेनसन गुइलोम ने बताया कि यह घटना मंगलवार आधी रात के आसपास पोर्ट ऑ प्रिंस के उत्तरपश्चिम स्थित एक छोटे शहर काबारेट में हुई। उन्होंने बताया कि पूरे हैती में हिंसा में वृद्धि के मद्देनजर नगर के एक इलाके में स्थानीय लोगों को सुरक्षा गार्ड के रूप में सेवा देने के लिए तैनात किया था, लेकिन गिरोहों ने मशीनगन के बल पर उन्हें अपने नियंत्रण में ले लिया।

## अमेरिका ने एक्यूआईएस, टीटीपी के चार सदस्यों को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका ने अलकायदा और पाकिस्तानी तालिबान समूहों के चार सदस्यो को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है। बाइडन प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी आतंकवादी अफगानिस्तान में पैर न पसार सके। जिन आतंकवादियों को बृहस्पतिवार को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया है, उनमें भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा का अमीर ओसामा महमूद, एक्यूआईएस का उप अमीर आतिफ याह्या गोरी तथा समूह मे और लोगो को भर्ती करने का काम संभालने वाला मुहम्मद मारूफ शामिल है।

# 50 नागरिकों की हत्या करने का अरोप

● कांगो की सेना ने एम23 विद्रोहियों पर लगाया आरोप

भाषा। बेनी (कांगो)

**कांगो में** एम23 विद्रोहियों पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने कम से कम 50 नागरिकों की हत्या कर दी है। हालांकि विद्रोही संगठन ने इससे इंकार किया है। इसके साथ ही सेना ने कहा कि यह हमलों से आम लोगों की सुरक्षा करेगी। अंगोला में हाल ही में हुई बैठक में स्थानीय नेताओं ने संघर्ष विराम को लेकर अल्टीमेटम जारी करते हुए कहा था कि हाल के महीनों में एम23 ने जिन शहरों पर कब्जा कर लिया है, वहां से भी उसे हटना होगा, नहीं तो पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्रीय बल इसमें हस्तक्षेप करेंगे। स्थानीय नेताओं के इस बयान के एक सप्ताह के भीतर ही सेना का यह ताजा बयान आया है। मोनुस्को ने कहा है कि यह हिंसा मंगलवार को किशिशे गांव में हुई और बड़ी संख्या में आम लोग हताहत हुए हैं। यह इलाका क्षेत्रीय राजधानी गोमा से करीब 70 किलोमीटर दूर है। एक स्थानीय नागरिक संस्था समूह ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि ब्विटो के निकट खेतों से और अधिक संख्या में शव बरामद किए गए हैं। हमले के बाद से अन्य नागरिक लापता हैं। वहीं न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि मोनुस्को को इलाके में एम23 और माई-माई उग्रवादियों के बीच संघर्ष की खबरें मिली हैं।

Public Notice
This is to inform general public that Mr. Laxman Singh Rana has acquired the Entire First floor (Without roof rights), "said floor" out of Built up property no. RZ-40/5, area measuring 105 sq. yds. i.e. 87.8 sq. mtr/, in Gali no. 5, out of Khasra no. 68/22, situated in revenue estate of village Palam, Delhi State Delhi, colony known as Raj Nagar-I, Palam Colony, New Delhi by way of Gift Deed Dated 13.10.2022, Doc no. 12139. Now, Mr. Laxman Singh Rana & Mrs. Babita Rana are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार श्रीमती। वकीला प्लाट नंबर 48 (ए),एरिया 50 वर्ग गज खसरा नंबर 543, ब्लाक-डी में,स्थित, ग्राम धरौती खुर्द लोनी, जिला गाजियाबाद का मालिक है तथा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक के साथ बंधक रख रहे है. तथा अभिषेक गैराथी के पास प्रापर्टी से संबंधित मूल कागजात नहीं है, जिसमें 1.मैसर्स दिल्ली आदर्श फाइनेंसर्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पक्ष में बिक्री विलेख,2.राम स्वरूप का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, 3. चंदर वती देवी के पक्ष में आर। विलेख।, 4. नायी लाल, लक्ष्मण सिंह और राम किशन सिंह के पक्ष में वसीयत का प्रोबेट, 5. नायी लाल, लक्ष्मण सिंह और राम किशन सिंह के पक्ष में बयाना एग्रीमेंट यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के ०८ दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे
एडरेम लिगल सल्युशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका, नई देल्ही.-७५. म. ९८९९०१३९१८

# शेयर बाजार में आठ दिन से जारी तेजी पर विराम

● सेंसेक्स 416 अंक लुढ़का

भाषा। मुंबई

**स्थानीय शेयर** बाजारों में पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 416 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 415.69 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,868.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 604.56 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का



निफ्टी भी 116.40 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,696.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान युनिलीवर, मारुति, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और पावरग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, डॉ. रेड्डीज, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और बड़ी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में तेजी पर विराम लगा। बाजार में वाहन शेयरों में अगुवाई में गिरावट आई। निर्यात कम रहने से वाहनों की बिक्री का आंकड़ा उम्मीद से कम रहा है...। पिछले आठ दिनों की तेजी में बीएसई सेंसेक्स 2,139.35 अंक यानी 3.49 प्रतिशत चढ़ा था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली रही और इससे इसमें आधा प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों क्रमश: 0.80 प्रतिशत और 0.70 प्रतिशत मजबूत हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को नुकसान में रहा था।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.77 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को।,565.93 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## रेपो दर में 0.35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं करे रिजर्व बैंक : एसोचैम

भाषा। नई दिल्ली

**उद्योग मंडल एसोचैम** ने शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अगले सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में बढ़ोतरी को कम रखने को कहा है। उद्योग मंडल का कहना है कि ब्याज दरों में अधिक वृद्धि होने पर इसका आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। आरबीआई इस साल मई से अबतक रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू होगी। मौद्रिक नीति की घोषणा सात दिसंबर (बुधवार) को की जाएगी। एसोचैम ने आरबीआई को लिखे पत्र में कहा है, रेपो दर में 0.25 से 0.35 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि नहीं होनी चाहिए। पत्र में उद्योग के समक्ष अन्य मुद्दों का भी जिक्र किया गया है। उद्योग मंडल ने पत्र में अन्य सुझाव भी दिए हैं। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए खुदरा कर्ज को रियायती ब्याज दर के साथ प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत लाने का सुझाव शामिल है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 30 सितंबर को मौद्रिक नीति समीक्षा में मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

PUBLIC NOTICE
Be it known to all that I, Ajay S/o Late Vijay Kumar R/o- G-14,Prem Nagar-1,Kirari Suleman Nagar, Delhi I am the legal owner of Plot No. 594, Pkt/Blk-A-2, Measuring- 32.00 sq. mtrs., Sector-35 In Rohini, Delhi vide File No.F-16 (21756)2012/RHN, Application No. 138785, Priority No. 15718 which is allotted by the DDA. Original Mutation Letter of the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No. 1040884/2022,Dated-02-12-2022.Any person (s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone No. 9971883500 within 15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/ contact me.

PUBLIC NOTICE
To be known to all that, Kamlesh Bhandari son of late Shri P.S. Bhandari R/o 3-5-874/13/A,Flat No.302,Aasra Apts., Hyderguda, Near MLA Quarters.,Hyderguda,Khairatabad, Hyderabad and Mr.Anup Bhandari S/o Late Shri P. S.Bhandari R/o 14-2-332/7/17,Gyan bagh Colony,Near Hanuman Temple, Hyderabad,Andhra Pradesh is owner/ mutatee and in physical possession of Flat No.36-C,on First Floor,Cat-MIG, Block-BB, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi, which has been allotted by DDA vide File No.F.41 (104) 1975/ HBMI and applied for conversion from lease hold into free hold of said flat in D.D.A. The original Allotment Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water and Electric connection, and all original Challans and other related documents of said flat have been lost. An F.I.R. to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9949275000 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this flat can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I, D Block 3d Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि सीताराम भरतिया इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एण्ड रिसर्च, जनवरी 2014 से दिसंबर 2018 तक के रोगी के रिकार्ड को नष्ट करने जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को इस रिकार्ड के बारे में कोई जानकारी चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं और इस प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अस्पताल के मेडिकल रिकार्ड विभाग से संपर्क कर सकते हैं उसके बाद एम सी आई के दिशानिर्देशों के अनुसार, अस्पताल को रिकार्ड नष्ट करने का अधिकार हैं। हस्ता०
चिकित्सा निदेशक
सीताराम भरतिया इंस्टिट्यूट ऑफ सांइस एण्ड रिसर्च

## ओएनजीसी, आईओसी, वेदांता के 1.9 अरब डॉलर के बॉन्ड होंगे परिपक्व: मूडीज

**हैदराबाद।** तेल एवं गैस क्षेत्र की तीन बड़ी कंपनियों- ओएनजीसी, आईओसी और वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के करीब 1.9 अरब डॉलर के बॉन्ड अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने जा रहे हैं। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इन बॉन्ड में अकेले वेदांता की हिस्सेदारी करीब 47 प्रतिशत है। उसका 40 करोड़ डॉलर का बॉन्ड (आठ प्रतिशत कूपन दर) अगले साल 23 अप्रैल को परिपक्व होगा जबकि 50 करोड़ डॉलर का एक और बॉन्ड (7.125 प्रतिशत कूपन दर) 31 मई को परिपक्व होने वाला है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का 50 करोड़ डॉलर का बॉन्ड (3.75 प्रतिशत) अगले साल एक अगस्त को परिपक्व होगा जबकि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का 50 करोड़ डॉलर का बॉन्ड (5.75 प्रतिशत) सात मई, 2023 को परिपक्व होने वाला है।

## पीएम गतिशक्ति योजना के इस्तेमाल पर सामाजिक विभागों के संपर्क में डीपीआईआईटी

भाषा। नई दिल्ली

**उद्योग एवं वाणिज्य** मंत्रालय पीएम गतिशक्ति अभियान के जरिए ढांचागत संरचना के एकीकृत एवं सक्षम विकास के लिए स्वास्थ्य और पंचायती राज समेत पांच विभागों के साथ संपर्क में काम कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अक्टूबर, 2021 को गतिशक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की थी। इसके माध्यम से देशभर में वस्तुओं की आवाजाही को सुगम बनाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए एकीकृत परिवहन ढांचा खड़ा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग के सचिव अनुराग जैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पीएम गतिशक्ति अभियान ढांचागत विकास परियोजनाओं के लिए अच्छी पहल साबित हुआ है और अब सामाजिक क्षेत्र में भी इसका दायरा बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। जैन ने कहा, हमने हाल ही में सामाजिक क्षेत्र से जुड़े पांच विभागों के साथ भी संपर्क बढ़ाया है ताकि इन क्षेत्रों में कामकाज सुधारने में इस अभियान के असर डालने के तरीके को परख सकें। इन विभागों में स्वास्थ्य और पंचायती राज के अलावा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय भी पीएम गतिशक्ति अभियान से लाभान्वित हो सकता है। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना के बारे में योजना गतिशक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर बनाई जा सकती है। इस पोर्टल के इस्तेमाल से केंद्र एवं राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं के विकास में लगने वाले समय एवं लागत को कम करने में भी मदद मिल रही है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र महत्वपूर्ण

भाषा। नई दिल्ली

**नीति आयोग के** मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परमेश्वरन अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने उत्पादन और प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात बढ़ाने पर भी जोर दिया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सेमिनार को संबोधित करते हुए अय्यर ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में दस्तक देने के लिए एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की सेहत और लोगों के लिए यह क्षेत्र काफी अहम है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों की



नीति आयोग के सीईओ का दावा

आय को गति दे सकता है और साथ ही पोषण लक्ष्यों को हासिल करने में भी मददगार हो सकता है। अय्यर ने कहा कि खेतों के स्तर पर ही प्राथमिक प्रसंस्करण बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मौजूदा वैश्विक स्थिति में महत्वपूर्ण बन गई है और सरकार ने इस संदर्भ में कई कदम उठाए हैं। खाद्य प्रसंस्करण के मोर्चे पर भी उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना समेत कई कदम उठाए गए हैं। अय्यर ने कहा कि मोटा अनाज वर्ष एक महीने से भी कम समय में शुरू होने जा रहा है। ऐसे में मोटे अनाज पर काफी जोर होगा जिसमें अच्छे स्वास्थ्य के अलावा कई सकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने कहा, न केवल आर्थिक नजरिए, बल्कि रोजगार के लिहाज से भी खाद्य प्रसंस्करण महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसमें सर्वाधिक रोजगार सृजित करने वाले एमएसएमई क्षेत्र को भी लाने की जरूरत है। अय्यर ने कहा, भारत से खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने खाद्य पदार्थों की बर्बादी पर चिंता जताई और कहा कि प्रसंस्करण के जरिए इसमें कमी लाए जाने की आवश्यकता है।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, M/s Electronics Corporation of India Limited through its Additional General Manager Shri Manoj Kumar Gupta S/o Shri Kishori Prasad Gupta R/o Flat No. 85, Neelkamal Apartment, Block-H3,Vikas Puri,New Delhi-110018 is the allottee of Office Unit No. D-15, 3rd Floor measuring area 270.80 sq. mtrs., situated at LSC at A-Block, Naraina, New Delhi has applied for conversion of the aforesaid office from lease hold to free hold in DDA. The original Possession Letter, Site & NOC for electricity and water connection of the above office have been lost. An NCR to this effect has lodged in P.S. Crime Branch, vide SO No. 430 /2014.Delhi Police,LR No.589056/2021 dated 18.08.2021. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9654100198 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Director (CE), or Dy. Director (CE), A Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार गुप्ता, ने गांव बेहटा हाजीपुर परगना और एएमपी, तहसील लोनी जिला गाजियाबाद (यूपी) में गली नंबर 1/2, जौहरीपुर एन्क्लेव में स्थित फ्रीहोल्ड आवासीय मकान नंबर ए-103, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज (41.80 वर्ग मीटर), खसरा नं. 845 मीन में से, ब्रिकी विलेख दिनांक 12.11.2018, पंजीकरण सं. 25028 उप पंजीयक IV गाजियाबाद में पंजीकृत के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार गुप्ता ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से संपर्क किया है और वे पंजीकृत वसीयत और एटीएस दोनों को खो चुके हैं, 1) श्री मान सिंह के संबंध में दिनांक 26.05.1995, उक्त संपति उप पंजीयक कार्यालय-IV गाजियाबाद में विधिवत पंजीकृत है जिसका दस्तावेज सं. 9627, खंड सं. 3365, बुक सं. 1, पेज सं. 93/94, दिनांक 17.01.2006 को, 2) श्रीमती रामवती के पक्ष में पंजीकृत वसीयत दिनांक 13.05.1998, 3) श्री अरविंद सिंह (पंजीकरण विवरण के साथ) के पक्ष में श्रीमती लक्ष्मी देवी द्वारा निष्पादित जीपीए दिनांक 25.10.2018 का पंजीकरण विवरण, 4) पंजीकृत वसीयत और एटीएस दिनांक 01.11.2018, 5) पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 12.11.2018 श्री आदेश श्री ए. कुमार गुप्ता (अशोक कुमार गुप्ता) के पक्ष में, जिसका दस्तावेज सं. 25028, खंड सं. 36960, पेज सं. 297/356, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए
पब्लिक कम्पनी को प्राइवेट कम्पनी में परिवर्तित करने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने हेतु विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक, कार्पोरेट मंत्रालय दिल्ली क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के विषय में
तथा
एमजेएच डेवलपर्स लिमिटेड (पूर्व में अल-फतह ब्लॉसम्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के विषय में जिसका पंजीकृत कार्यालय 274-ए, जामिया नगर ओखला, नई दिल्ली-110025 में स्थित है
एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी इसको पब्लिक कम्पनी से प्राइवेट कम्पनी में परिवर्तित करने के संबंध में 01 दिसम्बर, 2022 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में कम्पनी को ऐसे परिवर्तन हेतु सक्षम बनाने के संबंध में पारित विशेष प्रस्ताव के निबन्धनों के अनुसार कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमों के अधीन एक आवेदन क्षेत्रीय निदेशक, कार्पोरेट मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत करने की इच्छुक है।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/कम्पनी की हैसियत से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां संबंधित क्षेत्रीय निदेशक (बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिन के भीतर सुपुर्द कर सकता है अथवा करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके नीचे वर्णित पते पर स्थित पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :
श्री सूफियान अहमद सिद्दीकी
(निदेशक)
एमजेएच डेवलर्प लिमिटेड
(पूर्व में अल-फतह ब्लॉसम्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत पता : 274-ए, जामिया नगर ओखला, नई दिल्ली-110025
complyrubaru@gmail.com
9891705197
तिथि : 03-12-2022
स्थान : नई दिल्ली

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा चुनाव प्रचार के लिए भाजपा के पोस्टर बॉय के रूप में उभरे

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर से भाजपा का एक प्रमुख चेहरा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा चुनाव प्रचार के लिए पार्टी के एक नए पोस्टर बॉय के रूप में उभरे हैं जो सुदूर गुजरात और दिल्ली में इस क्षेत्र से पहले स्टार प्रचारक के रूप में लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। चाहे वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करना हो, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना हो, पीएफआई पर प्रतिबंध हो, राम जन्मभूमि मंदिर का मुद्दा हो, हाल में एक व्यक्ति द्वारा अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या का मामला हो या कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर निशाना साधना हो, सरमा ने चुनावी राज्य गुजरात में दक्षिणपंथी पार्टी के प्रमुख एजेंडे को मुखरता से आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

विशेषज्ञों के अनुसार मवेशी संरक्षण अधिनियम को पारित करना, अल्पसंख्यक जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाने, सरकारी मदरसों को बंद करने और उन्हें सामान्य स्कूलों में बदलने के लिए विशिष्ट नीतिगत उपायों के आह्वान के जरिए वह ध्रुवीकरण की राजनीति के केंद्र में आए हैं। हालांकि उन्होंने खुद को स्टार प्रचारक बताए जाने से इनकार करते हुए कहा कि वह कोई स्टार नहीं हैं, बल्कि पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता हैं और गुजरात के नेता भी चुनाव के दौरान असम जाते हैं।

शर्मा ने गुजरात में एक सप्ताह के भीतर दो बार चुनाव प्रचार किया। उन्होंने प्रचार के दौरान अपने हमले को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर केंद्रित रखा। अपने प्रत्एक प्रचार अभियान में, चाहे गुजरात हो या दिल्ली, उन्होंने एक विशेष समुदाय के लाभ के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने के वास्ते कांग्रेस पर निशाना साधा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा दाढ़ी बढ़ाए जाने पर शर्मा ने यहां तक कह दिया कि राहुल गांधी अपनी दाढ़ी में, इराक के पूर्व तानाशाह सद्दाम हुसैन जैसे दिखते हैं।

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार से जब शर्मा के कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगातार हमले के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए अपने आकाओं को खुश करना होगा। उन्होंने कहा, भाजपा ऐसे समय में ध्रुवीकरण की राजनीति का सहारा ले रही है जब युवा और लोग बेरोजगारी और महंगाई की बात कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक परेश मालाकार ने बताया कि उन्होंने भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे के प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला, लेकिन साथ ही कहा कि उनकी टिप्पणियों को गैर-जिम्मेदार भी माना जा सकता है। असम जातीय परिषद (एजेपी) के महासचिव जगदीश भुइयां ने कहा, गुजरात में इतने सालों तक सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा विकास की बात नहीं कर रही है, बल्कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण में लगी हुई है। शर्मा लोगों को भड़काने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि शर्मा को भाषण देने के लिए नहीं बल्कि निधि प्रबंधन के लिए गुजरात ले जाया गया है। बोरा ने आरोप लगाया, राज्य की भाजपा सरकार ने चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन को लूटा है। भाजपा ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया है। राज्यसभा सदस्य पबित्र मार्गेरिटा ने कहा कि प्रचार कार्य शर्मा की लोगों की नब्ज से जुड़ने की क्षमता, उनकी व्यावहारिक और व्यवहार्य प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करता है, जिसे न केवल क्षेत्र में बल्कि देश के बाकी हिस्सों में भी देखा गया है।

## पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 5 किलो हेरोइन और ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से पांच किलोग्राम हेरोइन के साथ एक ड्रोन बरामद किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के एक संयुक्त अभियान में छह रोटर वाला एक मानव रहित हेक्साकॉप्टर बरामद किया गया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट किया, बीएसएफ के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान में तरनतारन पुलिस ने आधुनिक तकनीक से लैस एक हेक्साकॉप्टर ड्रोन और भारत-पाक सीमा के पास खेतों से 5 किलोग्राम हेरोइन के पैकेट बरामद किए हैं। हेरोइन ड्रोन से ही गिराई गई थी। 28 नवंबर को बीएसएफ ने अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर दो पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया था। दो हेक्साकॉप्टर में करीब 10 किलो हेरोइन थी, जिसे बीएसएफ जवानों ने बरामद किया था।



कोहिमा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ कोहिमा में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों के कब्रिस्तानो की यात्रा में श्रद्धांजलि देते हुए।

## कर्नाटक के सीएम ने अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाने के आरोपों को खारिज किया

**धारवाड़ (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को इस आरोप को खारिज कर दिया कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम जोड़ या हटा सकता है। बोम्मई ने आरोपों पर संवाददाताओं से कहा, यह सब झूठ है। निर्वाचन आयोग ने इस पर ध्यान दिया है। सिर्फ निर्वाचन आयोग द्वारा ही (नामों को) हटाने और जोड़ने का काम किया जाता है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य में मतदाता सूची से अल्पसंख्यक वोटों को हटाया जा रहा है। कांग्रेस ने दावा किया था कि मतदाताओं के अवैध सर्वेक्षण के लिए एक निजी ट्रस्ट को काम पर लगाया गया है और उसके कर्मी अपने आप को सरकारी अधिकारी बताते हैं। पार्टी ने आशंका जताई है कि अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार केवल एक ही बात कहना चाहती है कि जिन इलाकों से ऐसी शिकायतें मिली हैं, वहां निर्वाचन आयोग अपने अधिकारियों से इसकी जांच करवाए।

उनके मुताबिक, एक मतदाता का नाम दो स्थानों से सूची में दर्ज कराकर या फर्जी लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर अवैधता की जा सकती है। बेलगावी में कन्नड़ झंडा लहराने को लेकर एक युवक पर हमला करने की घटना पर बोम्मई ने कहा कि उन्होंने बेलगावी के पुलिस आयुक्त को मामले की जांच करने और मामले से संबंधित तथ्य पेश करने का निर्देश दिया है। बेलगावी को लेकर कर्नाटक का पड़ोसी महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद है। उन्होंने कहा कि अगर युवक पर हमला करने वालों में पुलिस कर्मी शामिल होंगे तो उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

# अब अंडमान-निकोबार के 21 द्वीपों को परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों के नामों से जाना जाएगा

**पोर्ट ब्लेयर।** केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार में 21 निर्जन द्वीपों के नाम, देश के सबसे बड़े युद्धकालीन वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों के नाम पर रखे गए हैं। इन 21 द्वीपों में से 16 उत्तर और मध्य अंडमान जिले में स्थित हैं, जबकि पांच द्वीप दक्षिण अंडमान में हैं। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के सांसद कुलदीप राय शर्मा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में इस कदम का स्वागत किया। केंद्र सरकार ने रक्षा और स्थानीय अधिकारियों की सहायता से इन 21 द्वीप के नाम अलंकृत सैनिकों के नाम पर रखे हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि केंद्र ने हमारे बहादुर सैनिकों को सम्मानित करने के लिए अंडमान के 21 द्वीपों को चुना है। मैं प्रशासन से स्कूली बच्चों के लिए एक छोटी पुस्तिका प्रकाशित करने का भी अनुरोध करना चाहता हूं ताकि वे हमारी मातृभूमि के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान के बारे में अधिक जान सकें। शर्मा ने कहा, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण एक तीर्थ स्थान रहा है और अब परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों का इस तरह सम्मान किया जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

उत्तर और मध्य अंडमान में निर्जन द्वीप संख्या आईएनएएन 370 का नाम मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर रखा गया है। अब आईएनएएन 370 को सोमनाथ द्वीप के नाम से जाना जाएगा। वह परमवीर चक्र से सम्मानित पहले सैनिक थे। शर्मा तीन नवंबर 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे के पास पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के दौरान शहीद हो गए थे। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

इसके अलावा सूबेदार और मानद कैप्टन करम सिंह, मेजर रामा राघोबा राणे, नायक जदुनाथ सिंह, कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह शेखावत, कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल धन सिंह थापा मागर, सूबेदार जोगिंदर सिंह सहनन, मेजर शैतान सिंह भाटी, कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद, लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर, लांस नायक अल्बर्ट एक्का, कर्नल होशियार सिंह दहिया, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों, मेजर रामास्वामी परमेश्वरन, कैप्टन बाना सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय और सूबेदार मेजर संजय कुमार के नाम पर भी द्वीपों के नाम रखे गए हैं।

21 द्वीपों में से कुछ आरक्षित वन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जबकि कुछ में जल क्रीड़ा, क्रीक पर्यटन और मछली पकड़ने की काफी संभावनाएं हैं। आम तौर पर अंडमान और विशेष रूप से सेलुलर जेल ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। 1857 के विद्रोह, वहाबी आंदोलन और बर्मी विद्रोह जैसे विभिन्न ब्रिटिश विरोधी आंदोलनों में भाग लेने वाले लोगों को अंडमान भेज दिया गया था जहां उन्हें बर्बर परिस्थितियों में रखा जाता था। स्वतंत्रता संग्राम के महान दिग्गजों को सेल्युलर जेल की एकान्त कोठरी में कैद कर दिया गया था। करगिल युद्ध के पराक्रमी कर्नल दीप्तांगशु चौधरी ने कहा आज की तेजी से बदलती दुनिया और कठिन प्रतिस्पर्धी जीवन में, युवाओं को हमारी समृद्ध विरासत और अतीत को याद करने का समय नहीं मिलता है। यह पहल भारतीय सेना के जवानों द्वारा किए गए बलिदान का एक प्रमाण है और इससे युवा उनके वीरतापूर्ण कार्यों से अवगत होंगे। ऐसे समय में यह सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश आजादी का अमृत महोत्सव (भारतीय स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का स्मरणोत्सव) मना रहा है।



बोधगया में 17वें अन्तर्राष्ट्रीय तिपिटक जप समारोह में बौद्ध भिक्षुओं ने जुलुस में लिया हिस्सा।

# परेश रावल ने बंगालियों के लिए मछली पकाओगे बयान पर मांगी माफी

**मुंबई।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान अपने भाषण में गैस सिलेंडर, बंगालियों और मछली से संबंधित बयान के लिए अभिनेता परेश रावल ने शुक्रवार को माफी मांगते हुए कहा कि वह अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं का संदर्भ दे रहे थे। सोशल मीडिया पर बंगाली समुदाय और कुछ अन्य लोगों द्वारा इसे लेकर तीखी आलोचना किए जाने के बाद अभिनेता की तरफ से यह माफी मांगी गई है। पूर्व भाजपा सांसद व अभिनेता ने ट्विटर पर लिखा, स्वाभाविक रूप से मछली मुद्दा नहीं है क्योंकि गुजराती मछली पकाते भी हैं और खाते भी हैं। लेकिन मैं स्पष्ट कर दूं कि बंगाली से मेरा आशय अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या से था। लेकिन इसके बावजूद अगर मैंने आपकी भावनाओं व संवेदनाओं को आहत किया हो तो मैं माफी मांगता हूं। टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा इस माफी से बहुत प्रभावित होती नहीं दिखीं।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा, असल में केमछो हंसी मजाक करने वाले व्यक्ति को माफी मांगने की आवश्यकता नहीं है। बंगालियों की तरह मछली पकाने का दूसरा हिस्सा है, बंगालियों की तरह दिमाग रखना। किसी भी दूसरे भारतीय राज्य के मुकाबले कहीं अधिक नोबेल पुरस्कार विजेता, मित्र...। रावल ने बीते मंगलवार को वलसाड जिले में भाजपा की एक रैली में गैस सिलेंडर के दामों का भावनात्मक चुनावी मुद्दा उठाया था। रावल ने कहा, गैस सिलेंडर महंगे हैं, लेकिन इनकी कीमत में कमी आएगी। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। लेकिन क्या होगा अगर रोहिंग्या प्रवासी और बांग्लादेशी दिल्ली की तरह आपके आसपास रहने लगें? गैस सिलिंडर का क्या करोगे? बंगालियों के लिए मछली पकाओगे? गुजरात में 182 सीटों के लिए दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनावों के पहले चरण में बृहस्पतिवार को 89 सीटों के लिए वोट डाले गए जबकि शेष सीटों के लिए दूसरे चरण में पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## उरी में नियंत्रण रेखा के पास हथियार, मादक पदार्थ बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हथियारों व मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना की एक संयुक्त टीम ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के कमलकोट के रेवांड नाला इलाके में नियंत्रण रेखा के आसपास घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान दो एके-74 राइफल, दो एके मैगजीन, 117 कारतूस, दो पिस्तौल और दो मैगजीन मिली हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### भारत में वीजा जारी करने के लिए प्रतीक्षा समय घटाने के वास्ते जबरदस्त प्रयास किए जा रहे हैं: अमेरिका

**नई दिल्ली।** यहां अमेरिकी दूतावास में प्रभारी राजदूत एलिजाबेथ जोन्स ने शुक्रवार को कहा कि भारत में वीजा जारी करने में लंबे समय तक प्रतीक्षा करने की समस्या को हल करने के लिए अमेरिका जबरदस्त प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि वीजा की अधिक मांग के कारण देश में स्थिति विशेष रूप से खराब है। नवनियुक्त राजनयिक ने कहा कि यह मुद्दा वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है और वीजा देने के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के वास्ते शुरू किए जा रहे प्रयासों में वीजा सलाहकारों की भर्ती और प्रशिक्षण शामिल है। भारत में पहली बार वीजा आवेदकों के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं, विशेषकर बी। (व्यवसाय) और बी2 (पर्यटक) श्रेणियों के तहत आवेदन करने वालों के लिए। जोन्स ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वीजा के लिए लंबे इंतजार की समस्या कोरोना वायरस महामारी के कारण शुरू हुई है। उन्होंने कहा, स्थिति भारत में विशेष रूप से खराब है क्योंकि वीजा की मांग बहुत अधिक है। भारत में पहली बार बी1बी2 वीजा आवेदकों की प्रतीक्षा अवधि तीन साल के करीब है। जोन्स ने कहा, हम जानते हैं कि यह बहुत कठिन स्थिति रही है। हम चाहते है कि आप धैर्य रखे... मैं आपको गारंटी दे सकती हूं कि यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है जो वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है और यहां भारत में इस समस्या को हल करने के लिए जबरदस्त प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस साल भारतीय छात्रों को 82,000 वीजा जारी किए।

### एनआईए ने मंगलुरु धमाके की जांच शुरू की

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में 19 नवंबर को एक ऑटो रिक्शा में हुए धमाके की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुरू कर दी है और इसके लिए एजेंसी की तीन टीम शहर आई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादी कृत्य से संबधित सभी दस्तावेज एनआईए को सौंपे जा रहे हैं जिसने औपचारिक रूप से बृहस्पतिवार को मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त एन शशि कुमार ने बताया कि राज्य के पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद के निर्देश पर मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि मामले का आरोपी और संदिग्ध मोहम्मद शारिक का स्वास्थ्य डॉक्टरों द्वारा स्थिर बताए जाने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की थी। उन्होंने बताया कि शारिक ऑटोरिक्शा में रखकर कुकर बम लेकर जा रहा था। ऑटोरिक्शा शहर के बाहरी इलाके नागोरी से गुजर रहा था कि कुकर बम में विस्फोट हो गया और शारिक करीब 40 प्रतिशत जल गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान शारिक ने खुलासा किया कि उसे विदेश से पैसे मिलते थे, उसने डार्क वेब के जरिए खाता खोला था और विदेशी मुद्रा को भारतीय मुद्रा में बदलवाता था। उन्होंने बताया कि शारिक इन रुपयों को विभिन्न खातों में स्थानांतरित करता था। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि उसने मैसुरु में कई लोगों के बैंक खातों में रुपए भेजे थे जिनके आधार पर पुलिस ने मैसुरु में करीब 40 लोगों से पूछताछ की। इस बीच, उडुपी जिले के पुलिस अधीक्षक एच अक्षय मछिंद्र ने पुष्टि की है कि आरोपी शारिक अक्टूबर महीने में जिला स्थित मशहूर श्री कृष्ण मठ गया था। उन्होंने उडुपी में संवाददाताओं को बताया कि पुलिस को पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिली और मंगलुरु पुलिस आगे की जांच के लिए उडुपी आई थी। मछिंद्र ने बताया कि उन्होंने मंगलुरु की घटना के बाद उडुपी जिले के विभिन्न मंदिरों को सुरक्षा देने के लिए जिला उपायुक्त से चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाई जाएगी जो समय-समय पर मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करेगी।

### माकपा ने गुजरात चुनाव में नफरती भाषण के लिए परेश रावल के खिलाफ पुलिस में शिकायत की

**कोलकाता।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद सलीम ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अभिनेता परेश रावल के खिलाफ गुजरात में एक चुनावी रैली में दिए गए बयान को लेकर यहां पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सलीम का आरोप है कि रावल का बयान बंगाली समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण के समान है। माकपा नेता ने ताराटोला थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया के अलग अलग मंचों पर एक वीडियो देखा है, जिसमें अभिनेता ऐसा भाषण दे रहे हैं जो बंगाली समुदाय के खिलाफ नफरत की भावना को भड़का सकता है। सलीम ने कहा कि रावल की टिप्पणियों की वजह से देश के अलग अलग हिस्सों में रहने वाले बंगाल के लोग प्रभावित हो सकते है। माकपा नेता ने दावा किया, सार्वजनिक तौर पर इस तरह के भाषण दंगे भड़काने और देश भर में बंगाली समुदाय और अन्य समुदायों के बीच सद्भाव को नष्ट करने तथा सार्वजनिक उपद्रव पैदा करने के लिए दिए गए हैं। रावल ने अपनी टिप्पणियो के लिए माफी मांगी है।

# अदालती गतिविधियों में क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दें: कानून मंत्री

**भाषा।** चेन्नई

**केंद्रीय कानून** एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को देश में अदालतों की रोजमर्रा संबंधी गतिविधियों में क्षेत्रीय भाषाओं के इस्तेमाल की हिमायत की और कहा कि वह एक भाषा को थोपे जाने के खिलाफ हैं। रीजीजू ने यह भी कहा कि न्याय तक सुलभ पहुंच वक्त की मांग है। तमिलनाडु के डॉ. आंबेडकर विधि विवि (टीएनडीएएलयू) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने तमिलनाडु सरकार की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हमारे प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) हमारी संस्कृति और हमारी भाषा के साथ-साथ देश को आगे ले जाने की प्रतिबद्धता रखते हैं। मैं इस बात पर भी जोर देता रहा हूं कि भारतीय अदालतों और भारतीय कानूनी व्यवस्था में कामकाज संबंधी गतिविधियों में क्षेत्रीय भाषाएं होनी चाहिए।

रीजीजू ने कहा, मैंने पहले ही भारत के प्रधान न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के सभी मुख्य न्यायाधीशों से बात की है कि भविष्य में हमें क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी को यह देखकर गर्व होगा कि उच्च न्यायालय और सभी जिला व अधीनस्थ अदालतों में (भविष्य में) तमिल भाषा केंद्र में हो। मंत्री ने कहा, मैं केवल एक भाषा थोपने का विरोध करता हूं। हमें स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। तमिलनाडु के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आर.एन. रवि और राज्य के कानून मंत्री एस रघुपति सहित अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## ईडी ने धन शोधन मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की उप सचिव को गिरफ्तार किया

**रायपुर।** ईडी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय में तैनात उप सचिव स्तर की अधिकारी सौम्या चौरसिया को राज्य में कथित कोयला ढुलाई घोटाले में धन शोधन की जांच के संबंध में गिरफ्तार किया। राज्य की शक्तिशाली नौकरशाह मानी जाने वाली चौरसिया को संघीय एजेंसी द्वारा पूछताछ के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी को स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाया गया। ईडी ने अक्टूबर में आईएएस के अधिकारी समीर विश्नोई और दो अन्य लोगों को मामले में कई छापे मारने के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी द्वारा आयकर विभाग की एक शिकायत का संज्ञान लेने के बाद शुरू की गई धन शोधन की जांच एक बड़े घोटाले से संबंधित है, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यवसाई, नेता और बिचौलिए के गठजोड़ द्वारा छत्तीसगढ़ में ढुलाई किए गए प्रत्एक टन कोयले से 25 रुपए प्रति टन की अवैध उगाही की गई है।

# राजस्थान में सीएम बाल गोपाल योजना के तहत दूध पीने से 27 छात्राएं बीमार

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ टाऊन में एक राजकीय बालिका विद्यालय में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत दूध पीने से 27 छात्राओं को उल्टी और मिचली आने की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हनुमानगढ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ओ पी चाहर ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत कक्षा एक से आठ तक की छात्राओं को पाउडर का दूध वितरित किया गया था। उनका कहना है कि दूध के पीने के बाद 27 छात्राओं को उल्टी और मिचली आने की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्होंने बताया कि 22 छात्राओं को उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि पांच छात्राओं का उपचार जारी है। पाउडर में मिलाए गए पानी का नमूना जांच के लिए भेजा गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 29 नवंबर को बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण योजना आरंभ की थी जिसके तहत मिड-डे मील कार्यक्रम से लाभान्वित राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, मदरसों एवं विशेष प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्ययनरत पहली से आठवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को पाउडर मिल्क से तैयार दूध मंगलवार और शुक्रवार को उपलब्ध कराया जाएगा। विधानसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी जवाब दें, कुछ दिन पूर्व ही आधी अधूरी तैयारी और आनन फानन में आपके द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत दूध पीने से हनुमानगढ़ में 16 बच्चियों की तबीयत खराब होने का जिम्मेदार कौन है?




1984 के भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते लोग

# जापान ने स्पेन को दी मात, प्री क्वार्टर फाइनल में



भाषा। दोहा

## विश्वकप : दोनों टीमें राउंड 16 के लिए क्वालीफाई

**जापान ने** एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फीफा विश्व कप के ग्रुप ई मैच में यहां स्पेन पर 2-1 की जीत से राउंड 16 के लिए क्वालीफाई किया। 2010 की चैम्पियन स्पेन की टीम हार के बावजूद अगले दौर में पहुंच गई। जापान ने गुरूवार को देर रात हुए मैच में दूसरे हाफ के शुरू में दो दागकर यूरोप की मजबूत टीम को हरा दिया और लगातार दूसरी बार नॉकआउट चरण में जगह बनाई। ऐसा पहली बार है जब जापान लगातार टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे पहुंचने में कामयाब हुआ हो। जापान ने इसी खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप के शुरूआती मुकाबले में जर्मनी को 2-1 से हराकर उलटफेर किया था। ओ टनाका ने दूसरे हाफ के शुरू में काफी करीब से टीम के लिए विजई गोल दागा। अधिकारियो को इस गोल की वीडियो समीक्षा से पुष्टि करने में दो मिनट लगे। जापान की टीम ग्रुप ई में शीर्ष पर रही जिससे अब वह अंतिम 16 के मैच में क्रोएशिया से भिड़ेगी जबकि स्पेन की टीम दूसरे स्थान पर रहने से अगले दौर में पहुंची जिसमें वह मोरक्को के सामने होगी। स्पेन और जर्मनी दोनों के ग्रुप में तीन तीन अंक थे। लेकिन पहले ग्रुप मैच की बदौलत उसका गोल अंतर बेहतर रहा और जर्मनी बाहर हो गई। ग्रुप में दोनों मैचों के दौरान तालिका में उतार चढ़ाव होता रहा। कोस्टा रिका एक समय जर्मनी को हराने की ओर बढ़ रहा था। अगर यही नतीजा रहता तो कोस्टा रिका की टीम स्पेन को बाहर कर देती। स्पेन के लिए अलवारो मोराटा ने 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी जो मैच पर नियंत्रण बनाए थी। लेकिन हाफ टाइम के बाद जापान ने तेजी दिखाई। रित्सु दोआन ने बाएं पैर से बॉक्स के बाहर से लगाए गए शॉट से 48वें मिनट में गोल दागा और जापान ने 1-1 की बराबरी हासिल की। तीन मिनट बाद टनाका ने अपनी टीम आगे कर दिया। स्पेन ने ग्रुप चरण की शुरूआत कोस्टा रिका को 7-0 से हराकर की थी और फिर जर्मनी से 1-1 से ड्रा खेला था। जापान की टीम रूस में अंतिम 16 में बेल्जियम से हारकर बाहर हुई थी। टीम विश्व कप में कभी भी राउंड 16 से आगे नहीं पहुंची है।

### जापान के कोच मोरियासू ने कहा, 1993 के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच की याद आई

**अल रेयान।** जापान के कोच हाजिमे मोरियासू ने स्पेन पर जीत से नॉकआउट दौर में पहुंचने के बाद कहा कि जैसे जैसे मैच खत्म हो रहा था, वह कतर में 1993 में इराक के खिलाफ क्वालीफाइंग मैच के बारे में सोच रहे थे जिसमें हार से उनकी टीम पहली बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से महरूम रह गई थी। तब वह जापान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में मिडफील्डर थे और अब वह टीम के कोच हैं तो उन्होंने एक तरह से उस प्रदर्शन की भरपाई की। जापान ने गुरूवार रात खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में 2010 की चैम्पियन स्पेन पर 2-1 से जीत दर्ज की। पिछले हफ्ते टीम ने 2014 चैम्पियन जर्मनी को इसी स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। दोहा में 29 साल पहले के मैच में बारे में याद करते हुए मोरियासू ने कहा, मैच खत्म होने से एक मिनट पहले मुझे दोहा की दुखद घटना याद आ गई थी। दोहा में 1993 में अंतिम क्वालीफायर में जापान 2-1 से बढ़त बनाए थी।

# जर्मनी विश्व कप से बाहर

### कोस्टा रिका पर जीत के बावजूद नहीं मिला लाभ



**अल खोर (कतर)।** चार बार की चैम्पियन जर्मनी की टीम गुरूवार को रात यहां कोस्टा रिका पर 4-2 की जीत के बावजूद लगातार दूसरे फीफा विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। यह जीत भी जर्मनी को राउंड 16 में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। ग्रुप में जापान की स्पेन पर 2-1 की जीत से ए दोनों टीमें ही अगले दौर में पहुंची। जापान ग्रुप ई में शीर्ष पर रहा। जर्मनी के कोच हांसी फ्लिक ने कहा, मैं चेजिंग रूम में था क्योंकि आप सोच सकते हैं कि निराशा इतनी ज्यादा है। पिछले विश्व कप में गत चैम्पियन के तौर पर भी जर्मनी की टीम ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। जर्मनी को कतर में अपने शुरूआती मैच में जापान से हार मिली थी और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिए अल बायत स्टेडियम में जीत के अलावा दूसरे मैच के नतीजे के अपने हक में आने की जरूरत थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगर स्पेन की टीम जापान को हरा देती तो जर्मनी की टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहती। सर्गे गनाब्री ने 10वें मिनट में हेडर से गोल कर जर्मनी को आगे कर दिया था। और दिलचस्प बात है कि ग्रुप के दूसरे मैच में भी दोहा में स्पेन ने खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में जापान के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन ग्रुप के दोनों ही मैचों का नतीजा दूसरे हाफ में बदल गया। एल्टसिन तेजेदा ने 58वें मिनट में गोल कर कोस्टा रिका को बराबरी पर ला दिया। फिर 70वें मिनट में जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नुएर के आत्मघाती गोल से कोस्टा रिका ने 2-1 से बढ़त बना ली। लेकिन जर्मनी के स्थानापन्न खिलाड़ी काइ हावर्ट्ज ने तीन मिनट बाद स्कोर 2-2 करने में मदद की और फिर 85वें मिनट में टीम को 3-2 से आगे कर दिया। जर्मनी के एक और स्थानापन्न खिलाड़ी निकलास फुलक्रुग ने 89वें मिनट में चौथा गोल किया। जापान की टीम छह अंक लेकर ग्रुप ई में शीर्ष पर रही। वह स्पेन और जर्मनी दोनों से दो अंक आगे थी। स्पेन ने बेहतर गोल अंतर की बदौलत राउंड 16 में जगह बनाई जिसमें उसकी कोस्टा रिका पर 7-0 की जीत ने अहम भूमिका अदा की। अब स्पेन का सामना राउंड 16 में मोरक्को से होगा जबकि जापान की भिड़ंत क्रोएशिया से होगी। जर्मनी को स्पेन के बराबर आने के लिए पांच और गोल की जरूरत थी। यह मैच इसलिए भी अहम रहा क्योंकि फ्रांस की स्टेफनी फ्रापार्ट पुरूष विश्व कप में रैफरिंग करने वाली पहली महिला रैफरी बनीं।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए नीदरलैंड के सामने अमेरिका की चुनौती

**दोहा।** नीदरलैंड फुटबॉल विश्व कप के पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में शनिवार को यहां जब मैदान मे उतरेगा तो उसके सामने अमेरिका की मजबूत चुनौती होगी। अमेरिका के कोच ग्रेग बेरहल्टर को नीदरलैंड के खेल की अच्छी समझ है क्योंकि वह 28 साल पहले वही पेशेवर खिलाड़ी बने थे। अमेरिका की टीम 2002 के बाद कभी विश्व कप क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने में विफल रही है। टीम 2010 और 2014 में अतिरिक्त समय तक चले मैच में क्रमशः घाना और बेल्जियम से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। टीम 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने मे नाकाम रही। बेरहल्टर ने कहा, हम जिस स्थिति में है उसके हकदार है और इसे जारी रखना चाहते है। हमारे लिए पिछले मैच की थकान से उबर कर एक मजबूत टीम के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करना जरूरी है। नीदरलैंड और अमेरिका ने पांच बार एक दूसरे का आमना सामना किया है। यह सभी मुकाबले मैत्री मैच रहे है जिसमें नीदरलैंड ने चार मे जीत दर्ज की है जबकि एक मुकाबला अमेरिका के नाम रहा है। नीदरलैंड 1974, 1978 और 2010 में विश्व कप की उप विजेता रहा है लेकिन टीम 2018 मे क्वालीफाई करने मे विफल रही थी। मौजूदा विश्व कप मे टीम ने सेनेगल और कतर को 2-0 के समान अंतर से हराया जबकि इक्वाडोर के खिलाफ मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। टीम के खिलाड़ी कोडी गोक्पो शानदार लय मे है जिन्होंने इस तीनो मैचो को गोल दागे है। नीदरलैंड के कोच लुईस वान गाल ने कहा, टीम यहां विश्व चैम्पियन बनने आई है। हमारे लिए अंमित-16 या अंतिम आठ मे पहुंचना काफी नही है। मैच भारतीय समय के अनुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और उलटफेर से बचना चाहेंगे मेस्सी और अर्जेंटीना



**दोहा।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी और अर्जेंटीना टीम शनिवार देर रात (साढ़े 12 बजे) फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भी तरह की आत्ममुग्धता से बचना चाहेगी ताकि फिर टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार न हो जाए। वही आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियो के लिए मेस्सी जैसे धुरंधर के साथ मैदान पर खेलना किसी करिश्मे से कम नही है। वे इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित है। वे कैसा महसूस कर रहे होगे, इसका अंदाजा भी नही लगाया जा सकता। उनके फॉरवर्ड मैथ्यू लेकी ने मेस्सी के बारे मे कहा, वह (मेस्सी) ऐसी चीजे करते है जो कोई और नही कर सकता। डिफेंडर मिलोस डेजेनेक ने तो यहां तक कहा, शायद, वह खेल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर है। आस्ट्रेलियाई टीम के इस चरण से पहले ही स्वदेश लौटने की उम्मीद थी लेकिन अब वे दोहा मे विश्व कप मे एक और ताजा उलटफेर करने की कोशिश मे हैं। इस विश्व कप मे उलटफेर भरे नतीजो की भरमार रही है जिसमें सऊदी अरब ने अर्जेंटीना को हराकर टूर्नामेंट के 92 वर्ष के इतिहास का शायद सबसे बड़ा उलटफेर किया। पिछले दो हफ्तो मे जापान ने जर्मनी और स्पेन को हराकर जबकि मोरक्को ने बेल्जियम को और ट्यूनीशिया ने फ्रांस को हराकर उलटफेर किया। यहां यह नही भूलना चाहिए कि कि आस्ट्रेलिया ने भी डेनमार्क को हराकर उलटफेर किया। अब वे इस सूची में एक और नतीजा जोड़ना चाहेंगे। लेकी ने कहा, कोई भी हमसे जीतने की उम्मीद नही करता। इसलिए चलो दुनिया को चौकाते है। हालांकि अर्जेंटीना की टीम ग्रुप चरण में सऊदी अरब से मिली हार के बाद आत्ममुग्ध नही होगी। मेस्सी अपने पांचवे और संभवतः अंतिम विश्व कप में जीत से अलविदा कहना चाहेंगे। उन्होंने कहा, हम जानते है कि इस समय सबकुछ काफी मुश्किल है। सभी प्रतिद्वंद्वी मुश्किल होगे। हमारे साथ सभी यह जानते है। एक हफ्ते पहले सऊदी अरब से हार के बाद अर्जेंटीना की टीम आत्ममंथन के दौर से गुजर रही थी और मेक्सिको के खिलाफ एक घंटे तक गोल नही कर पाने के बाद उसके एक मैच रहते ग्रुप चरण से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। पर अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी को अंत मे कतर मे जीत का फॉर्मूला मिल गया है। टीम ने मेक्सिको को और पोलैंड को 2-0 से हराकर ग्रुप मे शीर्ष टीम के तौर पर नॉकआउट दौर में प्रवेश किया।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी२० श्रृंखला के लिए पूजा बाहर, देविका की वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय आलराउंडर पूजा वस्त्राकर चोट के कारण मुंबई मे नौ दिसंबर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए टीम में जगह नही बना सकी जबकि चयनकर्ताओं ने शुक्रवार को अनकैप्ड बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी को इसमें शामिल किया। पूजा ने रायपुर मे महिला टी20 चैलेंजर में भारत सी टीम की अगुआई की थी।

### निशानेबाजी में सरबजोत ने जीता दो स्वर्ण

**नई दिल्ली।** हरियाणा के सरबजोत सिंह ने 65वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप मे शुक्रवार को टीम स्पर्धा मे शानदार प्रदर्शन करने के साथ व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल मे भी शीर्ष स्थान हासिल कर दो स्वर्ण पदक जीते। भोपाल स्थित एमपी निशानेबाजी अकादमी परिसर मे सरबजोत ने व्यक्तिगत मुकाबले के स्वर्ण पदक मैच मे वायु सेना के गौरव राणा को 16-4 से हराया। टीम स्पर्धा मे उनकी, सुमित रमन और अनमोल जैन की तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### अस्वस्थ महसूस करने के बाद अस्पताल पहुंचे पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को पर्थ मे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अस्वस्थ हो गए और उन्हे अस्पताल ले जाना पड़ा। मीडिया रिपोर्टो के अनुसार 47 वर्षीय पोंटिग ऑप्टस स्टेडियम मे कमेंट्री कर रहे थे जब उन्होने अस्वस्थ महसूस किया और एहतियात के तौर पर लंच के समय दिल की जांच करने के लिए उन्हे अस्पताल ले जाया गया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की टीम के चिकित्सक लीग गोल्डिंग उन्हे अस्पताल लेकर गए क्योंकि वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे।

### डैन की उपलब्धि का अनुकरण करना चाहता हूं: भगत

**नई दिल्ली।** पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत विश्व चैम्पियनशिप मे पांच एकल खिताब जीतकर महान खिलाड़ी लिन डैन की उपलब्धि का अनुकरण करने के साथ 2024 पेरिस खेलो मे पोडियम मे शीर्ष स्थान हासिल करना चाहते है। भारत के 34 साल के खिलाड़ी ने पिछले महीने तोक्यो मे पुरूष एकल एसएल3 क्लास में अपना चौथा विश्व खिताब हासिल किया। इस खिताब से उनके विश्व चैम्पियनशिप मे कुल पदको की संख्या 11 हो गई जिसमें सभी वर्गो मे छह स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल है।

# सौराष्ट्र बना विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन

- महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराया
- जैक्सन की नाबाद शतकीय पारी

भाषा। अहमदाबाद



**अनुभवी बल्लेबाज** शेल्डन जैक्सन की नाबाद 133 रन की पारी के दम पर सौराष्ट्र ने शुक्रवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। सौराष्ट्र की इस जीत में जैक्सन के अलावा हरफनमौला चिराग जानी से भी गेंद और बल्ले से यादगार योगदान दिया। उन्होंने पहली पारी के 49वें ओवर में हैट्रिक विकेट चटकाने के बाद नाबाद 30 रन की पारी खेली। उन्होंने जैक्सन के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी की। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर महाराष्ट्र की टीम कप्तान रुतुराज की लगातार तीसरी शतकीय पारी (131 गेंद में 108 रन) के बावजूद नौ विकेट पर 248 रन ही बना सकी। सौराष्ट्र ने 21 गेंद शेष रहते पांच विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया। सौराष्ट्र की टीम 2007-08 के बाद दूसरी बार इस टूर्नामेंट की चैम्पियन बनी है। मैच का विजई चौका जड़ने वाले जैक्सन ने 136 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और 12 चौके जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए हार्विक (50 रन) के साथ 125 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए जैक्सन और देसाई ने बिना जोखिम लिए खेलते हुए स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। मैन ऑफ द मैच जैक्सन ने 17 ओवर में सत्यजीत की गेंद पर एक रन लेकर अपना पचासा पूरा किया फिर 21 ओवर में देसाई के एक रन के साथ दोनों की शतकीय साझेदारी पूरी हुई। अधिक सतर्कता के साथ खेल रहे देसाई ने 25वें ओवर में राजवर्धन के खिलाफ दो चौके लगाकर 61 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### जितना संभव हो प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करता हूं: गायकवाड

**अहमदाबाद।** बेहतरीन फॉर्म मे चल रहे महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड ने शुक्रवार को कहा कि वह जितना संभव हो अपने प्रदर्शन मे निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करते है और अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर मे बदलने पर ध्यान देते है। गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी मे पांच पारियो मे चार शतक लगाए जिसमे एक दोहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने कुल 660 रन बनाए। सौराष्ट्र की फाइनल मे महाराष्ट्र पर पांच विकेट की जीत के बाद प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए गायकवाड ने कहा, मै केवल अपने खेल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा हूं। मै वर्तमान मे जीता हूं और अच्छे शुरुआत को बड़े स्कोर मे बदलने पर ध्यान देता हूं। मै जितना संभव हो अपने प्रदर्शन मे निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करता हूं।

## सौरभ कुमार के नौ विकेट के बावजूद बांग्लादेश ए ने भारत ए से मैच ड्रॉ कराया

भाषा। कॉक्स बाजार (बांग्लादेश)



**बाएं हाथ के स्पिनर** सौरभ कुमार बांग्लादेश ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में नौ विकेट झटककर आगामी टेस्ट श्रृंखला में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर उभरे लेकिन टीम शुक्रवार को चौथे दिन महज एक विकेट के अंतर से पारी की जीत दर्ज करने से चूक गई। भारत ए ने पहली पारी में 353 रन की बढ़त हासिल की थी। बांग्लादेश ए की टीम 151 ओवर तक संघर्ष किया और नौ विकेट पर 343 रन बनाकर मैच ड्रॉ कराने में सफल रही। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले सौरभ ने दूसरी पारी में भी अच्छी गेंदबाजी की और 43 ओवर में 63 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। ऑफ स्पिनर जयंत यादव ने 47 ओवर में 134 रन खर्च कर एक विकेट लिया। हरियाणा के इस गेंदबाज की असरहीन गेंदबाजी के कारण कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने सरफराज खान से भी गेंदबाजी कराई जिन्होंने आठ ओवर में 20 रन देकर एक विकेट लिया। बांग्लादेश ए के लिए जाकिर हसन ने 402 गेंद की मैराथन पारी में 173 रन बनाए। उन्होंने साढ़े 10 घंटे से अधिक बल्लेबाजी की और आठवें बल्लेबाज के तौर पर आउट होने से पहले एक छोर को संभाले रखाा। उन्होंने आठवें विकेट के लिए नईम हसन (45 गेंद में पांच रन) के साथ 15.4 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को विकेट से दूर रखा। इसके बाद 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाज राजौर रहमान राजा (16 गेंद में पांच रन) और खालिद अहमद (दो गेंद में नाबाद शून्य) आखिरी के 14 गेंदों पर क्रीज पर टिके रहे।

### मार्श टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने तक बाहर, भारत में टेस्ट नहीं खेल पाएंगे

भाषा। मेलबर्न

**आस्ट्रेलियाई** आल राउंडर मिशेल मार्श अपने बाएं टखने की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। मार्श के तीन महीने तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। इस 31 साल के आल राउंडर की कीहोल सर्जरी की गई। आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि उन्हें विश्व कप से पहले मार्च में भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। बेली ने एक बयान में कहा, मिशेल हमारी टीम का अहम सदस्य है और हम इस उबरने की प्रक्रिया के समय में उनका सहयोग करेंगे और हमें उम्मीद है कि वह मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलियाई चयन के लिए उपलब्ध होंगे। मार्श के अलावा आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी इस टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।

### इंद्रजीत रणजी में तमिलनाडु की अगुवाई करेंगे

**चेन्नई।** बल्लेबाज बाबा इंद्रजीत रणजी ट्रॉफी के आगामी सत्र में तमिलनाडु की कमान संभालेंगे जबकि बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर टीम के उपकप्तान होंगे। तमिलनाडु के चयनकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को घोषित टीम में बल्लेबाज अफ्फान खादर, स्पिनर अजीत राम और तेज गेंदबाज त्रिलोक नाग जैसे नए चेहरे शामिल हैं। चोट के कारण सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंटों में टीम से बाहर रहे अनुभवी हरफनमौला विजय शंकर की टीम में वापसी हुई है। तमिलनाडु को आक्रामक बल्लेबाज एम शाहरुख खान की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। तमिलनाडु क्रिकेट संघ के मानद सचिव आर आई पलानी ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर जब चयन के लिए उपलब्ध होंगे तब टीम से जुड़ेंगे। तमिलनाडु अपना पहला मैच 13 दिसंबर को हैदराबाद के खिलाफ खेलेगा। टीम को इसके बाद आंध्र (20 दिसंबर) और दिल्ली (27 दिसंबर) का सामना करना है। शुरुआती तीन मैचों के लिए तमिलनाडु की टीम : बाबा इंद्रजीत (कप्तान), आर साई किशोर (उप-कप्तान), बाबा अपराजित, बी साई सुदर्शन, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

## ब्रावो आईपीएल के आगामी सत्र के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी कोच बने

भाषा। चेन्नई



**वेस्टइंडीज के** दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो को 2023 सत्र पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल के शुरुआती तीन सत्र में मुंबई इंडियन्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद ब्रावो 2011 से चेन्नई टीम के अहम सदस्य रहे है। वह गेंदबाजी कोच के तौर पर लक्ष्मीपति बालाजी की जगह लेंगे जो व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के कारण एक साल का ब्रेक ले रहे हैं। सीएसके से जारी बयान में ब्रावो ने कहा, मैं इस नए सफर का इंतजार कर रहा हूं क्योंकि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं खिलाड़ी के तौर पर करियर खत्म होने के बाद करना चाहता था। मुझे गेंदबाजों के साथ काम करने में मजा आता है और मैं इस भूमिका को लेकर उत्साहित हूं। खिलाड़ी से लेकर कोच बनने के सफर तक मुझे नहीं लगता कि मुझे ज्यादा सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। जब मैं खेल रहा होता हूं, तो मैं हमेशा गेंदबाजों के साथ काम करता हूं और बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने के लिए योजना बनाने पर ध्यान देता हूं। फर्क सिर्फ इतना है कि मैं अब मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर नहीं खड़ा रहूंगा।

### बीसीसीआई आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम लागू करने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों को रणनीतिक लचीलापन प्रदान करने की अपनी कोशिश में इम्पैक्ट प्लेयर प्रणाली शुरू करने के लिए तैयार है। इस नियम के तहत कप्तान मैच के दौरान अंतिम एकादश के किसी खिलाड़ी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी को टीम मे शामिल कर सकता है। बीसीसीआई ने अक्टूबर मे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के दौरान इस प्रणाली का परीक्षण किया था और राज्य की टीमों ने इस कदम का स्वागत किया था। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के मुताबिक आईपीएल संचालन समिति (जीसी) ने इस मामले पर गुरुवार शाम को चर्चा की थी। इंपैक्ट प्लेयर के संबंध में फ्रेंचाइजी को पहले ही सूचना दे दी गई है। आईपीएल फ्रेंचाइजी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इस मामले पर आईपीएल जीसी की बैठक मे चर्चा की गई और बीसीसीआई जल्द ही इसका ब्योरा साझा करेगा।

### इंग्लैंड के रिकॉर्ड 657 रन के जवाब में पाक की ठोस शुरुआत

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के रिकॉर्ड 657 रन के जवाब में शुक्रवार को यहां बिना किसी नुकसान के 181 रन बना कर ठोस शुरुआत की। दूसरे दिन स्टंप्स के समय अब्दुल्लाह शफीक 89 और इमाम उल हक 90 रन बल्लेबाजी कर रहे थे। दोनों ने पारी के 29वें ओवर में शतकीय साझेदारी पूरी की और दिन में 51 ओवर की बल्लेबाजी के दौरान इंग्लैंड के गेंदबाजों को विकेट लिए तरसाए रखा। शफीक ने इस दौरान 158 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए जबकि इमाम ने 148 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया।

### स्टार्क और कमिंस के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

**पर्थ।** तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस ने शुक्रवार को यहां तीन-तीन विकेट लेकर वेस्टइंडीज को पहली पारी में 283 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई जिससे ऑस्ट्रेलिया पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में मजबूत स्थिति में पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 598 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसने वेस्टइंडीज को फॉलोआन नहीं दिया और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 29 रन बनाए।

## यूपी योद्धाज ने यू मुंबा को 38-28 से हराया

**हैदराबाद।** प्रदीप नारवाल के शानदार खेल की बदौलत यूपी योद्धाज ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के एक मैच में शुक्रवार को यहां यू मुंबा को 38-28 से पराजित किया। नारवाल जहां 13 अंक बनाकर यूपी योद्धाज की जीत के नायक रहे वहीं रोहित तोमर ने आठ और सुमित ने चार अंक बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। यूपी योद्धाज ने शुरू से आक्रामक तेवर अपनाए जिसका उसे फायदा मिला।

## एशिया कप अगर पाकिस्तान से बाहर हुआ तो नही लेगें भाग: रमीज

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने शुक्रवार को कहा कि अगर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) टूर्नामेंट को स्थानांतरित करने का फैसला करती है तो पाकिस्तान एशिया कप से हट जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा था कि भारत अगले साल एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। जिसके बाद पीसीबी ने भारत में होने वाले विश्व कप से हटने की धमकी दी थी। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआत टेस्ट के दूसरे दिन मीडियाकर्मियों से बात करते हुए रमीज ने कहा कि पाकिस्तान एशिया कप को देश से बाहर ले जाने को सिर्फ इसलिए स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि भारत यहां का दौरा नहीं कर सकता। अगर ऐसा है, अगर भारत पाकिस्तान नहीं आ सकता है, तो हमारे पास एशिया कप में नहीं खेलने का विकल्प है। भारत ने आखिरी बार एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए साल 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था। रमीज ने इससे पहले धमकी दी थी कि अगर भारत किसी भी कारण से पाकिस्तान दौरे से बचना जारी रखता है तो पाकिस्तान अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं करेगा। जब दुनिया की सभी बड़ी टीमें पाकिस्तान का दौरा कर रही और उन्हें सहज महसूस करने के लिए राजनयिक स्तर की सुरक्षा दी जा रही। ऐसे में भारतीय टीम के पास पाकिस्तान दौरे पर नहीं आने का ठोस कारण नहीं है। मुझे नहीं पता कि भारत आएगा या नहीं आएगा तो क्या होगा, लेकिन हम नहीं चाहते कि टूर्नामेंट पाकिस्तान से बाहर हो। अगर ऐसा होता है, तो हम पूरी तरह से इस आयोजन से हटने पर विचार करेंगे।